# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, शुक्रवार 29 अगस्त 2025 • भाद्रपद शुक्ल पक्ष 06, संवत 2082 • रांची एवं पटना से प्रकाशित • वर्ष : 3, अंक : 142 • मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12


**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.6 | 22.2 |
| डालटनगंज | 32.8 | 24.2 |
| धनबाद | 31.1 | 25.1 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

## ब्रीफ न्यूज

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 2 सितंबर को

**रांची।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार की कैबिनेट की बैठक 2 सितंबर मंगलवार को को अपराह्न 2.30 बजे आयोजित की जाएगी. यह जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा दी गई है. कैबिनेट की बैठक झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी. भारी वर्षा से जुड़े मामले में कई अहम निर्णय लिए जा सकते हैं.

### पीएम मोदी जापान रवाना, चीन भी जाएंगे

**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार शाम जापान की यात्रा पर रवाना हो गए. पीएम टोक्यो में दूसरे विश्व युद्ध की समाप्ति की 80वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में शामिल होंगे. इस क्रम में वे 15वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन का हिस्सा बनेंगे. पीएम जापान के बीद चीन जाएंगे. वे चीन में एससीओ की 25वीं बैठक में शामिल होंगे. मोदी 28 अगस्त से 1 सितंबर तक जापान और चीन की यात्रा पर रहेंगे.

### एलओसी पर मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर

**जम्मू।** उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा ज़िले में एलओसी से सटे गुरेज़ सेक्टर के नौशेरा में गुरुवार तड़के भारतीय सेना ने सीमा पार से घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो आतंकियों को मारकर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम बना दिया. अधिकारी ने बताया कि पुलिस को घुसपैठ का इनपुट मिला. इसके बाद संयुक्त अभियान के दौरान उन्होंने आतंकियों को ललकारा लेकिन उन्होंने फायरिंग कर दी. फिर मुठभेड़ में दो आतंकियों को मार गिराया गया.

### पितृ पक्ष 7 सितंबर से 21 को होगी समाप्ति

**रांची।** पितृ पक्ष आगामी 7 सितंबर से शुरू हो रहे हैं. पितृ पक्ष भाद्रपद महीने के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि से शुरू होते हैं और अमावस्या तिथि को समाप्त होते हैं. मान्यता है कि श्राद्ध-तर्पण व पिंडदान करने से पूर्वजों की आत्मा को शांति मिलती है और पूर्वज प्रसन्न होकर परिजनों का कल्याण करते हैं. इस बार पितृपक्ष 7 सितंबर से शुरू होकर 21 सितंबर तक चलेंगे. आचार्यों के मुताबिक जिस तिथि को जिसकी मृत्यु होती है, पितृपक्ष में उसी तिथि को उसका श्राद्ध या तर्पण किया जाता है.

### छग में 30 नक्सलियों ने किया साथ सरेंडर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले 30 नक्सलियों ने गुरुवार को सरेंडर कर दिया है. इन नक्सलियों में 20 पर 79 लाख रुपये का इनाम था. इनमें नौ महिला नक्सली भी शामिल हैं. बीजापुर के एसपी जितेंद्र यादव ने कहा कि सभी नक्सलियों ने वरिष्ठ पुलिस और सीआरपीएफ अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया. सरेंडर करने वाले में नक्सलियों सोनू हेमला उर्फ कोरोटी भी शामिल है. वह संभागीय समिति का सदस्य था. उस पर 8 लाख और उसकी पत्नी सुकड़ी गावड़े पर 2 लाख रुपये का इनाम था.

---

**बनते-बिगड़ते समीकरणः** बिहार विधानसभा चुनाव में हिंदुत्व पॉलिटिक्स की धुरी बनेगा पुनौरा धाम!

# अमित शाह और नीतीश कुमार के बाद राहुल व तेजस्वी ने टेका माथा

शुभम संदेश डेस्क

बिहार का सीतामढ़ी जिला सियासी चर्चा के केंद्र में है. हिंदू मान्यता के मुताबिक, भगवान राम की पत्नी सीता का जन्म यहीं हुआ था. विधानसभा चुनाव की तपिश के बीच सीतामढ़ी में मां जानकी की जन्मस्थली 'पुनौरा धाम' बिहार की सियासत का धुरी बन गया है, जहां हर दल के प्रमुख नेता माथा टेकने के लिए पहुंच रहे हैं.

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दो साल पहले अयोध्या की तरह 'पुनौरा धाम' को सुंदर और विकसित करने का ऐलान किया था. वहीं, गृहमंत्री अमित शाह ने हाल ही में पुनौरा धाम स्थित माता सीता के भव्य मंदिर के निर्माण की आधारशिला रखी है. कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव की 'वोट अधिकार यात्रा' सीतामढ़ी पहुंची तो दोनों ही ने माता सीता के मंदिर जाकर माथा टेका और पूजा अर्चना कर सियासी संदेश देते नजर आए. इस तरह माता सीता के जरिए सियासी समीकरण साधने का दांव चला जा रहा है.

**नीतीश-शाह का पुनौरा धाम दांव :** पुनौरा धाम बिहार के प्रमुख तीर्थ स्थलों में गिना जाता है. इसके विकास के लिए सीएम नीतीश कुमार और अमित शाह ने खजाने खोल दिए हैं. अयोध्या की तर्ज पर ही पुनौरा धाम का विकास करने की रूपरेखा बनाई गई है. 2024 में अमित शाह ने सीतामढ़ी में ऐलान किया था कि अयोध्या में जिस तरह भगवान राम के भव्य मंदिर का निर्माण किया गया है, उसी तर्ज पर सीतामढ़ी में माता सीता का मंदिर बनाया जाएगा. बिहार चुनाव से ठीक पहले अमित शाह और नीतीश ने 8 अगस्त को पुनौरा धाम में माता सीता के भव्य मंदिर का शिलान्यास कर वादे को अमलीजामा पहनाने का काम किया. इसके जरिए उन्होंने पूरी मिथिला में सियासी संदेश देने की रणनीति अपनाई है.

**माता सीता के दर राहुल-तेजस्वी:** शाह-नीतीश ने माता सीता के मंदिर की आधारशिला रखकर संदेश देने के साथ-साथ मिथिलांचल को साधने का दांव चला तो राहुल गांधी और तेजस्वी यादव भी माता सीता के दर पर दस्तक दिए. वोट अधिकार यात्रा सीतामढ़ी पहुंची तो गुरुवार को तेजस्वी व राहुल मां जानकी के मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने पूजा-अर्चना की. हालांकि, वो मां सीता की जन्मस्थली पुनौरा धाम नहीं गए. सीतामढ़ी से पुनौरा धाम की दूरी मात्र 2 किलोमीटर है. ऐसे में सीतामढ़ी शहर में स्थित मां जानकी के मंदिर में दर्शन कर बीजेपी की हिंदुत्व की पॉलिटिक्स को काउंटर करने की रणनीति बनाई है. विपक्ष को अल्पसंख्यकों का वोट मिलेगा ही. धार्मिक स्थानों पर लोग जितना जा रहे हैं, उतना पहले नहीं जाते थे. यह दिखाता है कि अगर आपको हिंदुओं का वोट भी चाहिए, तो यह सब करना होगा. राहुल और तेजस्वी ने माता सीता के मंदिर में माथा टेक कर हिंदू समुदाय को संदेश दिया है, क्योंकि बीजेपी उन्हें हिंदू विरोधी और मुस्लिम परस्त बताने में जुटी है.



### बिहार की जंग फतह करने का प्लान

बिहार में बीजेपी नीतीश को साथ रखते हुए भी हिंदुत्व के एजेंडे पर सियासी बिसात बिछाने में जुटी है. हिंदुत्व की पिच पर बीजेपी को मात देना आसान नहीं होता. इसीलिए बीजेपी हिंदुत्व के एजेंडे को धार देकर अपने कार्यकर्ता में जोश भरने और बहुसंख्यक वोटर्स को साधने का हर दांव चल रही है. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राम मंदिर की तर्ज पर सीता के मंदिर की आधारशिला रखकर बड़ा दांव चला है. बीजेपी की पूरी रणनीति हिंदुत्व के जरिए जातियों में बिखरे हुए हिंदू वोटों को एकजुट करने की है, क्योंकि बिहार में जाति की राजनीति का बोलबाला रहा है. ऐसे में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने वोटर अधिकार यात्रा के जरिए जमीन पर बीजेपी के खिलाफ माहौल बनाने में जुटे हुए हैं. इतना ही नहीं, राहुल-तेजस्वी अपनी यात्रा के जरिए सिर्फ चुनाव आयोग को कठघरे में ही नहीं खड़ा कर रहे हैं बल्कि उनके रूट में पड़ने वाले मंदिरों में माथा टेक कर बीजेपी के सियासी नैरेटिव को भी तोड़ने का दांव चल रहे हैं. इसी कड़ी में माता सीता के मंदिर जाकर दर्शन और पूजा-अर्चना कर सियासी संदेश देते नजर आए. राहुल ने माता सीता के दर्शन के बाद कहा कि बीजेपी और चुनाव आयोग के 'वोट चोरी' और 'संविधान बचाने' को लेकर जनता के संग लड़ाई जारी रखेंगे. राहुल ने कहा कि अंबेडकर ने हमें जो संविधान दिया है, वह पवित्र किताब है. संविधान ने ही दलितों को सम्मान और स्वाभिमान से जीने का अधिकार दिया है, लेकिन बीजेपी के लोग ये अधिकार आपसे छीनना चाहते हैं.

---

**मॉनसून सत्र का समापनः** विधानसभा में हेमंत सोरेन का विपक्ष पर बड़ा आरोप

# जनता को हमारे खिलाफ भड़काने के लिए भाजपा कर रही है फंडिंग

शुभम संदेश। रांची



विधानसभा के पूरक मॉनसून सत्र के समापन भाषण में गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने संबोधन में विपक्ष पर जमकर हमला किया. कहा कि बीजेपी इतनी गंदी राजनीति कर रही है कि अंदाजा नहीं लगा सकते. इन लोगों ने बैठकों में षडयंत्र रचे हैं. रांची में फ्लाईओवर को लेकर राजनीतिक दुकानें खोली गईं.

अब रिम्स टू के नाम पर राजनीतिक रोटियां सेंकी जा रही हैं. राज्य की जनता को सरकार के खिलाफ करने के लिए ये लोग फंडिंग भी कर रहे हैं. उन्होंने बीजेपी को ठगों की जमात बताते हुए संवैधानिक संस्थाओं को खरीदने का आरोप लगाया. मुख्यमंत्री ने कहा, विपक्ष के साथियों को देख कर चिंता और आश्चर्य होता है. विपक्ष मुद्दाविहीन हो चुका है. हमारी सरकार के कार्य कैसे रोकें उसके लिए कानून के दरवाजे तक पहुंचते हैं. ऐसा लगता है कानून इनकी जेब में है. कई संवैधानिक संस्थाएं इनकी जेब में आ चुकी हैं, लेकिन मैं कहना चाहूंगा कि सरकार अब पूरी मजबूती के साथ सत्ता में बैठी है. उसी ताकत के साथ आने वाले वक्त में काम करेंगे. राज्य के गरीब-आदिवासियों के हित में बेहतर काम करेंगे.

**पता नहीं क्या करेंगे, केंद्र में इनकी सरकार है :** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि बीजेपी झारखंड राज्य में विपक्ष में हैं, लेकिन देश में सबसे अधिक राज्यों में इनकी सरकारें हैं. इनके राज्यों को देखें तो बीजेपी शासित राज्यों की स्थिति देख कर आश्चर्य होता है. वहां कमजोर वर्ग की स्थिति देख कर हैरानी होती है.

ये लोग खुद को विश्व गुरु बनाना चाहते हैं या देश को बनाना चाहते हैं. मुझे तो नहीं लगता कि देश विश्व गुरु बनने के राह पर जा रहा है. इनके व्यापारी मित्र जरूर विश्व गुरु बनने की राह में जा रहे हैं. शिबू सोरेन को भारत रत्न देने के लिए सदन से प्रस्ताव पारित किया गया है. हमने तो पारित कर दिया है, लेकिन आने वाले वक्त में पता नहीं क्या करेंगे. केंद्र में इनकी सरकार है. ये जो बोलते हैं, वो करते नहीं और जो नहीं बोलते हैं, वो कर देते हैं.

**ईसीआई के साथ मिलकर लाखों वोट डिलीट करवा दिये :** मुख्यमंत्री ने कहा कि इन लोगों ने बिहार में इलेक्शन कमीशन के साथ मिल कर लाखों वोट डिलीट करवा दिए, लेकिन चुनाव आयोग पर कोई कार्रवाई नहीं. क्योंकि इन लोगों ने ऐसा कानून बना दिया है. जज भी अगर कोई गलती करता है, तो उसपर महाभियोग लाया जाता है, लेकिन इलेक्शन कमीशन पर कोई कार्रवाई नहीं होती.

बड़ी विचित्र हालत है. इनकी सोच बहुत घृणित है. दिखावे के लिए मीडिया में इवेंट मैनेजमेंट के जरिए ऐसे चित्रों का निर्माण करते हैं जिससे लोग हमेशा भ्रमित रहें. आधी आबादी तो बिल्कुल निरीह, कमजोर है. उसको जो दिखाया जाएगा वही सच मानते हैं.

**30 दिनों के जेल पर पीएम, सीएम वाले कानून का हिडेन एजेंडा जल्द स्पष्ट होगा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि ये अपने विरोधियों को जेल में डालने के लिए सीबीआई, ईडी, इनकम टैक्स का सहारा लेते हैं. अब एक नया कानून बनाने जा रहे हैं. इसमें 30 दिन जेल में रहने पर पीएम, सीएम, सांसद का पद चला जाएगा. इसका औचित्य क्या है, अभी समझ नहीं आया है. इसके पीछे का हिडेन एजेंडा भी स्पष्ट होगा.

**दूसरे राज्यों में क्यों नहीं लागू हुई मंईयां सम्मान जैसी योजना :** मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा चुनाव के समय कई अन्य राज्यों में मंईयां सम्मान जैसी योजनाओं की घोषणा हुई. लेकिन वहां अब तक क्यों नहीं लागू हुई. झारखंड अपने सीमित संसाधनों से अपनी घोषणा को समय पर पूरा कर रहा है. मंईयां सम्मान योजना की राशि को समय पर दे रहा है.

**हर गलत चीज गुजरात से शुरू होती है :** मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में वोट छीना जा रहा है. लेकिन सब कुछ गुजरात से होकर ही आता है. गुजरात में ही फर्जी दल बनता है. उसे 4300 करोड़ रुपए का चंदा मिलता है. ऐसे फर्जी दल 25-26 करोड़ रुपए ही खर्च करते हैं.

**पीएमओ से होती है खदानों की मॉनिटरिंग :** मुख्यमंत्री ने कहा कि इस राज्य को लोग सोने की चिड़िया कहते हैं. इस राज्य ने देश को क्या-क्या नहीं दिया, लेकिन हमारी सरकार में महिलाओं को ढाई हजार रुपए महीना छोड़ कर इस राज्य को मिला क्या. सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय से मॉनिटरिंग होती है कि कोयला खदानों की नीलामी ठीक से हो रही या नहीं. आयरन ओर, बॉक्साइट खदानों का ऑक्शन समय पर हो रहा है या नहीं.

### विधानसभा में शिबू सोरेन को भारत रत्न देने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास, केंद्र को भेजा जाएगा

शुभम संदेश। रांची



झारखंड विधानसभा के पूरक मॉनसून सत्र में गुरुवार को दिशोम गुरु शिबू सोरेन के भारत रत्न देने का प्रस्ताव पास हो गया. भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने यह प्रस्ताव सदन में रखा. वहीं विपक्ष की ओर से नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड विधानसभा में हम ऐतिहासिक निर्णय कर रहे हैं, लेकिन झारखंड आंदोलन के प्रणेता रहे मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा और बिनोद बिहारी महतो का नाम भी इस प्रस्ताव में जोड़ा जाए. इसके बाद सभा में सर्वसम्मति से शिबू सोरेन सोरेन को भारत रत्न देने का प्रस्ताव पास हो गया. अब यह प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा जाएगा. वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि आजादी के लड़ाई में आदिवासी समाज का काफी योगदान रहा है. आज तक किसी आदिवासी को भारत रत्न नहीं मिला है. दिशोम गुरु को भारत रत्न से नवाजा जाए. वहीं कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने सदन में यह मांग उठाई कि विधानसभा परिसर में भीम राव अंबेडकर, सिद्धो-कान्हो और दिशोम गुरु शिबू सोरेन की प्रतिमा स्थापित की जाए.

---

**बिहार : एनडीए में सीट शेयरिंग की तस्वीर साफ**

## जदयू 102, भाजपा 101 और चिराग को मिलेंगी 20 सीटें

शुभम संदेश। पटना



बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए में सीट शेयरिंग को लेकर तस्वीर साफ हो गई है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दिल्ली दौरे के बाद सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय हो गया है. इसके तहत जदयू के खाते में 102 सीटें, बीजेपी के खाते में 101 सीटें आई हैं. चिराग की पार्टी लोजपा (रामविलास) को 20, उपेंद्र कुशवाहा की रालोम को 10 और जीतन राम मांझी की पार्टी हम सेक्युलर के 10 सीटें मिली हैं. हालांकि, कौन सी पार्टी कहां से चुनाव लड़ेगी. इसका फैसला नहीं हुआ है. एनडीए के नेता जल्द ही इस पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सकते हैं. बता दें कि साल 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए में बीजेपी ने 110 सीटों पर चुनाव लड़ा, जिसमें से 74 पर जीत मिली. जदयू ने 115 सीटों पर उम्मीदवार उतारे और 43 सीटों से संतोष करना पड़ा. वहीं, साल 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 17, जदयू ने 16, लोजपा रामविलास ने 5 और मांझी व कुशवाहा ने 1-1 सीटों पर चुनाव लड़ा. शुरुआत से ही इस बात के कयास लगाए जा रहे थे कि जदयू, बीजेपी से एक सीट अधिक पर बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेगी.


बीते मंगलवार यानी 26 अगस्त को भाजपा नेता व केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की मुलाकात सीएम नीतीश कुमार से हुई थी. इस दौरान इस दौरान उनके साथ बिहार बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह भी मौजूद थे. दरअसल, धर्मेंद्र प्रधान बीजेपी में संकटमोचक की भूमिका अदा करते हैं. बीजेपी संग सहयोगी दलों के बीच समन्वय की जिम्मेदारी निभाते हैं. इसके बाद सीएम नीतीश कुमार अपने दो विश्वासपात्रों ललन सिंह और संजय झा को लेकर दिल्ली रवाना हुए थे.

---

**आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का बड़ा बयान, बोले**

## मैंने कभी भी नहीं कहा कि 75 साल में रिटायर हो जाना चाहिए

एजेंसियां। नयी दिल्ली



आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने संघ के 100 साल पूरा होने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में सवालों के जवाब दिए हैं। इस दौरान संघ प्रमुख से जब पूछा गया-75 साल के बाद क्या राजनीति से रिटायर हो जाना चाहिए? इस पर मोहन भागवत ने कहा, मैंने कभी नहीं कहा कि मैं रिटायर हो जाऊंगा या किसी और को 75 वर्ष की आयु में रिटायर हो जाना चाहिए. भागवत ने कहा कि मैंने ये बात संघ के वरिष्ठ प्रचारक दिवंगत मोरोपंत पिंगले जी के बयान का हवाला देते हुए उनके विचार रखे थे. मैंने ये नहीं कहा कि मैं रिटायर हो जाऊंगा या किसी और को रिटायर हो जाना चाहिए. हम जिंदगी में किसी भी समय रिटायर होने को तैयार हैं और संघ हमसे जब तक काम कराना चाहेगा, हम संघ के लिए उस समय तक काम करने के लिए भी तैयार हैं. उन्होंने कहा कि हमें नौकरी दी जाती है, हम चाहें या न चाहें. अगर मैं 80 साल का हूं और संघ कहता है कि जाओ और शाखा चलाओ, तो मुझे करना ही होगा. संघ जो भी कहता है, हम सेवानिवृत्त होने या काम करने के लिए तैयार हैं. जब तक संघ चाहता है.

### सबको कम से कम तीन बच्चे पैदा करना चाहिए

संघ प्रमुख ने जनसंख्या का जिक्र करते हुए कहा कि पर्याप्त जनसंख्या के लिए घर में तीन बच्चे होने गी चाहिए. अगर तीन बच्चे होते हैं, तो माता-पिता और बच्चों का स्वास्थ्य ठीक रहता है. देश के नजरिए से तीन बच्चे ठीक हैं. तीन से बहुत ज्यादा आगे बढ़ने की जरूरत नहीं है. उन्होंने कहा, भारत की जनसंख्या नीति 2.1 बच्चों की बात करती है, जिसका अर्थ है कि एक परिवार में तीन बच्चे. सभी नागरिकों को तीन बच्चे पैदा करने पर विचार करना चाहिए, जिससे जनसंख्या पर्याप्त हो और कंट्रोल में भी रहे.

---

**अच्छी खबर :** ट्रंप टैरिफ की नो-टेंशन! आ गई ईवाई इंडिया की खुश कर देने वाली रिपोर्ट

# 2038 तक भारत करेगा कमाल, अमेरिका का होगा बुरा हाल!

शुभम संदेश डेस्क



भारत पर भले ही अमेरिका ने 50% का टैरिफ लगाया है, लेकिन इंडियन इकोनॉमी की रफ्तार पर ऐसी किसी भी बाधाओं का असर नहीं होगा. ये हम नहीं कह रहे, बल्कि ईवाई इंडिया की रिपोर्ट में ऐसा ही अनुमान जताया गया है. इसमें कहा गया है कि भारत 2038 तक 34.2 ट्रिलियन डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद के साथ दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है.

**टैरिफ टेंशन के बावजूद इकोनॉमी में दम :** ईवाई की ओर से कहा गया है कि चुनौतियों से उबरते हुए भारत दुनिया की पांच बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना है. मजबूत आर्थिक बुनियाद के साथ देश तेजी से आगे बढ़ रहा है. टैरिफ दबाव और धीमे व्यापार जैसी वैश्विक अनिश्चितताओं के बाद भी इंडियन इकोनॉमी डिमांड पर उसकी निर्भरता और तकनीकों में बढ़ती क्षमताओं से मजबूत बनी हुई है. आने वाले 2030 तक भारत की इकोनॉमी 20.7 ट्रिलियन डॉलर (पीपीपी) तक पहुंच सकती है.

**भारत में क्यों दिख रहा इतना दम :** रिपोर्ट की मानें तो अमेरिका, चीन, जर्मनी व जापान की तुलना में भारत की स्थिति अच्छी है, हालांकि चीन 2030 तक 42.2 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ इकोनॉमी की रेस में सबसे आगे रह सकता है. लेकिन दूसरी ओर उसकी बूढ़ी होती आबादी और बढ़ता कर्ज चुनौतियां पेश कर सकता है. अमेरिका हालांकि, मजबूत बना हुआ है, लेकिन उसे सकल घरेलू उत्पाद के 120% से अधिक के कर्ज और विकास दर की सुस्त रफ्तार का सामना करना पड़ रहा. इसके विपरीत रिपोर्ट में भारत की क्षमता को प्रदर्शित करते हुए कहा गया कि भारत में युवा आबादी, घरेलू डिमांड और टिकाऊ राजकोषीय आउटलुक का जो जोड़ है, वो इसे लॉन्गटर्म ग्रोथ के लिए सबसे अनुकूल राह मुहैया कराता है.

**आंकड़े दे रहे तेज रफ्तार की गवाही :** रिपोर्ट में आंकड़ों के साथ बताया गया है कि आखिर कैसे भारत 13 साल में ये कमाल करने वाला है. इसमें कहा गया है कि सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत में 28.8 वर्ष की औसत आयु, दूसरी सबसे हाई सेविंग रेट और सरकारी ऋण-जीडीपी अनुपात के साथ 2024 के 81.3% से घटकर 2030 तक 75.8% होने का अनुमान है, जबकि टॉप इकोनॉमी की लिस्ट में शामिल अन्य देशों में ऋण का स्तर लगातार बढ़ रहा है.

**तीसरी बड़ी इकोनॉमी बनने की ओर भारतः** हाल की तमाम रिपोर्ट्स पर नजर डालें, तो उनमें भी भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार को सराहा गया है और इसके सबसे तेजी से आगे बढ़ती हुई इकोनॉमी होने का दावा किया गया है. अभी चौथे स्थान पर मौजूद भारतीय इकोनॉमी अगले 3 से 4 साल में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी होगी. हालांकि इसके लिए नागरिकों को भी बड़ी भूमिका निभानी होगी.

---


### गोड्डा के मदरसे में छात्रा की संदिग्ध मौत

**गोड्डा।** महागामा क्षेत्र के कस्बा गांव में उम्मूल मोमिन जामिया आयशा लिल बनात मदरसा में एक 14 वर्षीय छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. छात्रा की पहचान भागलपुर के एक गांव की अमनुर के रूप में हुई है. अमनुर सात सालों से इस मदरसे में मौलवी की पढ़ाई कर रही थी. बच्चे के परिजनों को गुरुवार को मदरसा प्रशासन से अमनुर की तबीयत खराब होने की सूचना मिली. जब वो आए तो उन्होंने बिस्तर पर मृत पाया. परिजनों का कहना है कि अमनुर के गले पर दाग देखा, जिससे शक हुआ. मदरसे की अन्य छात्राओं ने बताया कि रात 10 बजे तक सब सामान्य था और उसके बाद सभी सो गईं. घटना किस समय हुई,इसकी जानकारी किसी को नहीं है. बच्ची के परिजनों ने मदरसे के मौलवी पर हत्या का आरोप लगाया है. उनका कहना है कि मौलवी ने फांसी लगाकर उसे मार दिया है.

---

## लोकतंत्र के लिए पार्टी कमांड पर चलना उचित नहींः स्पीकर

शुभम संदेश। रांची



स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने कहा कि सदन की कार्यवाही में पीड़ादायक परिणाम भी सामने आते हैं जिसको यहां साझा करना जरूरी हो जाता है. यह देखा जा रहा है कि कई सदस्य अनेक बार अपनी जन प्रतिबद्धता और समस्याओं की अपेक्षा दलगत निर्देशों को प्राथमिकता देने लगते है. जब जनादेश से चुने गये हम जनप्रतिनिधि जनता की अपेक्षाओं को पीछे छोड़कर केवल पार्टी कमांड का पालन करते है तो यह सदन के लिए, लोकतंत्र के लिए बहुत उचित प्रतित नहीं होता है.

**मानसून सत्र में कुल 324 प्रश्न स्वीकृत हुए :** विस के इस सत्र में कुल 324 प्रश्न स्वीकृत हुए, जिसमें 107 अल्पसूचित, 183 तारांकित तथा 34 अतारांकित प्रश्न शामिल है. शून्यकाल की कुल 70 सूचनाएं स्वीकृत हुई. कुल 21 निवेदन प्राप्त हुए. कुल 34 ध्यानाकर्षण प्राप्त हुए, जिसमें से 20 स्वीकृत हुए तथा 4 ध्यानाकर्षण सदन में उत्तरित हो पाये. इस सत्र में कुल 34 गैर सरकारी संकल्प प्राप्त हुए.

**अनुपूरक बजट व 5 बिल पारित हुएः** इस सत्र में प्रथम अनुपूरक बजट सहित 5 अन्य बिल सदन द्वारा पारित किए गए. स्पीकर ने कहा, प्लेटफॉर्म आधारित गिग श्रमिक विधेयक से सरकार का सामाजिक न्याय एवं सुरक्षा की प्रतिबद्धता की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है. मैं समझता हूं कि यह कानून अन्य राज्यों के लिए भी मॉडल बन सकता है.

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड विधानसभा में दिवंगत कर्मियों के परिजनों को सौंपा 1-1 करोड़ का चेक

# राज्य सरकार में सेवारत वैसे कर्मी, जो सेवा में रहते दिवंगत हुए उनके परिजनों के साथ सरकार सदैव खड़ी है : हेमंत सोरेन





- दिवंगत कर्मियों के परिजनों को ससम्मान उनका पूरा हक-अधिकार देने का कार्य किया जा रहा है.

**शुभम संदेश। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को झारखंड विधानसभा में विभिन्न दुर्घटनाओं में दिवंगत हुए राज्य सरकार के तीन कर्मी कांस्टेबल स्व. अजीत कुमार (जिला पुलिस बल गुमला), आरक्षी स्व. अनिल कुमार झा (जिला पुलिस बल सरायकेला) एवं शिक्षक स्व. सुशील कुमार मरांडी (राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित, जिला जामताड़ा) के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपए की राशि का चेक सौंपा. मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार में सेवारत वैसे कर्मी जो सेवा में रहते हुए किसी भी दुर्घटना में दिवंगत हुए हैं, उनके परिजनों के साथ सदैव खड़ी है. दिवंगत कर्मियों के परिजनों को ससम्मान उनका पूरा हक-अधिकार देने का कार्य किया जा रहा है. इसी कड़ी में आज राज्य सरकार के तीन दिवंगत कर्मियों के आश्रितों को 1-1 करोड़ रुपए की राशि का चेक सम्मानपूर्वक प्रदान किया गया. मौके पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया की ओर से झारखंड के हेड एवं महाप्रबंधक विवेक चंद्र जायसवाल, उप महाप्रबंधक प्रशासनिक कार्यालय रांची मनोज कुमार व मुख्य प्रबंधक विकास कुमार पांडे सहित अन्य उपस्थित रहे.

### दिवंगत कर्मियों के आश्रितों ने मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार

मौके पर दिवंगत कर्मियों के परिजनों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति तहे दिल से आभार व्यक्त किया. दिवंगत कर्मियों के आश्रितों ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं. मुख्यमंत्री को आज हमसभी आश्रित परिजन धन्यवाद देते हैं. राज्य सरकार के प्रयास से आज स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया की विशेष बीमा कवरेज योजना के अंतर्गत हम सभी आश्रित परिजनों को एक-एक करोड़ रुपए की राशि का आकस्मिक लाभ प्रदान किया गया है. इस राशि के प्राप्त होने से परिवार का भरण-पोषण एवं बच्चों की पढ़ाई में काफी मदद मिलेगी.

### जेएसएससी सीजीएल मामले में अब नई एसआईटी करेगी जांच

## डीजीपी ने किया टीम का गठन







**शुभम संदेश। रांची**

जेएसएससी सीजीएल परीक्षा से जुड़े मामले की जांच अब एसआईटी को सौंपी गई है. डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर यह निर्णय लिया गया है. इस एसआईटी का नेतृत्व झारखंड जगुआर के आईजी अनूप बिरथरे करेंगे. टीम में सीआईडी के डीआईजी चंदन कुमार झा और स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एससीआरबी) के डीआईजी वाईएस रमेश को भी शामिल किया गया है. वहीं, इस मामले की जांच का प्रभार विशेष शाखा के एसपी हरदीप पी जनार्दनन को सौंपा गया है. इससे पूर्व यह जिम्मेदारी डीएसपी रैंक के एक अधिकारी को दी गई थी. गौरतलब है कि सीआईडी ने इस मामले में अब तक 13 आरोपियों के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल की है. हालांकि, हाल ही में झारखंड हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई के दौरान सीआईडी के डीएसपी द्वारा दाखिल शपथ पत्र पर असंतोष जताया गया था. कोर्ट ने यह टिप्पणी की थी कि ऐसे गंभीर मामले की जांच वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जानी चाहिए. हाईकोर्ट के निर्देश के बाद पुलिस मुख्यालय द्वारा नए सिरे से एसआईटी का गठन किया गया है, जो अब इस घोटाले की तह तक पहुंचने के लिए जांच को आगे बढ़ाएगी. यह कदम पारदर्शिता सुनिश्चित करने और दोषियों को सख्त सजा दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है.

### मॉनसून सत्र के अंतिम दिन भी विधानसभा में हंगामा

# भाजपा कुपढ़ों की जमातः सुदिव्य

**शुभम संदेश। रांची**



झारखंड विधानसभा के पूरक मॉनसून सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को भी सदन में हंगामा हुआ. इसके चलते स्पीकर रबींद्रनाथ महतो को सदन की कार्यवाही बीच में पौन घंटे स्थगित करनी पड़ी. हंगामे के कारण प्रश्नकाल भी नहीं हुआ. इस बार मॉनसून सत्र में एक भी अल्पसूचित और तारांकित प्रश्न नहीं आ सका. अंतिम दिन सदन की कार्यवाही 11.06 बजे शुरू होते ही भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने दो दिन पूर्व सदन में पारित विश्वविद्यालय विधेयक का मामला उठाया. कहा, सरकार संविधान की धज्जियां उड़ा रही है. छात्र विरोध में सड़कों पर उतर रहे हैं. सरकार बहुमत के नशे में चूर होकर राज्यपाल का पावर सीज कर रही है. विवि में नौकरी बेची जा रही है. छात्रों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है. उन्होंने सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले की सीबीआई जांच की भी मांग दोहरायी. इस दौरान उच्च व तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि ये (भाजपा) अनपढ़ों नहीं कुपढ़ों की जमात है. विधेयक को लेकर भ्रम फैलाने का काम कर रही है. छात्रों की लोकतांत्रिक अधिकारों का कोई हनन नहीं हुआ है. विधेयक का विरोध करते हुए भाजपा विधायक 11.10 बजे वेल में आ गये और सरकार के विरोध में नारेबाजी करने लगे. विपक्ष के विरोध को देखते हुए सत्ता पक्ष के विधायक भी वेल में आ गये और एसआइआर पर विरोध जताने लगे. सदन में दोनों ओर से हंगामा होने लगा. इस दौरान स्पीकर लगातार प्रश्नकाल चलने देने का आग्रह करते रहे. उन्होंने नवीन जायसवाल से प्रश्न पूछने को कहा. स्पीकर ने नवीन जायसवाल द्वारा उनका पहला अल्पसूचित प्रश्न पूछने की बजाय विधेयक का मामला उठाने पर सवाल किया. उन्होंने नवीन से पूछा कि वे अपना अल्पसूचित प्रश्न पूछ रहे हैं या सूचना दे रहे हैं. इस पर नवीन ने कोई जवाब नहीं देते हुए अपना विरोध जारी रखा. इसे बाद स्पीकर ने रोशन लाल चौधरी से प्रश्न पूछने को कहा. लेकिन भाजपा के विधायक हंगामा करते रहे. हंगामा होता देख स्पीकर ने कहा कि उनका यही रवैया ठीक नहीं है. यदि यही रवैया रहा तो अगली बार वे प्रश्न पूछने लायक नहीं रहेंगे, इसलिए सदस्य प्रश्नकाल चलने दें. उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल का यही हश्र होगा तो आने वाले समय में प्रश्न ही मत डालिएगा. आने वाले समय में प्रश्नों की संख्या और घटेगी. यदि ऐसा होता है तो इसकी जवाबदेही विधायकों की ही होगी. स्पीकर ने कहा कि इस बार के सत्र में एक भी प्रश्न का जवाब नहीं हुआ. आने वाले समय में भी यही हाल हुआ तो आसन इस पर गंभीर विचार करेगा. इस दौरान हंगामा बदस्तूर जारी रहा. दोनों ओर से नारेबाजी होती रही. सदन को अव्यवस्थित देखकर 11.14 बजे स्पीकर ने कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी. दोबारा 12.02 बजे कार्यवाही शुरू हुई तो स्पीकर ने शून्यकाल की सूचनाएं लीं और ध्यानाकर्षण के कुछ सवाल लेने के बाद सदन की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी.

### विनय चौबे की बेल पर हजारीबाग एसीबी कोर्ट में छह सितंबर को सुनवाई

**रांची/हजारीबाग।** हजारीबाग डीसी रहते हुए सेवायत भूमि घोटाला करने के आरोपी निलंबित आईएएस विनय चौबे की जमानत याचिका पर हजारीबाग एसीबी कोर्ट में सुनवाई हुई. गुरुवार की सुनवाई के दौरान एसीबी की ओर से केस डायरी पेश नहीं करने के कारण अगली सुनवाई के लिए 6 सितंबर की तारीख निर्धारित की है. विनय चौबे की ओर से अधिवक्ता शंकर बनर्जी ने बहस की. एसीबी की ओर से विशेष लोक अभियोजक ने पक्ष रखा. विनय चौबे ने जिस मामले में हजारीबाग एसीबी कोर्ट से बेल मांगी है, उस मामले में इसी महीने प्राथमिकी दर्ज की गई थी. एसीबी ने इस संबंध में कांड संख्या 9/2025 दर्ज की है. इससे पहले विनय चौबे झारखंड शराब घोटाला मामले में भी आरोपी बनाए गए थे, लेकिन तय समय के अंदर चार्जशीट दाखिल नहीं होने के कारण उन्हें लाभ मिला और उन्हें शराब घोटाला केस में बेल मिल गई.

### मिलमेडिकॉन-2025 : सैन्य परिवेश में शारीरिक एवं मानसिक आघात पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन

## सशस्त्र बलों में शारीरिक व मानसिक आघात की उभरती चुनौतियों पर होगा विचार-विमर्श

**शुभम संदेश। रांची/नयी दिल्ली**



नयी दिल्ली स्थित प्रतिष्ठित मानेकशॉ सेंटर में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने गुरुवार को मिलमेडिकॉन-2025 सैन्य परिवेश में शारीरिक एवं मानसिक आघात पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया. भारतीय सेना के तत्वावधान में चिकित्सा सेवा महानिदेशालय (सेना) द्वारा आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन (28-29 अगस्त) सशस्त्र बलों में शारीरिक एवं मानसिक आघात की उभरती चुनौतियों पर विचार-विमर्श करने के लिए अग्रणी विशेषज्ञों और हितधारकों को एकसाथ लाता है. उदघाटन के मौके पर गणमान्य लोगों में डॉ. मयंक शर्मा, एफएडीएस, लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र पाल सिंह, उप-सेना प्रमुख; सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरीन, डीजीएएफएमएस; लेफ्टिनेंट जनरल राकेश कपूर, डीसीओएस (आईएस एंड सी); लेफ्टिनेंट जनरल साधना एस. नायर, डीजीएमएस (सेना) और लेफ्टिनेंट जनरल वीएमबी कृष्णन, क्यूएमजी मौजूद थे. इस वर्ष का दो दिवसीय सम्मेलन विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यह दो ऐतिहासिक मील के पत्थर, सशस्त्र बलों में सुधार का वर्ष और सैन्य नर्सिंग सेवा (एमएनएस) की शताब्दी के साथ मेल खाता है, जो सैन्य नर्सों की समर्पित सेवा के 100 वर्षों का प्रतीक है. लचीलेपन और नवाचार पर आधारित यह सम्मेलन सैन्य चिकित्सा को आगे बढ़ाने के लिए भारत की स्थायी प्रतिबद्धता को दर्शाता है, साथ ही विरासत का जश्न मनाता और सुधारों को अपनाता है.

## नियमित नियुक्ति में नीड बेस्ड टीचर को मिलेगा प्रीफ्रेंसः सुदिव्य

**ध्यानाकर्षण**

**शुभम संदेश ।रांची**



विधायक प्रदीप यादव ने सदन में ध्यानाकर्षण के माध्यम से राज्य के 17 पॉलिटेक्निक और कॉलेजों में सेवा दे रहे नीड बेस्ड टीचरों को नई बहाली में वेटेज और उम्र सीमा में छूट देने का मामला उठाया ताकि उनका समायोजन हो सके. उन्होंने कहा कि बंगाल, हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में वेटेज दिया गया है. बिहार में भी इसका प्रावधान किया गया है. यदि ये नॉर्मस पूरा करते हैं तो उनका समायोजन किया जाये. ये कई वर्षों से सेवा कर रहे हैं और योग्य लोग हैं. इन्हें कम से कम पांच अंक का वेटेज और उम्र सीमा में एक साल की छूट दी जाये. ये जब तक बहाल नहीं होते हैं, तब तक इनका मानदेय बढ़ाया जाये ताकि अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें. इस पर मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि नीड बेस्ड टीचर को अधिमानता के साथ प्रीफ्रेंस दे रहे हैं. मंत्री ने यह भी कहा कि झारखंड में ग्रॉस इनरॉलमेंट रेसियो 18 है. इस लिए आमूल-चूल परिवर्तन करना होगा. जो नीतियां बेहतर होंगी उसे ग्रहण करें. इसके लिए अन्य राज्यों की नियमावली देखकर विचार किया जाएगा. आज से 10 साल पहले जो विकल्प बेहतर था, इसलिए नीड बेस्ड टीचर को लाया गया था. उनकी सेवा को नहीं भूलेंगे.

**एनकाउंटर मामला** सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामला पहुंचा मानवाधिकार आयोग

# आजसू पार्टी ने की सीबीआई जांच की मांग

**शुभम संदेश। रांची**




झारखंड के चर्चित सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले ने अब नया मोड़ ले लिया है. आजसू पार्टी के आवेदन पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने इस घटना पर संज्ञान लेते हुए केस दर्ज कर लिया है. आयोग ने केस संख्या 1031/34/9/2025 के तहत जांच प्रारंभ कर दी है. आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव संजय मेहता ने बताया कि पार्टी ने इस मामले में लगातार 10 दिनों तक तथ्यों और सूचनाओं को एकत्र किया. इसके बाद 21 अगस्त को आयोग को एक विस्तृत शिकायत पत्र भेजा गया. इसी आधार पर 27 अगस्त को आयोग ने केस दर्ज किया.

**संजय मेहता ने कहा** – सूर्या हांसदा चार बार चुनाव लड़ चुके थे. वे मुख्यधारा के व्यक्ति थे. उन पर किसी मामले में कोर्ट द्वारा फ़रार घोषित होने का आरोप भी नहीं था. ऐसे में पुलिस एनकाउंटर में उनकी मौत मानवाधिकार का गंभीर उल्लंघन है.

**पुलिस कार्रवाई पर उठे सवाल :** आजसू पार्टी का कहना है कि सूर्या हांसदा की मौत ने झारखंड पुलिस की कार्यशैली पर कई सवाल खड़े किए हैं। संजय मेहता ने साफ कहा कि – पुलिस न्यायालय नहीं है, उसका कार्य केवल अनुसंधान करना है.एनकाउंटर के नाम पर किसी की जान लेना मानवाधिकार का उल्लंघन है. सरकार को इस मामले की सीबीआई जाँच करानी चाहिए ताकि सच सबके सामने आ सके.

### आदिवासियों के दमन का आरोप

संजय मेहता ने आगे कहा कि झारखंड में लगातार आदिवासियों पर अत्याचार हो रहा है. फर्जी मुकदमों और फर्जी एनकाउंटर के जरिए आदिवासी समाज को निशाना बनाया जा रहा है. उन्होंने कहा –पुलिस और माफियाओं के गठजोड़ से राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं. पुलिस अपनी छवि बचाने के लिए फर्जी एनकाउंटर कर रही है. यह आदिवासियों पर सीधा दमन है.

### आजसू पार्टी की मांग

सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले की निष्पक्ष जांच हो, सरकार सीबीआई जांच की अनुशंसा करे, पुलिस प्रशासन पर जवाबदेही तय हो.आजसू पार्टी ने स्पष्ट कहा है कि वह सच और न्याय की लड़ाई में हमेशा पीड़ितों के साथ खड़ी रहेगी. सूर्या हांसदा के परिजनों को न्याय दिलाने के लिए सक्रियर हेगी.

### रिम्स-2 के बगल में चिह्नित जमीन पर अक्टूबर में होगा आदिवासियों का महादरबार

**रांची।** राजधानी रांची में रिम्स-2 के बगल में चिन्हित जमीन पर अक्टूबर महीने में एक आदिवासी महा दरबार आयोजित किया जाएगा. इस आयोजन की घोषणा झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन ने की है. उन्होंने बताया कि इस महा दरबार के माध्यम से सरकार की आदिवासी विरोधी नीतियों को उजागर किया जाएगा. चंपाई सोरेन ने स्पष्ट रूप से कहा, यह दरबार इस बात का प्रतीक होगा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार आदिवासियों के हितों की अनदेखी कर रही है. उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार आदिवासी समाज के अधिकारों के साथ खिलवाड़ कर रही है. पूर्व मुख्यमंत्री ने बताया कि इस महा दरबार में राज्यभर से करीब दो लाख आदिवासियों के जुटने की संभावना है.

## एक नजर

### गंभीर आरोप : डाहू यादव जैसे अपराधी को क्यों नहीं गिरफ्तार कर रही पुलिस : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने झारखंड सरकार और पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं. उन्होंने कहा कि एक ओर गरीब आदिवासियों के हक के लिए लड़ने वाले निर्दोष लोगों को हिरासत में लेकर प्रताड़ित कर मारा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर कुख्यात अपराधी डाहू यादव वर्षों से फरार है और उसे छूने तक की हिम्मत पुलिस नहीं दिखा रही. मरांडी ने आरोप लगाया कि डाहू यादव, जो बालू और पत्थर के अवैध खनन का बड़ा चेहरा है, 2022 में ईडी की कार्रवाई के बाद से फरार है. उसकी करोड़ों की संपत्तियां जब्त की गईं, बैंक खाते फ्रीज किए गए और सुप्रीम कोर्ट ने 15 दिनों में सरेंडर का आदेश दिया, फिर भी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई. उन्होंने पूछा कि आखिर पुलिस क्यों कार्रवाई नहीं कर रही? क्या यह प्रशासन की लापरवाही है या सत्ता की शह? मरांडी ने दावा किया कि साहिबगंज इलाके में आज भी डाहू पुलिस के संरक्षण में अवैध कारोबार चला रहा है.

### डीसी, एसपी और नगर आयुक्त कोर्ट में हाजिर हुए, हाईकोर्ट का निर्देश : ट्रैफिक व्यवस्था सुधारें

**रांची :** हजारीबाग की बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर झारखंड हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है. चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने आदेश दिया है कि शहर में स्वचालित ट्रैफिक लाइट मॉनिटरिंग सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे और अन्य आवश्यक उपकरण जल्द लगाए जाएं. यह निर्देश अच्युत स्वरूप मिश्र की जनहित याचिका पर गुरुवार को सुनवाई के दौरान दिया गया. कोर्ट के निर्देश पर हजारीबाग के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और नगर आयुक्त सशरीर अदालत में उपस्थित हुए. इसके अलावा, ई-रिक्शा की बढ़ती संख्या पर भी चिंता जताई गई और कोर्ट ने उनकी मॉनिटरिंग के निर्देश दिए. मामले की अगली सुनवाई 7 अक्टूबर को होगी. अदालत ने पूर्व में दिए गए आदेशों के अनुपालन पर सवाल उठाया, जिस पर उपायुक्त ने बताया कि ट्रैफिक सिस्टम के आधुनिकीकरण में 38.9 करोड़ रुपये की आवश्यकता है और इसके लिए फाइल नगर विकास विभाग को भेजी गई है, पर अब तक स्वीकृति नहीं मिली है.

### झारखंड में राष्ट्रीय लोक अदालत 13 सितंबर को, सभी पक्षकारों को भेजे जा रहे हैं नोटिस

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट में 13 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा) के निर्देशानुसार किया जा रहा है. लोक अदालत का संचालन न्यायायुक्त सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा-एक के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर की देखरेख में होगा.इस संबंध में न्यायिक पदाधिकारियों, न्यायिक दंडाधिकारियों, पुलिस प्रशासन के पदाधिकारियों, नोडल पुलिस पदाधिकारियों और पारा विधिक स्वयंसेवकों (पीएलवी) के साथ कई दौर की बैठकें की जा चुकी हैं. साथ ही, बैंकों और बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ भी संवाद जारी है, ताकि अधिकतम मामलों का आपसी सहमति से समाधान हो सके. डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर ने बताया कि लोक अदालत में सभी न्यायालयों में लंबित सुलह योग्य मामलों को लिया जाएगा. ऐसे मामलों को पहले से चिह्नित कर पक्षकारों को नोटिस भेजे जा रहे हैं, ताकि वे नियत तिथि पर उपस्थित होकर मामले का समाधान करा सकें.

### वित्त आयोग की राशि सितंबर में मिलते ही मिलेंगी पंचायतों को : दीपिका पांडेय सिंह

**रांची ।** राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा है कि 15वें वित्त आयोग के वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 की बकाया राशि सितंबर माह के पहले हफ्ते में केंद्रीय राज विभाग की ओर से मिलने की संभावना है. राशि मिलते ही वित्त आयोग का पैसा राज्य के पंचायतों को मुहैया करा दिया जाएगा. मंत्री ने यह बातें गुरुवार को विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान ध्यानाकर्षण सूचना के तहत पूछे गए सवाल के जवाब में कही.मंत्री विधायक चंद्रदेव महतो की ओर से पूछे गए सवाल के जवाब में बोल रही थीं. विधायक ने सवाल पूछा था कि वित्त आयोग का पैसा पंचायतों को नहीं मिलने से पंचायतों का विकास कार्य प्रभावित हो रहा है. राशि कब तक उपलब्ध होगी. मंत्री ने कहा कि दोनों वित्तीय वर्ष का 1700 करोड रुपये केंद्र सरकार पर बकाया है. वहीं पांकी विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने पलामू के पांकी के मनातू प्रखंड में पिछले तीन वर्षों से बीडीओ का पद खाली होने की बात कही. उन्होंने कहा कि यहां सीओ, बीडीओ के प्रभार में हैं. विधायक ने कहा कि सीओ कहते हैं अधिक अंतराल के कारण यहां का काम समझ में नहीं आता है.

### पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में मनोज पुनमिया को हाईकोर्ट से झटका

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस के आरोपी मनोज पुनमिया को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है. हाईकोर्ट ने उनकी क्रिमिनल रिवीजन को खारिज कर दिया है. इससे पहले रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने मनोज पुनमिया के खिलाफ आरोप गठित कर दिया था और डिस्चार्ज याचिका भी खारिज कर दी थी. ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए उसने वर्ष 2012 में हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिवीजन दाखिल की थी. जिस पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट में सुनवाई हुई. मनोज पुनमिया की ओर से अधिवक्ता कृष्ण कुमार ने बहस की. क्रिमिनल रिवीजन खारिज होने के बाद अब मनोज पुनमिया के विरुद्ध ट्रायल जारी रहेगा.

### सदर अस्पताल की लापरवाही ने बच्चों को किया एचआईवी संक्रमित, हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

**रांची ।** रांची से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां रांची सदर अस्पताल में खून चढ़ाने के बाद बच्चों के एचआईवी संक्रिमत होने के मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया है. दरअसल थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चे का इलाज वर्ष 2018 में रांची के सदर अस्पताल के डे केयर यूनिट में किया जा रहा था. जिसमें बच्चों को अलग-अलग ब्लड बैंकों के खून चढ़ाए गए थे. इसके बाद कई बच्चे एचआईवी और कुछ बच्चे हेपेटाइटिस सी से संक्रमित हो गए थे. जिसके बाद बच्चों के माता-पिता की जांच भी की गयी थी, हालांकि जांच में दोनों निगेटिव पाए गए थे. जिसके बाद बच्चों को संक्रमित खून चढ़ाने की आशंका भी जतायी गयी थी. और अब खून चढ़ाने के बाद संक्रमित हुए एक बच्चे के पिता ने इस मामले में चीफ जस्टिस को पत्र लिखा है. पत्र को जनहित याचिका में तब्दील करते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. वहीं चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की बेंच ने इस पर संज्ञान लिया है और राज्य के स्वास्थ्य सचिव के साथ रांची के सिविल सर्जन से भी जवाब मांगा गया है. जिसके बाद इस मामले में शुक्रवार को सुनवाई की जा सकती है.

### राज्य में छात्राओं,महिलाओं पर बढ़ते अपराधों पर रोक को लेकर हाईकोर्ट सख्त, अगली सुनवाई 11 को

रांची। राज्य में स्कूली छात्राओं और महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों को रोकने के मामले में दायर याचिका पर हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है. गुरुवार को सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं किया जा सका, जिस पर अदालत से एक सप्ताह का समय मांगा गया. चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने यह आग्रह स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई की तारीख 11 सितंबर तय की है.उल्लेखनीय है कि 16 फरवरी 2025 के निर्देशों के आलोक में कोर्ट ने पिछली सुनवाई में सरकार से विस्तृत जवाब मांगा था. हालांकि, पूर्व में दाखिल सरकार के जवाब को अदालत ने अपूर्ण बताते हुए असंतोष जाहिर किया था. यह जनहित याचिका भारती कुमारी द्वारा दायर की गई है.

### धान का भुगतान लंबितः 126 किसानों को अब तक नहीं मिला पैसा, हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

**रांची।** पलामू जिले के पड़वा प्रखंड के 126 किसानों को वित्तीय वर्ष 2021-22 में बेचे गए धान की बकाया राशि अब तक नहीं मिलने पर झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब मांगा है. चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने सरकार से पूछा है कि किसानों को अब तक भुगतान क्यों नहीं किया गया. कोर्ट ने मामले की प्रगति रिपोर्ट दाखिल करने का भी निर्देश दिया है. अगली सुनवाई 11 सितंबर को होगी. इस मामले में आशा देवी द्वारा जनहित याचिका दायर की गई थी.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, शुक्रवार 29 अगस्त 2025 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष 06, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 142 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12




स्पोर्ट्स

दलीप ट्रॉफी : श्रेयस-तिलक और यशस्वी-शमी पर रहेंगी नजरें

पाकिस्तान एशिया कप के फाइनल में नहीं पहुंचेगा

एशिया कप से पहले बीमार हुए शुभमन गिल दलीप ट्रॉफी से हुए बाहर, बदला गया कप्तान

लियोनेल मेसी इंटर मियामी लीग्स कप 2025 के फाइनल में

पूर्व चयनकर्ता श्रीकांत ने कर दिया चौंकाने वाला दावा, कहा भारत कभी नहीं जीतेगा टी20 वर्ल्ड कप

### फैनकॉनी एनीमिया जैसे गंभीर रोग से जूझ रहा चतरा का मासूम

## 25 लाख की है जरूरत, मुख्यमंत्री से मदद की गुहार

**शुभम संदेश। चतरा**

ज़िले का एक मासूम बच्चा, सनी शर्मा, एक दुर्लभ और जानलेवा बीमारी फैनकॉनी एनीमिया से पीड़ित है. कांग्रेस नेत्री ब्यूटी मंडल ने एक ट्वीट के माध्यम से उसकी गंभीर हालत को उजागर किया है और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से तत्काल सहायता की गुहार लगाई है. ब्यूटी मंडल ने बताया कि सनी की जान बचाने के लिए बोन मैरो ट्रांसप्लांट (हड्डी मज्जा प्रतिरोपण) आवश्यक है, जिसकी लागत करीब 25 लाख है. परिवार आर्थिक रूप से सक्षम नहीं है.



बच्चे के परिजनों ने 4 महीने पहले 'मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना' के तहत सहायता के लिए आवेदन किया था, लेकिन अब तक कोई मदद नहीं मिली है. हर बीतता दिन सनी के जीवन को और मुश्किल बना रहा है. ब्यूटी मंडल ने मुख्यमंत्री के साथ-साथ स्थानीय प्रशासन और विधायकों से हाथ जोड़कर अपील की है कि वे तुरंत हस्तक्षेप कर एक मासूम की ज़िंदगी बचाएं.

**फैनकॉनी एनीमिया क्या है**

फैनकॉनी एनीमिया (एफए) एक दुर्लभ अनुवांशिक (जेनेटिक) बीमारी है, जो शरीर की अस्थि मज्जा (बोन मैरो) को प्रभावित करती है. इस बीमारी में शरीर रक्त कोशिकाएं बनाना बंद कर देता है, जिससे एनीमिया, रक्तस्राव, संक्रमण, और कैंसर जैसी जटिल समस्याएं हो सकती हैं. यह बीमारी बच्चों में अधिक देखने को मिलती है. इसका एकमात्र प्रभावी इलाज बोन मैरो ट्रांसप्लांट है, जो महंगा और जटिल होता है.

## टाटा स्टील ने की इस वर्ष 6.68% बोनस देने की घोषणा

**शुभम संदेश। जमशेदपुर**

टाटा स्टील ने इस वर्ष अपने कर्मचारियों को 16.68 प्रतिशत का बोनस देने की घोषणा की है. यह बोनस 6 सितंबर 2025 को सीधे कर्मचारियों के बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिया जाएगा. कंपनी की ओर से तय की गई कुल बोनस राशि 303.12 करोड़ रुपये है. इस राशि में से जमशेदपुर स्थित ट्यूब्स डिवीजन के 11,446 कर्मचारियों को 152.44 करोड़ रुपये का वितरण किया जाएगा. गुरुवार को टाटा स्टील प्रबंधन और टाटा वर्कर्स यूनियन के बीच बोनस को लेकर समझौता हुआ. इस बार बोनस तय करने के लिए एक विशेष



फार्मूला अपनाया गया, जिसके तहत कंपनी के 9255.05 करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ का 1.5 प्रतिशत यानी 138.83 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए. इसके अतिरिक्त 14.83 टन स्टील के उत्पादन का 1.5 प्रतिशत मूल्य 41.5 करोड़ रुपये के रूप में जोड़ा गया. उत्पादकता को ध्यान में रखते हुए 87.5 करोड़ रुपये और सुरक्षा के मद में 5 करोड़ रुपये जोड़े गए, जिससे कुल राशि 272.83 करोड़ रुपये बनी. इसके बाद यूनियन के अनुरोध पर प्रबंधन ने अतिरिक्त 30.30 करोड़ रुपये देने का निर्णय लिया, जिससे अंतिम बोनस राशि बढ़कर 303.12 करोड़ रुपये हो गई. हालांकि इस बार का बोनस पिछले वर्षों की तुलना में थोड़ा कम है. बीते वर्षों में औसतन 20 प्रतिशत तक बोनस दिया जाता रहा है, लेकिन इस वर्ष कंपनी के मुनाफे में आई गिरावट के कारण राशि में कटौती देखी गई. जहां पिछले साल टाटा स्टील ने 11,275.09 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था, वहीं इस साल यह घटकर 9255 करोड़ रुपये रह गया है. बोनस समझौते के दौरान टाटा स्टील के एमडी सह सीईओ टीवी नरेंद्रन और टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी टुन्नू मौजूद रहे. यूनियन की ओर से बोनस में कटौती पर चिंता जताई गई, जिसके बाद लगातार बातचीत कर पुराने स्तर की राशि सुनिश्चित की गई.

समझौते के अनुसार, पुराने वेतनमान के कर्मचारियों को अधिकतम 3,92,213 रुपये, जबकि 'एस ग्रेड' के कर्मचारियों को अधिकतम 1,10,547 रुपये और न्यूनतम 39,004 रुपये का बोनस मिलेगा.

**ब्रीफ न्यूज**

### जंगली हाथियों ने घर पर बोला धावा, मलबे में दबकर मां बेटे की मौत



**खूंटी।** जरियागढ़ थाना क्षेत्र के बकसपुर गांव में बुधवार की रात लगभग एक बजे जंगली हाथियों ने एक घर पर धावा बोल दिया. घर ध्वस्त होने से उसके मलबे में दबकर मां और उसके बेटे की मौत हो गई. मृतकों में एतवारी बारला (28) और पुत्र तुलसी बारला(4) शामिल हैं. मां बेटे की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई. घटना की जानकारी मिलने पर तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने झामुमो कार्यकर्ताओं को बकसपुर जाने का निर्देश दिया. झामुमो के पदाधिकारियों ने गांव में पहुंच कर घटनास्थल का जायजा लिया और वन विभाग को बुलाकर तत्काल मुआवजा राशि दिलाई और गाड़ी कर पोस्टमार्टम के लिए दोनों शवों को सदर अस्पताल खूंटी भेजवाया. मौके पर झामुमो नेताओ ने शोक व्यक्त किया और दिगवंत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की. मौके पर मुखिया पूनम बारला, राहुल केशरी, विनोद उरांव, छत्री हेमरोम, भोला साहू, बाका लकड़ा,अरुण होरो, वन विभाग के पदाधिकारी, वन समिति, पंचायत सेवक आदि मौजूद थे.

### जुर्माना दे देंगे, लेकिन हेलमेट नहीं पहनेंगे झारखंड के लोग!

# दो महीने में पुलिस ने 25.66 करोड़ रुपये जुर्माना वसूला

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड में यातायात नियमों को लेकर पुलिस ने सख्ती तेज कर दी है. खासकर बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई का असर साफ दिखने लगा है. राज्य पुलिस की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, हर दिन औसतन 42.78 लाख रुपये का जुर्माना केवल हेलमेट नियम का उल्लंघन करने वालों से वसूला जा रहा है. पिछले दो महीनों में यह आंकड़ा बढ़कर 25.66 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है. लेकिन यहां के लोग हैं कि सुधरने का नाम नहीं ले रहे. तगड़ा जुर्माना भर देने के बावजूद हेलमेट को लेकर जागरूकता का भारी अभाव देखा जा रहा है.

इस बीच, पुलिस के उच्च अधिकारियों का कहना है कि अभियान केवल जुर्माना वसूलने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक भी किया जाएगा. साथ ही स्कूल-कॉलेजों में विशेष अभियान चलाकर युवाओं को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया जाएगा. झारखंड पुलिस के इस अभियान ने यह स्पष्ट



कर दिया है कि अब यातायात नियमों के उल्लंघन पर कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी. सवाल यह है कि क्या लोग इसे केवल आर्थिक दंड के डर से मानेंगे या सचमुच अपनी सुरक्षा के लिए नियमों का पालन करेंगे. यदि दूसरा विकल्प अपनाया जाए, तभी यह अभियान वास्तव में सफल माना जाएगा.

**सबसे आगे हजारीबाग और रांची :** कार्रवाई के मामलों में हजारीबाग और रांची शीर्ष पर हैं. अकेले हजारीबाग में 29,317 चालान कटे, जबकि रांची में 20,437 चालकों पर कार्रवाई हुई. इसके अलावा पलामू (2,404), कोडरमा (2,756), धनबाद (1,938), जमशेदपुर (1,687), गोड्डा (1,608), लातेहार (1,395) और गढ़वा (1,360) भी सूची में शामिल हैं. वहीं, देवघर (1,029), बोकारो (929), पाकुड़ (832), खूंटी (775), दुमका (719) और गिरिडीह (580) जैसे जिलों में अपेक्षाकृत कम संख्या में कार्रवाई हुई. सबसे कम चालान लोहरदगा (323), गुमला (344) और चाईबासा (403) में कटे.

**बढ़ते सड़क हादसे और पुलिस की चिंता :** झारखंड में सड़क हादसों का बड़ा कारण हेलमेट न पहनना माना जाता है. यातायात पुलिस के अनुसार, हादसों में मौत का सबसे बड़ा खतरा सिर की चोट से होता है और हेलमेट पहनने से इस खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है. इसलिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है ताकि लोग नियमों का पालन करें और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करें.

**क्या कहते हैं लोग :** कड़ी कार्रवाई के बावजूद आम लोगों में इसे लेकर मिश्रित प्रतिक्रिया देखी जा रही है. कई लोग मानते हैं कि पुलिस की यह सख्ती ज़रूरी है क्योंकि यह सड़क सुरक्षा से जुड़ा है. वहीं, कुछ लोग इसे राजस्व वसूली का माध्यम मानते हैं और सवाल उठाते हैं कि जुर्माना वसूलने के साथ-साथ सड़क सुरक्षा के अन्य पहलुओं—जैसे खराब सड़कें, ट्रैफिक सिग्नल की कमी और ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई-पर भी उतनी ही गंभीरता से ध्यान दिया जाए.

**दो महीने में 2.56 लाख से अधिक पर कार्रवाई**

पुलिस के आंकड़े बताते हैं कि जून से जुलाई के बीच राज्य के 24 जिलों में कुल 2,56,683 चालकों को बिना हेलमेट पकड़ा गया. यानी हर दिन औसतन 4,278 चालकों पर कार्रवाई की गई. मोटर वाहन अधिनियम के तहत बिना हेलमेट चलने पर 1000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है.

## एसीबी ने चैनपुर ब्लॉक प्रधान सहायक को 20 हजार घूस लेते किया गिरफ्तार

**शुभम संदेश। गुमला**

गुमला जिले के सदर थाना क्षेत्र के करमटोली में एसीबी टीम ने गुरुवार को एक बड़ी कार्रवाई की है. चैनपुर ब्लॉक के प्रधान सहायक राजकुमार साहनी को 20 हजार रुपये घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया. मिली जानकारी के अनुसार, सेवानिवृत कर्मी धनंजय प्रसाद ने एसीबी से शिकायत की थी कि भविष्य निधि की राशि के एवज में राजकुमार साहनी ने 20,000 रुपये



की मांग की थी. इसके बाद एसीबी ने मामले की जांच शुरू की और गुमला पहुंचकर राजकुमार साहनी को घूस लेते हुए पकड़ लिया. गिरफ्तारी के बाद, एसीबी की टीम उसे गुमला थाना ले गई और कागजी कार्रवाई के बाद उसे रांची ले गई.

## बारिश से दो मकानों की दीवारें गिरीं, मुआवजे की मांग

**शुभम संदेश। जमशेदपुर**

पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका प्रखंड के हल्दीपोखर स्थित कुम्हार पाड़ा में गुरुवार को भारी बारिश के कारण दो कच्चे मकानों की दीवारें अचानक ढह गईं. हादसे में किसी की जान तो नहीं गई, लेकिन घरों में रह रहे परिवारों को हल्की चोटें आईं और उनका काफी सामान नष्ट हो गया. घटना से इलाके में दहशत का माहौल है और पीड़ित परिवार प्रशासन से मदद की गुहार लगा रहे हैं.

घटना की जानकारी के अनुसार, बारिश के कारण राजेश तामान और भगत दास के कच्चे मकानों की दीवारें भरभराकर गिर गईं. घटना के समय घर के सदस्य अंदर ही मौजूद थे, लेकिन समय रहते बाहर निकल जाने



से एक बड़ा हादसा टल गया. हालांकि, दीवार गिरने से घर के कई जरूरी सामान मलबे में दब गए और खराब हो गए. दोनों परिवार पहले से ही आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं और अब उनके पास सिर छुपाने तक की जगह नहीं बची है.

हादसे के बाद पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से मदद की अपील की है. उनका कहना है कि लगातार हो रही बारिश से उनके घर पहले ही कमजोर हो गए थे, लेकिन किसी तरह गुजर-बसर कर रहे थे. अब पूरी तरह से बेघर हो जाने के बाद वे बेहद मुश्किल स्थिति में पहुंच गए हैं और तत्काल सहायता की जरूरत है.

स्थानीय समाजसेवी रतन सोनकर ने घटनास्थल पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया और पीड़ित परिवारों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया. उन्होंने कहा कि दोनों ही परिवार बेहद गरीब हैं और इन्हें प्रशासन की ओर से अविलंब मुआवजा मिलना चाहिए.

### मंत्री हफीजुल हसन की तबीयत बिगड़ी, पारस में भर्ती

## इरफान बोले-हालत स्थिर है, चिंता की बात नहीं

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल अंसारी की तबीयत गुरुवार को अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें रांची स्थित पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया है. फिलहाल वह अभी मेडिकल टीम की निगरानी में हैं और उपचार जारी है. मंत्री की तबीयत बिगड़ने की खबर मिलते ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित राज्य के कई मंत्री और विधायक अस्पताल पहुंचे और जानकारी ली. जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, दीपिका पांडेय, सुदिव्य सोनू, संजय प्रसाद यादव सहित कई लोग मंत्री की स्वास्थ्य की जानकारी लेने पहुंचे. बता दें कि हाल ही मंत्री हफीजुल हसन की बाईपास सर्जरी हुई थी. उनकी सर्जरी सफल रही थी. इसके बावजूद उनकी तबीयत ज्यादा खराब हो गई है. गंभीर स्थिति में उनको अस्पताल ले जाया गया.

फिलहाल डॉक्टरों की टीम लगातार उनकी स्थिति पर नजर बनाए हुए है. उधर विधानसभा और राजनीतिक गलियारे में हफीजुल हसन के जल्द स्वस्थ होने की कामना की जा रही है. जानकारी के मुताबिक उन्हें सुबह करीब 10 बजे बेचैनी, पसीना और बेचैनी महसूस होने लगी. तुरंत उन्हें पारस अस्पताल, रांची ले जाया गया, जहां डॉक्टरों की टीम ने जांच शुरू की. हालांकि स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने अस्पताल पहुंच कर साफ किया कि मंत्री हफीजुल हसन की हालत फिलहाल स्थिर है और चिंता की कोई बात नहीं है. उन्हें सिर्फ फूड पॉइजनिंग की वजह से परेशानी हुई थी.

### दुमका में पांच दिनों से लापता 6 वर्षीय बच्चे की लाश बरामद

## ग्रामीणों में आक्रोश, स्कूल पर लापरवाही का आरोप

**शुभम संदेश। दुमका**

दुमका जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र स्थित कुशमाहा गांव में संचालित संत मोनिका आवासीय विद्यालय से पिछले पांच दिनों से लापता छह वर्षीय बालक अमन सोरेन का शव को बरामद किया गया है. उसका क्षत-विक्षत शव विद्यालय से कुछ दूरी पर एक धान के खेत में मिला. शव की स्थिति अत्यंत दयनीय थी, जिससे स्पष्ट होता है कि उसकी मृत्यु कई दिन पहले हो चुकी थी. घटना की सूचना मिलते ही अमन के परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण स्कूल परिसर पहुंच गए. उन्होंने विद्यालय प्रबंधन पर घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया और रामगढ़ चौक से गुजरने वाले सभी मार्गों को जाम कर दिया. आक्रोशित लोगों ने विद्यालय परिसर में तोड़फोड़ भी की और स्कूल का सामान सड़क पर फेंक दिया.

अमन सोरेन मूलतः अमडापहाड़ी पंचायत के कुपी गांव का निवासी था और नर्सरी कक्षा में पढ़ता था. उसके



माता-पिता वर्तमान में केरल में मजदूरी करते हैं. घर में उसकी देखरेख दादी एवं अन्य परिजन कर रहे थे. 23 अगस्त की रात विद्यालय प्रबंधन ने अमन के परिजनों को सूचित किया कि बच्चा स्कूल में नहीं है. सूचना मिलते ही परिवार के सदस्य तत्काल विद्यालय पहुंचे और उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला. घटना की सूचना रामगढ़ थाना को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने खोजबीन शुरू की. परिजनों ने आरोप लगाया कि विद्यालय में बच्चों की संख्या अधिक होने के बावजूद सुविधाओं की घोर कमी है. उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रशासन की लापरवाही के कारण ही बच्चा लापता हुआ.

### करम डाली लेकर दामोदर नदी नहाने गईं पांच बच्चियां डूबीं

## एक की मौत, एक लापता, तीन को बचाया गया

**शुभम संदेश। धनबाद**

जिले के झरिया के सुदाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत दामोदर नदी के बाई क्वार्टर छठ घाट पर गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया. यहां करमा डाल लेकर स्नान करने गईं पांच बच्चियां पानी के तेज बहाव में बह गईं. स्थानीय लोगों की सतर्कता से तीन बच्चियों को बचा लिया गया. लेकिन एक बच्ची (रुक्मणी कुमारी, 12 वर्षीय) की मौत हो गई. जबकि एक बच्ची अब भी लापता है.

घटना की जानकारी मिलते ही सुदाडीह थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से राहत बचाव कार्य शुरू कराया. इधर हादसे की खबर मिलते ही नदी के पास लोगों की भीड़ जुट गई. वहीं रुक्मणी के घर पर कोहराम मचा हुआ है. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सभी बच्चियां करम डाली लेकर नदी में स्नान करने उतरी थीं. तभी अचानक पानी के तेज बहाव उन्हें गहराई की ओर खींच ले गया. बच्चियों को बहता देख नदी किनारे मौजूद लोग और मछुआरे तुरंत पानी में कूदे और और तीन बच्चियों को बाहर निकालने में सफल रहे.

इसी बीच पुलिस और ग्रामीणों की संयुक्त खोजबीन के दौरान 12 वर्षीय रुक्मणी कुमारी को बिरसा पुल के पास से अचेत अवस्था में बाहर निकाला गया. उसे आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. वहीं दूसरी बच्ची संध्या कुमारी,अब तक लापता है. एनडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों की टीम उसकी खोजबीन कर रही है. उधर हादसे के बाद पूरे इलाके में मातम का माहौल है. खबर लिखे जाने तक लापता बच्चियों का पता नहीं चल पाया था.

### अजब हाल : शादी, दुबई, 25 लाख और फिर दूसरी शादी

## नेपाल की महिला ने गोड्डा के युवक पर लगाए गंभीर आरोप

**शुभम संदेश। गोड्डा**

गोड्डा जिले के ठाकुरगंगटी थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां नेपाल की रहने वाली एक महिला ने झारखंड के युवक पर शादी के नाम पर धोखाधड़ी, शारीरिक शोषण और 25 लाख रुपये की ठगी का गंभीर आरोप लगाया है. पीड़िता ने ठाकुरगंगटी थाना में लिखित आवेदन देकर इंसाफ की गुहार लगाई है. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश जारी है.

नेपाल के काठमांडू जिले की रहने वाली पीड़िता ने अपने आवेदन में बताया कि वर्ष 2016 में उसकी मुलाकात दिल्ली के नोएडा में



झारखंड के गोड्डा जिले के माल मंडरो गांव निवासी अलख कुमार उर्फ़ आलोक कुमार से हुई थी. उस वक्त वह नोएडा में ब्यूटीशियन का काम करती थी, जबकि अलख एक प्लेसमेंट एजेंसी में कार्यरत था. दोनों के बीच प्रेम संबंध बने और वर्ष 2017 में दिल्ली के एक मंदिर में हिंदू रीति-रिवाज से विवाह भी किया गया. शादी के बाद दोनों कुछ समय के लिए दुबई में साथ रहे और बाद में नेपाल स्थित पीड़िता के घर भी कई बार गए. महिला ने दावा किया है कि उसने पति को मोबाइल की दुकान खोलने के लिए न केवल आर्थिक मदद की, बल्कि 25 लाख रुपये तक की राशि भी दी थी, जिससे उसने मोबाइल की दुकान खोली.

वर्ष 2022 में अलख स्थायी रूप से अपने गांव लौट आया. इस दौरान महिला दुर्गा पूजा और छठ जैसे पारिवारिक अवसरों पर ससुराल भी आती-जाती रही और लंबे समय तक वहीं रही. लेकिन जून 2024 में महिला को तब गहरा झटका लगा, जब उसे पता चला कि अलख ने कोलकाता में किसी और महिला से दूसरी शादी कर ली है. जब महिला ने अलख से संपर्क करने की कोशिश की, तो उसका मोबाइल बंद मिला. अंततः न्याय की उम्मीद में पीड़िता ठाकुरगंगटी थाना पहुंची और अपने पति पर शारीरिक शोषण, धोखाधड़ी और जीवन बर्बाद करने का आरोप लगाया. थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि महिला के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है. आरोपी की तलाश की जा रही है. चूंकि उसका मोबाइल बंद है, इसलिए उसके परिजनों से पूछताछ की जा रही है.

### देवघर के टावर चौक पर कपड़े के शोरूम में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान

**देवघर।** जिले के टावर चौक पर बुधवार देर रात करीब ढाई बजे एक कपड़े के शोरूम में भीषण आग लग गई. यह आग इतनी भयानक थी कि देखते ही देखते बहुमंजिला दुकान पूरी तरह से जलकर राख हो गई. स्थानीय लोगों के अनुसार, रात करीब 2:30 बजे दुकान से धुआं निकलता दिखा. इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, आग पूरे शोरूम में फैल गई. लोगों ने तुरंत दुकान मालिक और अग्निशमन विभाग को सूचना दी. दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची, लेकिन आग इतनी भयानक लगी थी कि दो और गाड़ियां मंगवाई गईं. अग्निशमन विभाग की टीम ने लगभग साढ़े तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी. दुकान के अंदर रखा सारा सामान (कपड़े और अन्य सजावटी सामान) जलकर खाक हो चुका था.

## मंत्रियों को धमकी देने वाला निकला ऑटो चालक, गिरिडीह पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शुभम संदेश। रांची**

गिरिडीह में एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो ने सनसनी मचा दी है. वीडियो में युवक ने झारखंड के नगर विकास व उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी को 24 घंटे के अंदर बम से उड़ाने की धमकी दी है. वीडियो में युवक ने खुद की पहचान गिरिडीह निवासी अंकित कुमार मिश्रा के रूप में बताई है. उसने दावा किया है कि वह लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य है. युवक ने कहा कि इन मंत्रियों से पर्सनल कुछ मामला है. वो माफी मांग लेंगे तो कुछ नहीं करूंगा.

वीडियो में युवक ने यह भी बताया कि उसने अपने परिवार को बचाने के लिए लिखित में दे दिया है कि उसकी



कार्रवाई से उसके परिवार का कोई लेना-देना नहीं है. गिरिडीह के एसपी डा. विमल कुमार ने बताया कि मंत्रियों को धमकी देने संबंधित प्रसारित वीडियो में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है. पूछताछ के बाद स्थिति स्पष्ट होगी कि उसने ऐसा वीडियो क्यों बनाया और इसके पीछे उसका मकसद क्या था. पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. धमकी देनेवाला गिरिडीह का ही है. बिश्नोई गिरोह से कनेक्शन की भी जांच हो रही है. धमकी देने वाला युवक अंकित कुमार मिश्रा गिरिडीह के बाभनटोली झगरी का रहने वाला बताया जा रहा है. युवक ऑटो चलाता है. युवक ने स्वयं यह वीडियो बिहार के जमुई से जारी कराया है. जारी वीडियो में कहा है कि नगर विकास मंत्री के कुछ लोगों ने जमीन के मामले में उसकी पिटाई की थी. वह केवल तब शांत होगा, जब उससे माफी मांगी जाएगी. स्वास्थ्य मंत्री से दुश्मनी व्यक्तिगत कारणों से बताई गई. पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के संबंधों और पृष्ठभूमि की छानबीन कर रही है. साथ ही साइबर टीम भी जांच में जुटी हुई है कि धमकी वाला वीडियो कहां से अपलोड किया गया और इसके पीछे किसी गिरोह की संलिप्तता है या नहीं.

### श्री श्याम मंडल, रांची के 58वें वार्षिक श्री श्याम महोत्सव का शुभारंभ

# सदस्यों ने गो-माता की सेवा कर पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाए







## श्री श्याम मंदिर अग्रसेन पथ से आज श्री श्याम प्रभु की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी

**शुभम संदेश।रांची**

श्री श्याम मंडल, रांची के 58वें वार्षिक श्री श्याम महोत्सव का शुभारंभ गुरुवार को गौ सेवा और गौ पूजन के साथ हुआ. मौके पर श्री श्याम मंडल के सदस्यों व उनके परिजनों ने अत्यंत श्रद्धा से गौ माता की सेवा की और पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. महोत्सव की शुरुआत सुबह 8 बजे अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में भव्य आरती से हुई, जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे. आरती के बाद मंडल के लगभग 50 सदस्यों की टोली जय श्री श्याम का उद्घोष करती हुई सुकुरहुटू गौशाला के लिए रवाना हुई. महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार शाम 4 बजे श्री श्याम मंदिर, अग्रसेन पथ से श्री श्याम प्रभु की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः मंदिर प्रांगण में पहुंचेगी.

गौशाला पहुंचकर मंडल के सदस्यों ने विधिपूर्वक गौमाता का पूजन एवं वंदन किया. सभी गौमाताओं को श्रद्धा भाव से गुड़, चोकर, रोटी, हरी सब्जियां और दलिया खिलाया गया. इस अवसर पर गौशाला परिसर श्री श्याम प्रभु एवं गौमाता के जयकारों से गुंजायमान रहा. गौ सेवा के उपरांत सभी सदस्यों ने रोली-चावल से गौमाता का तिलक कर महोत्सव की सफलता के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया.

**पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से 15 से अधिक प्रजाति के पौधे लगाए गए :** पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से श्री श्याम मंडल के सदस्यों द्वारा गौशाला परिसर में दुर्लभ व औषधीय वृक्षों के पौधे लगाए गए. इसमें लाल चंदन, सफेद चंदन, अमलतास, आंवला, बीजासाल, अर्जुन, रुद्राक्ष सहित कई फलदार पौधे शामिल रहे. कुल मिलाकर 15 से अधिक महत्वपूर्ण प्रजातियों के पौधे लगाए गए.

इसके पश्चात अपराह्न 11:30 बजे मंडल के सदस्यों ने श्री राणी सती पाठशाला में बच्चों केबीच पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया. साथ ही एक फोटोकॉपी मशीन एवं दो बच्चों की वार्षिक फीस भी पाठशाला प्रबंधन को सौंपी गयी, जिससे सामाजिक सेवा के प्रति मंडल की निष्ठा झलकी.

आज के सफल आयोजन में प्रमुख रूप से ज्ञान प्रकाश बागला, गौरव परमपुरिया, संजय सारस्वत, बालकिशन परमारमपुरिया, अनिल ढांढनीयां, संजय जाजोदिया, प्रदीप अग्रवाल, रतन मोर, अनुराग पोद्दार, गौरव शर्मा एवं सर्वेश बागला का विशेष योगदान रहा#

## श्री राधा अष्टमी 31 को: निष्काम प्रेम भक्ति और आत्मिक शांति का पावन उत्सव

**शुभम संदेश।रांची**

भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाने वाला श्री राधा अष्टमी का पर्व इस वर्ष रविवार 31 अगस्त को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा. श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट व विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने जानकारी देते हुए बताया कि यह पर्व प्रेम, समर्पण और शुद्ध आत्मा की आराधना का प्रतीक है. राधारानी, जिन्हें श्रीकृष्ण की आत्मा का अर्धांगिनी रूप कहा गया है, का



प्राकट्य दिवस इसी दिन ब्रजभूमि के बरसाना गांव में हुआ था. वे भगवान कृष्ण की ह्लादिनी शक्ति हैं-आनंद और प्रेम की दिव्य ऊर्जा. राधा और कृष्ण का संबंध केवल सांसारिक प्रेम नहीं, बल्कि उच्चतम आध्यात्मिक प्रेम का आदर्श है.इस दिन श्रद्धालु व्रत रखते हैं, राधा-कृष्ण की विशेष पूजा करते हैं और मंदिरों में भजन-कीर्तन, झांकियां व भक्ति संध्याएं आयोजित की जाती हैं. राधा रानी को लाल वस्त्र पहनाकर फूलों से श्रृंगार किया जाता है और उन्हें मालपुआ व रबड़ी का भोग अर्पित किया जाता है. बरसाना, वृंदावन, मथुरा सहित देश-विदेश के श्रीकृष्ण मंदिरों में विशेष उत्सव का आयोजन होता है. इस पर्व को मनाने से घर में सुख-समृद्धि, दांपत्य जीवन में खुशहाली और आत्मिक संतुलन प्राप्त होता है. राधा अष्टमी केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह हमें यह सिखाती है कि ईश्वर से किया गया प्रेम निस्वार्थ और समर्पणपूर्ण होना चाहिए. जब-जब प्रेम की परिभाषा दी जाती है, राधा-कृष्ण का नाम स्वतः लिया जाता है.

### मोईज जमीयत उलेमा के ओहदेदारों का हुआ चुनाव

## मौलामा मोईज कासमी अध्यक्ष और हाजी कतीबुल महासचिव चुने गए



**शुभम संदेश।रांची**

जमीयत उलेमा हिंद की पहल पर जमीयत उलेमा झारखंड के पदाधिकारी और सदस्य जमीयत उलेमा कांके ब्लॉक के चुनाव के लिए दारुल उलूम हुसैनिया इस्लामपुर, कोकदोरो कांके, रांची पहुंचे. बैठक की अध्यक्षता दारुल उलूम हुसैनिया इस्लामपुर कोकदोरो कांके, रांची के प्रमुख हाजी कतिबुल ने की. पर्यवेक्षक के रूप में हजरत मौलाना अब्दुल कय्यूम कासमी, नाजिम-ए-आला, जमीयत उलेमा रांची और जनाब हाजी उमैर, कोषाध्यक्ष, जमीयत उलेमा झारखंड ने भाग लिया. सर्वसम्मति से हजरत मौलाना मुफ्ती अब्दुल मोईज कासमी को अध्यक्ष, हाजी कतीबुल-हक को महासचिव, मुहम्मद अफरोज आलम को कोषाध्यक्ष चुना गया. हजरत मौलाना शहाबुद्दीन मदरसा आलिया, मौलाना आजाद अल-मुजाहेरी आदि को कांके की कार्यकारिणी समिति का सदस्य चुना गया. मौके पर मुफ्ती मुहम्मद कमर- ए - आलम कासमी, हाजी शाह उमैर, मौलाना अब्दुल कय्यूम कासमी, मौलाना असगर मिस्बाही, मौलाना जाहिद, मौलाना अबुल कलाम आजाद, आसिफ अंसारी मुहम्मद बिन मुजीब मुहम्मद हारुण रशीद मुहम्मद अफरोज आलम, रमजान मुहम्मद सलमान, हाफिज आरिफ मौलाना अहमदुल्लाह नदवी, मौलाना शहामत हुसैन कासमी मुफ्ती उमर फारुक हाफ़िज़ आबिद हुसैन उलवी मास्टर इम्तियाज साहब मुफ्ती शाहिद समेत कई लोग मौजूद रहे.

### मांडू विधायक मांगों को ले सदन के बाहर धरने पर बैठे



**रांची।** झारखंड विधानसभा मॉनसून सत्र का गुरुवार को चौथा और अंतिम दिन था. सदन के बाहर मांडू विधायक निर्मल महतो अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए. उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से चैनपुर और कर्मा को अलग प्रखंड का दर्जा देने और दाड़ी प्रखंड को रामगढ़ जिले में शामिल करने की मांग की. निर्मल महतो ने कहा कि वह कई बार इस प्रस्ताव को मुख्यमंत्री के सामने रख चुके हैं. लेकिन वे हर बार इसे अनदेखा कर देते हैं. विधायक ने कहा कि जनता की सुविधा और क्षेत्र के विकास के लिए इन मांगों को तुरंत पूरा किया जाना चाहिए.

### रांची के 545 आदिवासी गांवों के उत्थान के लिए 'आदि कर्मयोगी अभियान' का शुभारंभ

# शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, संस्कृति व पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में होगा समग्र विकास

**शुभम संदेश ।रांची**

रांची जिला प्रशासन ने आदिवासी बहुल गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए एक महत्वाकांक्षी पहल की शुरुआत की है. "आदि कर्मयोगी अभियान" नामक इस योजना के तहत जिले के 545 आदिवासी गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने और स्थानीय समुदाय को आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य रखा गया है. अभियान की विधिवत शुरुआत उप-विकास आयुक्त सौरभ भुवनिया ने समाहरणालय स्थित ब्लॉक-ए सभागार में दीप प्रज्वलित कर की. उन्होंने कहा कि यह अभियान आदिवासी समाज के सशक्तीकरण का एक ठोस कदम है और यह जिम्मेदार शासन व सामुदायिक विकास का आदर्श मॉडल बन सकता है.

उन्होंने बताया कि गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, स्वच्छता, संस्कृति और पर्यावरण जैसे विविध क्षेत्रों में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा. स्थानीय लोगों को प्रशिक्षण, संसाधन और तकनीकी सहयोग प्रदान कर उन्हें अपने गांव के विकास में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाएगा. मौके पर आईटीडीए रांची के परियोजना

### आत्मनिर्भरता और सशक्तीकरण पर विशेष जोर



निदेशक संजय कुमार भगत, डीआरडीए निदेशक सुदर्शन मुर्मू, जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार, समाज कल्याण पदाधिकारी मती सुरभि सिंह, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और विभिन्न स्वयंसेवी संगठन उपस्थित रहे.

कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि इस अभियान के अंतर्गत पंचायतों को सशक्त बनाने, महिलाओं और युवाओं के लिए रोजगार सृजन, बच्चों और युवाओं के लिए शिक्षा व कौशल विकास, स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और आदिवासी कला और संस्कृति के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा. इसके अलावा पर्यावरण की रक्षा और जल, जंगल, जमीन के सतत उपयोग को भी प्राथमिकता दी जाएगी.

अभियान की रणनीति, क्रियान्वयन की प्रक्रिया और योजनाओं की जानकारी सभी विभागों व पंचायत प्रतिनिधियों को दी गई. साथ ही यह सुनिश्चित किया गया कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का समन्वय कर गांवों तक सभी आवश्यक सुविधाएं पहुंचाई जाएंगी. निगरानी और मूल्यांकन के लिए एक सुदृढ़ प्रणाली भी विकसित की गई है, जिससे अभियान के वास्तविक प्रभाव का आकलन किया जा सके.

कार्यक्रम के अंत में उप-विकास आयुक्त ने सभी अधिकारियों और प्रतिनिधियों के साथ एकजुट होकर शपथ ली कि वे पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे और गांवों के समग्र विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे. कहा कि यह अभियान न केवल रांची जिले के लिए, बल्कि पूरे झारखंड राज्य के लिए एक प्रेरणास्रोत बन सकता है. इसके माध्यम से आदिवासी गांवों में सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ रोजगार और शिक्षा के अवसर बढ़ाए जाने की उम्मीद है. इसके जरिए ग्रामीण समुदाय अपने भविष्य को संवारने में सक्षम बन सकेगा.

### जगुआर के जवान को सांप ने डसा, स्थिति गंभीर

**रांची।** झारखंड जगुआर के एक जवान को जहरीले सांप ने काट लिया. इसके बाद उन्हें रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल जवान की हालत गंभीर बनी हुई है. जवान की पहचान मिथिलेश राम के रूप में हुई है. अस्पताल प्रशासन के अनुसार, घटना झारखंड जगुआर के कैंप में बुधवार देर रात की है. जवान को सांप काटने के बाद आनन-फानन में रिम्स लाया गया, जहां डॉक्टरों ने तुरंत उनका इलाज शुरू किया. उन्हें लगातार एंटी-वेनम दिया जा रहा है. लेकिन डॉक्टरों का कहना है कि उनकी स्थिति अभी भी नाजुक बनी हुई है.

### कोर्ट ने अग्रिम जमानत देने से किया इनकार

- जमीन विवाद में फर्जीवाड़े और साजिश के आरोप

**रांची।** सिविल कोर्ट रांची के न्यायायुक्त की अदालत ने जमीन विवाद से जुड़े एक मामले में आरोपी शंकर लाल गुप्ता और सुनीता कुमारी गुप्ता की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है. डेली मार्केट थाना कांड संख्या 28/23 से जुड़े इस मामले में शिकायतकर्ता रूपेश जायसवाल ने आरोप लगाया है कि कोनका मौजा की 11.09 डिसमिल जमीन की खरीद के बाद आरोपियों ने कब्जा छोड़ने का दबाव बनाया और रंगदारी मांगी. अभियोजन पक्ष ने अदालत को बताया कि आरोपी फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भूमि पर दावा कर रहे हैं और गंभीर आपराधिक साजिश में शामिल हैं.

## एक नजर

### कांग्रेस के नेताओं ने दी पीएन सिंह को श्रद्धांजलि



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष पीएन सिंह की 12वीं पुण्यतिथि गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गई. इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया. श्रद्धासुमन के बाद सभा का आयोजन कर कांग्रेसजनों ने पीएन सिंह के व्यक्तित्व के बारे में चर्चा की. इस अवसर पर प्रदेश के वक्ताओं ने सिंह को सच्चा कांग्रेसी बताते हुए कहा कि एक-एक कार्यकर्त्ता और उनके परिजनों से उनका व्यक्तिगत लगाव था. कहा गया कि पीएन सिंह के नहीं रहने पर भी उनके पुत्रों की ओर से इस परंपरा का निर्वाहन किया जा रहा है, यह बहुत बड़ी बात है. सिंह जमीन से जुड़े हुए नेता थे, जो लोगों के दुःख-सुख में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते थे. अपने जीवनकाल के कई उतार-चढ़ाव के बीच वो हमेशा पार्टी की मजबूती के लिए काम करते रहे। वे कांग्रेस कार्यकर्ताओं के प्रिय नेता थे. श्रद्धासुमन अर्पित करने वालो में डॉ प्रदीप बलमुचू, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, रवींद्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, संजय लाल पासवान, जयशंकर पाठक, अभिलाष साहु, सुरेंद्र सिंह, लाल किशोर नाथ शाहदेव, आभा सिन्हा, विनय सिन्हा दीपू, शैलेन्द्र सिंह, धमेन्द्र सिंह, लोहा सिंह, सत्यानारायण सिंह, गजेन्द्र सिंह, सुनिल सिंह सहित कई कांग्रेसजन शामिल थे.

### पहला स्वदेशी सोशल मीडिया सुपर ऐप ब्लू एरा लॉन्च



**रांची ।** देश का पहला पूर्ण रूप से स्वदेशी सोशल मीडिया सोशल सुपर ऐप ब्लु एरा को नई दिल्ली में लॉन्च किया गया. यह पूरी तरह से भारतीय तकनीक और विकास पर आधारित है, जिसमें किसी भी विदेशी निवेश की भागीदारी नहीं है. ये बातें गुरुवार को रांची प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में सह संस्थापक मनीष शर्मा, एडवाइजर अविनाश पांडे और हरी शंकर पांडेय ने सयुंक्त रूप से कही.उन्होंने कहा कि ब्लु एरा ऐप एक स्वदेशी बहूआयमी काम करने वाला मंच है जो सोशल मीडिया, ई-कॉमर्स और रोजगार के अवसर और सुरक्षित मैसेंजिंग को एक स्थान एकत्रित करता है. यह सुपर ऐप भारतीय उपभोक्ताओं को डाटा को सुरक्षा को सुनिश्चित करने के साथ-साथ छोटे व्यवसायों विक्रेताओं और स्थानीय बाजारों को मजबूत बनाने के लिए निर्मित किया गया है.

**मॉनसून सत्र** सदन में अंतिम दिन मथुरा प्रसाद महतो ने बलियापुर में रैयतों से हुई मारपीट कामुद्दा उठाया, कहा

# सेल ने एमपी से असामाजिक तत्वों को बुलाकर रैयतों को पिटवाया : मथुरा

**शुभम संदेश।रांची**

झारखंड विधानसभा पूरक मॉनसून सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने धनबाद के बलियापुर में रैयतों से हुई मारपीट की मुद्दा उठाया. उन्होंने सदन में ध्यानाकर्षण के माध्यम से इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि सेल कंपनी ने मध्य प्रदेश से असामाजिक तत्वों व बुलाकर रैयतों को पिटवाया. उन्होंने कहा कि धनबाद जिला के बलियापुर प्रखंड के आसनबनी गांव में 11 जुलाई को सेल कम्पनी व उनके लोगों के द्वारा भूमि अधिग्रहण करने के क्रम में कृषि/रैयती जमीन पर सेल कंपनी व उनके लोगों के द्वारा जिला प्रशासन, अंचल अधिकारी बलियापुर, थाना प्रभारी एवं अन्य पदाधिकारी की



उपस्थिति में अनुसूचित जनजाति के लोगों को बड़ी बेरहमी से पिटा गया. उनके मकान को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया. जब उन लोगों के द्वारा थाना में एफआईआर दर्ज किया गया, जो उसमें शामिल थे, उनके नाम को शामिल नहीं किया गया. मथुरा महतो ने सदन के माध्यम से उस समय जो उपस्थित थे, जिसमें सेल कम्पनी के अधिकारी, अंचल अधिकारी बलियापुर थाना प्रभारी एवं अन्य लोगों पर एफआईआर दर्ज करते हुए इसकी उच्चस्तरीय जांच कराकर इसके प्रभावित लोगों को न्याय दिलाने की मांग की. इसका जवाब देते हुए मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि धनबाद जिलान्तर्गत आसनबनी में 11 जुलाई को सेल से संबंधित कल्याणेश्वरी टसरा माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड (केटीएमपीएल) कंपनी के प्रतिनिधि एवं कर्मचारियों के द्वारा जमीन अधिग्रहण का कार्य किया जा रहा था. सरसाकडी के ग्रामीणों के द्वारा अधिग्रहण की जा रही उक्त भूमि को अपना पुस्तैनी जमीन बताते हुए अधिग्रहण का विरोध किया गयी. इसी दौरान कम्पनी में काम करने वाले कुछ अज्ञात लड़के व विरोध कर रहे ग्रामीणों के बीच झड़प हो गयी. झड़प में कंपनी के कर्मचारियों के द्वारा ग्रामीणों के साथ मारपीट की गयी. इसमें कुछ महिलाएं व पुरुष घायल हो गये थे. इस संबंध में वादिनी उर्मिला देवी के लिखित आवेदन के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध बलियापुर थाना में केस दर्ज किया गया. अनुसंधान के क्रम में पाया गया है कि कांड के अप्राथमिकी अभियुक्त नवीन शर्मा (22 वर्ष) जिला सीहीर मध्य प्रदेश और दीपक (24 वर्ष) जिला भींड मध्य प्रदेश, को गिरफ्तार कर न्यायालय में उपस्थापित किया गया. अप्राथमिकी मध्य प्रदेश के अभियुक्त मनिष जाट, रामेश्वर जाट व अर्जुन सोनी न्यायालय में आत्म समर्पण किया है. शेष अभियुको की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है. वर्तमान में कांड अनुसंधान अंतर्गत है. राजेश कुमार अनुमंडल पदाधिकारी धनबाद के द्वारा सेल इस परियोजना से विस्थापित होने वाले परिवारों के पुनर्वासन के लिए आर एण्ड आर कॉलोनी निर्माण के लिए बलियापुर अंचल अंतर्गत मौजा आसनवनी में अर्जित भूमि पर दखल कब्जा के लिए शांति व्यवस्था एवं विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए दंडाधिकारी लाल बालकिशोर नाथ शाहदेव, कार्यपालक दण्डाधिकारी, धनबाद, प्रवीण कुमार, अंचल अधिकारी, बलियापुर एवं पुअनि आशीष भारती, थाना प्रभारी, बलियापुर एवं बलों की प्रतिनियुक्ति की गई थी. संबंधित पदाधिकारी अपने सरकारी कर्तव्यों का निर्वाहन के लिए घटना स्थल पर गये थे. ये वहां स्पॉट पर या उससे कुछ दूरी पर थे यह स्पष्ट नहीं हो पाया है. यदि इस कांड में इनकी संलिप्तता की पुष्टि पायी जाती है तो इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. इस पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि घटना स्थल पर पदाधिकारी दूर क्यों खड़े थे. पदाधिकारी पर कार्रवाई करें.

## झारखंड में एनीमिया और कुपोषण से निपटने के लिए सीएमपीडीआई और टीईआईएफ के बीच एमओयू

**शुभम संदेश ।रांची**

सीएमपीडीआई ने झारखंड में एनीमिया और कुपोषण जैसी स्वास्थ्य समस्याओं से निपटने केलिए एक महत्वपूर्ण निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल की शुरुआत की है. इसके लिए संस्थान ने टाइम्स इम्प्लाय इंडिया फाउंडेशन (टीईआईएफ) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किया. यह पहल लातेहार और रांची जिलों के बालूमाथ और खलारी प्रखंडों के तीन सरकारी स्कूलों की 1550 छात्राओं और आसपास के समुदायों को लाभ पहुंचाएगी. समझौते पर हस्ताक्षर सीएमपीडीआई के सीएसआर नोडल अधिकारी संदीप कुमार भगत और टीईआईएफ के राज्य प्रबंधक श्री भास्कर दास गुप्ता के बीच,

### 1550 छात्राओं को होगा लाभ



सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास) आरके महापात्रा की उपस्थिति में हुए. 29 से 34 लाख रु की लागत वाली इस परियोजना के तहत चिकित्सा परीक्षण, स्वास्थ्य जांच, शैक्षिक कार्यशालाएं व स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सामग्री का वितरण किया जाएगा. आगामी आठ महीनों में पूरी की जाने वाली यह परियोजना स्कूल और सामुदायिक स्तर पर लड़कियों के स्वास्थ्य, पोषण और भविष्य को सशक्त बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है.

## ब्रीफ न्यूज

### मानसिक तनाव में आकर महिला ने लगा ली फांसी

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के अवसाने गांव में बुधवार की रात मानसिक तनाव से जूझ रही एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतका की पहचान प्रेम प्रकाश की पत्नी रोशनी कुमारी (30 वर्ष) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, रोशनी कुमारी की मानसिक स्थिति लंबे समय से ठीक नहीं रहती थी, जिसके कारण वह काफी परेशान और चिंतित रहती थी. इसी बीच बुधवार की रात उसने घर में ही फांसी लगा ली. परिजन तत्काल उसे मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही गुरुवार सुबह अस्पताल पुलिस चौकी की एएसआई सुशीला टियू पुलिस जवान विकास कुमार और महेंद्र कुमार के साथ अस्पताल पहुंचीं.

### पाटन पुलिस ने अवैध बालू के साथ दो ट्रैक्टर जब्त किए

**पाटन/पलामू।** पाटन पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार की रात और गुरुवार की सुबह अलग-अलग जगहों से अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त किया. थाना प्रभारी शशि शेखर पांडेय ने बताया कि बुधवार की रात सूचना मिली थी कि अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पाटन की ओर आ रहा है. त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने निमियां ग्राम से ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया. यह ट्रैक्टर नगेसर ग्राम निवासी अजय सिंह का बताया जा रहा है. वहीं गुरुवार की सुबह पुलिस ने गुप्त सूचना पर शोले ग्राम से एक और ट्रैक्टर जब्त किया, जिसमें अवैध बालू लदा हुआ था. यह ट्रैक्टर धनगाई ग्राम निवासी दिलीप शर्मा का बताया जा रहा है. थाना प्रभारी शशि शेखर पांडेय ने कहा कि पाटन पुलिस अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है.

### विधायक आलोक चौरसिया ने उठाई नरसिंहपुर पथरा को प्रखंड बनाने की मांग

**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान बुधवार को डाल्टनगंज भंडारिया विधानसभा क्षेत्र की एक लंबे समय से चली आ रही जन-प्रचलित मांग को लेकर विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने सदन में आवाज बुलंद की. उन्होंने सरकार से नरसिंहपुर पथरा को प्रखंड का दर्जा देने की मांग की।विधायक चौरसिया ने कहा कि यदि नरसिंहपुर पथरा को प्रखंड बनाया जाता है तो क्षेत्र की जनता को प्रशासनिक सुविधाएं नजदीक ही उपलब्ध होंगी. इससे ग्रामीणों को कार्यों के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा और विकास की प्रक्रिया को गति मिलेगी.

### स्व. ध्रुव नारायण सिंह को रघुवर दास ने दी श्रद्धांजलि

**मेदिनीनगर।** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास गुरुवार को झारखंड भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह के हमीदगंज स्थित आवास पहुंचे और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व जिला संघचालक स्व. ध्रुव नारायण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की. उन्होंने कहा कि स्व. सिंह संघ परिवार के मजबूत स्तंभ थे, जिनका जीवन समाज सेवा को समर्पित रहा. उनके विचार आज भी समाज को प्रेरणा देते हैं. श्री दास ने उन्हें सरल, विनम्र और आदर्शवादी व्यक्तित्व का धनी बताते हुए कहा कि उनके निधन से संगठन और समाज को अपूरणीय क्षति हुई है. श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मनोज सिंह की पत्नी एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, पूर्व विधायक किशुन दास, प्रेम सिंह, अमित तिवारी, सुनील पासवान, विजय ओझा, शिवकुमार मिश्रा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

---

अन्नू भैया जी ने बताया क्षमा का महत्व

## उत्तम क्षमा धर्म से शुरू हुआ पर्यूषण पर्व

शुभम संदेश। मेदिनीनगर



जैन समाज के सबसे पावन पर्व पर्यूषण की शुरुआत मेदिनीनगर में भक्तिमय वातावरण में हुई. दस दिवसीय इस पर्व का पहला दिन उत्तम क्षमा धर्म को समर्पित रहा. प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी अन्नू भैया जी के सानिध्य में भगवान महावीर स्वामी की पूजा-अभिषेक और प्रथम शांति धारा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई. अन्नू भैया जी ने बताया कि "क्रोध का कारण होते हुए भी क्रोध न करना ही उत्तम क्षमा है." क्षमा, आत्मा का धर्म है, जो सम्यग्दर्शन, ज्ञान और चारित्र का सच्चा भंडार है. यह पर्युषण पर्व की आधारशिला है. पूजन का सौभाग्य श्री सरस जैन सपरिवार को प्राप्त हुआ, वहीं सुभाष जैन 'रारा' (जैन श्री) सपरिवार ने श्रावक श्रेष्ठी बनकर पूजन किया. संगीत में बबिता जैन काला और यश जैन की प्रस्तुतियों ने वातावरण को भावमय बना दिया.

इस अवसर पर अध्यक्ष सरस जैन, सचिव सागर जैन, सुरेश जैन, कमल कासलीवाल, कैलाश गंगवाल समेत समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे. मीडिया प्रभारी रोहित जैन ने कहा, 'क्षमा वीरस्य भूषणम्' – यही आज के दिन का सार है.

---

बालूमाथ में पत्रकार पर जानलेवा हमला

## बुद्धिजीवियों ने 24 घंटे में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग उठायी

शुभम संदेश। बालूमाथ (लातेहार)



बालूमाथ के पत्रकार सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता पर बुधवार रात मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों ने जानलेवा हमला किया. सुरेंद्र गुप्ता रांची से लौट रहे थे, तभी पल्सर मोटरसाइकिल में सवार तीन युवकों ने उनकी कार को दो बार टक्कर मारकर हमला कर दिया. आसपास के लोगों की मदद से अपराधियों का पीछा किया गया, लेकिन वे नगडा ओवरब्रिज के पास मोटरसाइकिल छोड़कर जंगल की ओर भाग गए. पुलिस ने मौके से पल्सर मोटरसाइकिल बरामद कर लिया है.

गुरुवार को इस घटना के विरोध में बालूमाथ स्थित होटल रोज गार्डन में राजनीतिक दलों, जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता हाजी शब्बीर ने की, जबकि संचालन सांसद प्रतिनिधि प्रेम प्रसाद गुप्ता ने किया. सभी ने पत्रकार पर हमले की कड़ी निंदा की. बैठक के बाद एक मौन जुलूस के रूप में लोग थाने पहुंचे और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में 24 घंटे के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की गई है, अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी गई है.

चतरा के सांसद कालीचरण सिंह ने घटना की निंदा करते हुए पत्रकारों के प्रति अपनी एकजुटता जताई और एसपी से शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की. विधायक प्रकाश राम ने भी चेतावनी दी कि यदि 24 घंटे में गिरफ्तारी नहीं होती है तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा. बैठक में विधायक प्रतिनिधि संजय यादव, उपेंद्र यादव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप गझु, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर हयात, नवगठित लातेहार प्रेस क्लब के अध्यक्ष विकास तिवारी सहित कई पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे.

### झारखंड के डाकघरों में चार दिन से लिंक फेल, खाताधारकों में नाराजगी

**हुसैनाबाद (पलामू)।** झारखंड के अधिकांश डाकघरों में बीते चार दिनों से लिंक फेल रहने के कारण कार्य पूरी तरह से बाधित हो गया है. पलामू प्रमंडल के जपला, डाल्टेनगंज, नगर उंटारी, हरिहरगंज, हैदरनगर के साथ-साथ धनबाद, रामगढ़ कैंट, गढ़वा, साहिबगंज और दुमका सहित कई जिलों के डाकघर प्रभावित हैं. लिंक फेल होने के कारण खाताधारकों को पेंशन, मनी ट्रांसफर, जीवन प्रमाण पत्र जैसे जरूरी कार्यों में भारी दिक्कत हो रही है. लोग रोजाना डाकघर आकर निराश लौट रहे हैं, जिससे उनमें गहरा आक्रोश है. डाककर्मियों को भी ग्राहकों के गुस्से का सामना करना पड़ रहा है. राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ, झारखंड के अध्यक्ष अश्विनी पांडेय ने बताया कि डाक विभाग में नया सॉफ्टवेयर वर्जन 2.0 लागू होने के बाद से यह समस्या और बढ़ गई है. विभागीय अधिकारियों को सूचना दे दी गई है और जल्द समाधान का भरोसा भी दिया गया है. फिलहाल आम लोगों की परेशानी लगातार बढ़ रही है.

---

बालूमाथ में खाद की कालाबाजारी जारी

## किसानों से वसूला जा रहा अतिरिक्त पैसा

शुभम संदेश। बालूमाथ (लातेहार)



बालूमाथ प्रखंड में इन दिनों खेती के मौसम के बीच यूरिया और डीएपी खाद की कालाबाजारी जोरों पर है. किसानों को सरकारी दरों पर खाद उपलब्ध कराने की बात केवल कागजों तक सीमित रह गई है. ताजा मामला गोबरी टोला स्थित एक बीज दुकान का है, जहां किसानों से निर्धारित मूल्य से अधिक रकम वसूली जा रही है. चेताग पंचायत के पकरी गांव की तीन दुकानों में भी इसी तरह खुलेआम अवैध वसूली की जा रही है. किसान मजबूरी में अधिक पैसे चुपचाप देने को विवश हैं क्योंकि खेती बिना खाद के संभव नहीं. इससे पूर्व भी बालूमाथ में किसानों ने अधिक मूल्य वसूली की शिकायत की थी, जिसके बाद अंचल अधिकारी ने दुकानदारों को चेतावनी दी थी कि खाद केवल सरकारी दर पर ही बेची जाए. लेकिन इसके बावजूद कालाबाजारी पर रोक नहीं लग सकी है. ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि गरीब व मेहनतकश किसान आर्थिक शोषण से बच सकें. प्रशासन की लापरवाही से किसान लगातार शिकार बन रहे हैं.

## मछली मारने के बहाने करते थे बाइक चोरी पांडू पुलिस ने तीन चोरों को किया गिरफ्तार

रामपूजन सिंह। पांडू/पलामू



पांडू थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की गई बाइक भी बरामद की है. पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने मछली मारने के बहाने क्षेत्र में घूम-घूम कर चोरी की योजना बनाई और घटना को अंजाम दिया. गिरफ्तार आरोपियों में पांडू थाना क्षेत्र के मुसीखाप निवासी आनंद कुमार (23), कजरु खुर्द निवासी अवधेश माली (20) और पिपरी (मुरुमातु) निवासी अनिष रवि (18) शामिल हैं. इनसे बरामद की गई बाइक हीरो एचएफ डिलक्स (नंबर JH03AQ1645) है.

पांडू थाना प्रभारी विगेश कुमार राय ने बताया कि मुरुमातु (नौडीहवा टोला) निवासी अरुण पाल ने बाइक चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी. जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि कुछ युवक मछली मारने के बहाने चोरी की जगह के आस-पास देखे गए हैं.

पूछताछ के क्रम में अवधेश माली और अनिष रवि ने स्वीकार किया कि उन्होंने अपने साथी आनंद कुमार के साथ मिलकर बाइक चोरी की. उन्होंने मुरुमातु से बाइक चुराई और उसे धकेलते हुए हिसड़ा गांव तक ले गए, जहां से उसे डायरेक्ट कर स्टार्ट किया गया.

बाइक को आनंद कुमार के मुसीखाप स्थित पुराने खपरैल घर में छिपा दिया गया था. पुलिस ने वहां से बाइक बरामद कर ली. इस कार्रवाई में थाना प्रभारी विगेश कुमार राय के साथ एएसआई प्रेम रंजन कुमार सिंह, ब्रजकिशोर कुमार और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे.

---

रघुवर दास का तीखा प्रहार, कहा-

## राहुल गांधी वोट चोरी का गलत आरोप लगा रहे हैं

शुभम संदेश। लातेहार



झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा नेता रघुवर दास ने कांग्रेस पर वोट चोरी का झूठा आरोप लगाकर जनता को भ्रमित करने का आरोप लगाया है. स्थानीय परिषदन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान रघुवर दास ने कहा कि देश की जनता बार-बार कांग्रेस को नकार रही है, इसलिए राहुल गांधी निराधार आरोप लगा रहे हैं. उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होती है, जिसमें मृतक मतदाताओं के नाम हटाए जाते हैं और नए 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवाओं के नाम जोड़े जाते हैं.

रघुवर दास ने कहा कि अब देश में जात-पात और विभाजन की राजनीति नहीं चलेगी, बल्कि जनता विकास की राजनीति चाहती है. यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश ने तीसरी बार चुना है. उन्होंने कहा कि मोदी गरीब परिवार से आने के कारण गरीबों का दर्द समझते हैं और 11 वर्षों में करोड़ों लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है. दास ने कांग्रेस की परिवारवादी राजनीति की भी आलोचना की और कहा कि जनता इसे स्वीकार नहीं करती. उन्होंने चुनाव प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाने के लिए घुसपैठियों के नामों को भी वोटर लिस्ट से हटाने की मांग की.

### वरिष्ठ अधिवक्ता डी एस प्रसाद का निधन

**लातेहार।** जिला अधिवक्ता संघ से जुड़े वरिष्ठतम अधिवक्ता दयाशंकर प्रसाद का निधन इलाज के दौरान हो गया है। उनके निधन पर वरियतम अधिवक्ता राजमणि प्रसाद ने शोक प्रकट करते हुए कहा कि संघ के एक बड़े स्तंभ को ईश्वर ने बुला लिया है. प्रसाद ने कहा कि उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व हमेशा वकालतखाने में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा. अधिवक्ता सुनील कुमार ने कहा कि स्व प्रसाद कानून की बारिकियों को बखूबी अदालत में पेश करने के लिए विख्यात थे. उनके निधन से लातेहार जिला को बड़ी क्षति हुई है. कुमार ने उनके निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है एवं विनम्र श्रद्धासुमन अर्पित किया है. संघ के अध्यक्ष लाल अरविंद नाथ शाहदेव ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि दया बाबू कानून की गहराइयों तक पहुंचने में कोई कसर नहीं छोड़ते थे. श्री सहदेव ने कहा कि वे हमेशा न्यायालय में लॉ और फैक्ट को रखते थे. सचिव संजय कुमार ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि स्वर्गीय प्रसाद का व्यक्तित्व अनुकरणीय है.

उन्होंने जिले वासियों को बड़ी कानूनी मदद किया है. मालूम हो स्वर्गीय प्रसाद अपने पीछे दो पुत्रों समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं. अधिवक्ताओं ने उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया है. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह, अपर जिला जज दिनेश कुमार मिश्रा अपने तमाम न्यायिक पदाधिकारियों के साथ स्वर्गीय प्रसाद के घर जाकर पार्थिव शरीर का अंतिम दर्शन कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया है.

---

## एक नजर

### पुण्यतिथि पर गायक मुकेश को दी गई श्रद्धांजलि



**मेदिनीनगर।** प्रसिद्ध गायक मुकेश की पुण्यतिथि पर गुलशन संस्था की ओर से गुरुवार को जय भवानी संघ चौक स्थित गुलशन क्लब कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें मौजूद क्लब के सदस्य कलाकारों ने गायक मुकेश को श्रद्धांजलि अर्पित की. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डीएसपी दीपक कुमार व पुलिस इंस्पेक्टर देवव्रत पोद्दार रूप मौजूद थे. कार्यक्रम का संचालन अशफाक अहमद ने किया. उन्होंने गायक मुकेश की जीवनी पर संक्षिप्त रूप से प्रकाश डाला. उन्होंने गायक मुकेश के गाए कई गानों को गाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. वहीं कई कलाकारों ने भी गायक मुकेश के गए कई गीत प्रस्तुत किए. मौके पर क्लब के सचिव अनवर आलम, विपिन सिंहा, असफर रबवानी, महेश तिवारी, सिंटू सिंहा, साबिर अली, तंजीम उल अंसार के अशफाक अहमद, जियाउद्दीन अंसारी, राजूजी, शिव शंकरजी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे.

### पीएम श्री स्तरोन्नत उच्च विद्यालय करकट्टा के छात्रों ने जिला स्तर पर रचा इतिहास



**उंटारी रोड (पलामू)।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर झारखंड शिक्षा परियोजना पलामू द्वारा जिला स्तरीय भाषण, क्विज व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन एक्सीलेंस जिला स्कूल में किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी थे. इस प्रतियोगिता में पीएम श्री स्तरोन्नत उच्च विद्यालय करकट्टा, ऊंटारी रोड के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया. भाषण प्रतियोगिता (बालक वर्ग, नवम-बारहवीं) में मोनू कुमार (वर्ग नवम) ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले में शीर्ष स्थान हासिल किया और अब वह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे. बालिका वर्ग में नंदनी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर लगातार जिले में अपनी पहचान बनाई. वहीं क्विज प्रतियोगिता (बालक वर्ग, षष्टम-अष्टम) में अमित कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया. एक ही विद्यालय से तीन छात्रों का चयन होना विद्यालय के लिए गर्व की बात है. इस सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों, अभिभावकों और विशेष रूप से प्रधानाध्यापक श्री संजय कुमार सिंह को जाता है, जिनके नेतृत्व में विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो रहा है.

### तीर्थ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का जत्था हुआ रवाना



**महुआडांड़(लातेहार)।** महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत दिन गुरुवार को स्थानीय दुर्गाबाड़ी से बीस श्रद्धालुओं का जत्था तिरुपति , रामेश्वरम , मदुरई, कन्याकुमारी के लिए रवाना हुए. सभी श्रद्धालुओं ने दुर्गा मंदिर में माथा टेका एवं मंगलमय यात्रा की कमाना किये. हिंदू वाहिनी के जिला अध्यक्ष मुकेश जायसवाल ने सभी श्रद्धालुओं को रवाना किए एवं मंगलमय यात्रा की कमाना की. वही सभी श्रद्धालुओं ने कहा कि हम लोग हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीर्थ स्थल का भ्रमण के लिए जा रहे है. एवं सभी तीर्थ स्थल का दर्शन करेंगे सुख समृद्धि का कमाना करेंगे. तीर्थ स्थल जाने में मुख्य रूप से हीरालाल प्रसाद , शिला देवी , ऊषा देवी , आदित्य प्रसाद , चन्दन कुमार, विकाश उरांव, राजेश जायसवाल , अनीता देवी , अनीता जायसवाल , कृष्ण प्रसाद,, निर्मला देवी , प्रमिला देवी एवं दर्जनों लोग शामिल थे.

### खेल हमें अनुशासन सिखाता है : उदय

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय खेल दिवस पर राजकीय अनुसूचित जाति कल्याण छात्रावास में वालीबॉल मैच का आयोजन किया गया. मैच से पूर्व मौजूद लोगों ने हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण किया. छात्र नेता उदय राम ने मेजर ध्यानचंद सिंह के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है. साथ ही खेल हमें अनुशासन की सीख देता है. उन्होंने कहा कि खेल में हार-जीत लगा रहता है. हार से नहीं घबराकर जीत के लिए प्रयास करना चाहिए. मौके पर उपेन्द्र कुमार, यशवंत कुमार, परमानंद कुमार, आयुष कुमार, बबलू कुमार, रवि कुमार, अमन कुमार, नीरज कुमार आर्यन कुमार, विकास कुमार, अभिषेक कुमार, लालचन्द्र कुमार, मनु कुमार, विष्णु कुमार सहित छात्रावास के कई छात्र उपस्थित थे.

### लोकप्रिय व्यवसायी जय प्रकाश हमराही के निधन से हुसैनाबाद में शोक की लहर



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं हमराही कला केंद्र के प्रोपराइटर जय प्रकाश हमराही का बुधवार शाम 05 बजे 70 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया. वे पिछले कुछ महीनों से बीमार चल रहे थे और उनका इलाज रांची में चल रहा था. उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई. जय प्रकाश हमराही न केवल एक सफल व्यवसायी थे, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी उनकी सक्रिय भागीदारी रही. उनका सरल स्वभाव, विनम्रता और समाजसेवा के प्रति समर्पण के कारण वे सभी वर्गों में लोकप्रिय थे. उनके निधन पर हुसैनाबाद के व्यावसायिक समुदाय, सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों, साहित्यकारों और आम नागरिकों ने गहरी संवेदना प्रकट की है. वे अपने पीछे धर्मपत्नी, चार पुत्र और एक पुत्री का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं. उनका अंतिम संस्कार उसी दिन शाम 06 बजे सोन नदी के तट पर स्थित मुक्तिधाम में किया गया, जहां भारी संख्या में लोग उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे.

---

## दुर्गा पूजा को लेकर बैठक, राकेश कुमार अग्रवाल बने अध्यक्ष



शुभम संदेश। बरवाडीह (लातेहार)

आगामी दुर्गा पूजा को लेकर बरवाडीह प्रखंड के बरवाडीह बाजार में एक बैठक का आयोजन किया गया. बैठक की अध्यक्षता राकेश कुमार अग्रवाल ने की. इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय दुकानदारों एवं क्षेत्र के बुद्धिजीवी लोग उपस्थित रहे।बैठक में सर्वसम्मति से राकेश कुमार अग्रवाल को दुर्गा पूजा समिति का अध्यक्ष चुना गया. वहीं उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी राजू सिंह, सन्नी मल्होत्रा, रॉकी कुमार, गौतम कुमार एवं मिट्ठु कुमार को सौंपी गई. समिति के सचिव पद पर शैलेन्द्र सिंह उर्फ शिम्पी का चयन किया गया. कोषाध्यक्ष के रूप में मुकेश कुमार अग्रवाल और मोहित वर्मा को चुना गया, जबकि सह सचिव का दायित्व अंकित वर्मा को दिया गया. बैठक में उपस्थित लोगों ने कहा कि दुर्गा पूजा बरवाडीह बाजार की आस्था और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है. इस बार पूजा आयोजन को और भव्य एवं सफल बनाने के लिए समिति पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करेगी.

### विधायक प्रकाश राम बोले- बालूमाथ को पूरी अनुमंडल का दर्जा मिले

**बालूमाथ (लातेहार)।** झारखंड विधानसभा के चालू सत्र के आखिरी दिन गुरुवार को लातेहार विधायक प्रकाश राम ने गैर सरकारी संकल्प के माध्यम से बालूमाथ को पूर्ण रूप से अनुमंडल का दर्जा देने की सरकार से मांग की. अपने गैर सरकारी संकल्प में विधायक प्रकाश राम ने बालूमाथ, बारियातू व हेरहंज प्रखंड को सम्मिलित कर बालूमाथ पूर्ण अनुमंडल का दर्जा दिए जाने की मांग करते हुए कहा कि तीनों प्रखंडों की सीमाएं पलामू, चतरा एवं रांची जिला से मिलती है. साथ ही अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़ा वर्ग बाहुल्य क्षेत्र है. सरकार की ओर से जवाब देते हुए झारखंड सरकार के मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि बालूमाथ पुलिस अनुमंडल के रूप में काम कर रही है. उपायुक्त का आयुक्त के माध्यम से बालूमाथ को पूर्ण रूप से अनुमंडल बनाने का प्रस्ताव आता है तो सरकार इसपर आगे की कार्रवाई करेगी.

## जेएस कॉलेज में नामांकन में गड़बड़ी का आरोप लगा

एनएसयूआई ने उठाई आवाज, दी चेतावनी

शुभम संदेश। मेदिनीनगर

जेएस कॉलेज के हिंदी विभाग में स्नातक सत्र 2025-2029 के नामांकन को लेकर गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए एनएसयूआई ने निष्पक्ष प्रक्रिया की मांग की है. एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी ने कहा कि मेरिट लिस्ट में चयनित होने के बावजूद कई विद्यार्थियों को नामांकन से वंचित किया जा रहा है.

तिवारी के अनुसार, हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सुरेश साहू द्वारा छात्रों के प्रमाण पत्रों का सत्यापन नहीं किया जा रहा, जिससे छात्रों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. कुछ छात्रों ने यहां तक आरोप लगाया कि उन्हें पढ़ाई की बजाय हल जोतने और घास काटने जैसे कार्य करने के लिए कहा गया, जो बेहद निंदनीय है.

एनएसयूआई ने कॉलेज प्रबंधन से मांग की है कि सभी योग्य विद्यार्थियों का नामांकन तुरंत सुनिश्चित किया जाए और जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाए. तिवारी ने कहा कि शिक्षा के मंदिर में विद्यार्थियों का ऐसा अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और एनएसयूआई इस मुद्दे पर अंतिम स्तर तक संघर्ष करेगा.

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी, रिशु दुबे, इंदु कुमारी, काजल कुमारी, मीरा कुमारी, पवन कुमार और सौरभ कुमार समेत कई छात्र मौजूद थे.

## दो घरों से लाखों की चोरी, घटनास्थल पर खोजी श्वान के साथ पहुंची पुलिस

**उंटारी रोड (पलामू )।** जिले के उंटारी रोड थाने के जोगा पंचायत के दरुआ गांव के कल्याणपुर (पाल टोला) में दो सगे भाई सुनील पाल व अशोक पाल की घरों से जेवरात सहित लाखों की चोरी हुई है. जिले से खोजी कुते को बुलाकर पुलिस मामले की खोजबीन में जुट गई है. हालांकि खबर लिखे जाने तक पुलिस को कोई ठोस सबूत हाथ नहीं लगी थी. जानकारी के अनुसार घटना के समय परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे. सुनील पाल के दो लड़के एक सीआरपीएफ व दूसरा नेवी में कार्यरत है जबकि अशोक पाल की पत्नी आंगनबाड़ी सेविका है. दोनों घरों से जेवरात सहित लाखों की चोरी हुई है. पुलिस घटना के छानबीन में जुट गई है.



## ब्रीफ न्यूज

### नगर निगम क्षेत्र में जलजमाव और भ्रष्टाचार का मामला

**हजारीबाग।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने नगर निगम क्षेत्र में जलजमाव और नाली निर्माण में हो रही अनियमितताओं का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। गुरुवार की दूसरी पाली में विधायक ने कहा कि नगर निगम द्वारा बनाई गई नालियां मानकों के अनुरूप नहीं हैं। इंजीनियरों की लापरवाही और खानापूरी के चलते शहर के कई इलाकों में पानी भर रहा है, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने कहा कि वे स्वयं जेसीबी की मदद से कई जगहों पर जल निकासी की व्यवस्था कर रहे हैं।

### एसडीओ के नेतृत्व में कांति क्लिनिक में छापेमारी

**चंदवारा (कोडरमा)।** गुरुवार को संध्या करीब 5:00 बजे एसडीओ रिया सिंह और सीओ अशोक कुमार भारती के नेतृत्व में चंदवारा थाना से महज 100 मीटर दूरी पर स्थित कांति क्लिनिक में छापेमारी की गई। जांच के दौरान क्लिनिक में कई गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। मेडिकल स्टोर में भी खामियां उजागर हुईं. सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि डॉक्टर की अनुपस्थिति में कंपाउंडर और नर्सिंग स्टाफ द्वारा मरीजों का इलाज किया जा रहा था. एसडीओ ने बताया कि यह क्लिनिक पूर्व में भी लापरवाही के मामलों में चर्चित रहा है। 13 अप्रैल 2023 को इलाज के दौरान रीना देवी नामक महिला की सुई देने से मौत हो गई थी।

### ज्वेलर्स दुकान पर चोरों ने किया चोरी का प्रयास, विफल

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, लेकिन पुलिस की कार्रवाई फिलहाल केवल प्राथमिकी दर्ज करने तक सीमित दिख रही है। बुधवार रात हंटरगंज मेन बाजार में स्थित गणेश आभूषणालय ज्वेलर्स दुकान में अज्ञात चोरों ने चोरी का बड़ा प्रयास किया. हालांकि चोरों की यह कोशिश असफल रही, लेकिन घटना से क्षेत्र के दुकानदारों में दहशत व्याप्त है. जानकारी के मुताबिक, इस दुकान को पिछले डेढ़ साल में चार बार निशाना बनाया गया है. तीन बार चोर असफल रहे, लेकिन चौथी बार चोरों ने गैस कटर से पीछे का दरवाजा काटकर शटर का ताला तोड़ दिया।

**खुशखबरी :** हजारीबाग को मिली बीसीसीआई कूच बिहार ट्रॉफी की मेजबानी, संजय सिंह स्टेडियम में होगा पहला मैच

# 8-11 दिसंबर तक झारखंड बनाम केरल के ऐतिहासिक मैच का गवाह बनेगा हजारीबाग, 15 दिनों में मैदान की तैयारी होगी पूरी

प्रदीप कुमार सिन्हा। हजारीबाग

हजारीबाग के क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है. हजारीबाग को पहली बार बीसीसीआई घरेलू कूच बिहार ट्रॉफी की मेजबानी मिली है. झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) के मानद सचिव सौरभ तिवारी ने एक पत्र के माध्यम से इसकी पुष्टि की है. यह ऐतिहासिक मैच 8 से 11 दिसंबर 2025 तक संजय सिंह क्रिकेट स्टेडियम, हजारीबाग में झारखंड और केरल के बीच खेला जाएगा. जेएससीए के अनुसार बीसीसीआई ने हाल ही में झारखंड में क्रिकेट टूर्नामेंटों के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए जेएससीए की सराहना की है. इसी के तहत जेएससीएको 2025-26 सीजन के लिए कुल 77 मैचों की मेजबानी का जिम्मा सौंपा गया है, जिसमें से पहला मैच हजारीबाग को मिला है. जेएससीए ने हजारीबाग जिला क्रिकेट एसोसिएशन से अनुरोध किया है कि मैच के सुचारू संचालन के लिए स्टेडियम को समय पर तैयार किया जाए. पत्र में विशेष रूप से पिच, आउटफील्ड, साइड स्क्रीन, पिच कवर, रोलर, खिलाड़ियों के ड्रेसिंग रूम और अन्य सुविधाओं को मैच से कम से कम 15 दिन पहले पूरी तरह से तैयार रखने के लिए कहा गया है. यह हजारीबाग के लिए एक बड़ा अवसर है, क्योंकि इससे यहां के युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर का अनुभव मिलेगा और शहर का नाम क्रिकेट के मानचित्र पर उभरेगा.इस बड़ी उपलब्धि पर हजारीबाग जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सह स्थानीय सांसद मनीष जायसवाल ने खुशी जताते हुए कहा कि हमारा वर्षों का सपना साकार होने जा रहा है. उन्होंने संघ के पूर्व सचिव स्व.संजय सिंह को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने जिस शिद्दत से इस मैदान को तैयार किया और हजारीबाग जैसे छोटे शहर में बीसीसीआई के मैच की मेजबानी का सपना देखा था, वह साकार होने जा रहा है. संघ के सचिव बंटी तिवारी ने कहा कि हम तैयारी में जुट गए हैं और निश्चित रूप से हमें इतने बड़े मैच की मेजबानी कर खुशी होगी. बीते 17 जुलाई 2025 को बीसीसीआई के अधिकारियों की एक टीम ने संजय सिंह क्रिकेट स्टेडियम का निरीक्षण किया था और बीसीसीआई के मैच के लिए इस स्टेडियम को सक्षम बताया था. उल्लेखनीय है कि मनीष जायसवाल जब से हजारीबाग जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष बने हैं, तब से लगातार उन्होंने इस स्टेडियम के कायाकल्प का भरसक प्रयास किया और वर्तमान में स्टेडियम इस स्थिति में है, जहां अब बीसीसीआई के मैच की मेजबानी की तैयारी हो रही है.



इटखोरी प्रखंड का दौरा कर उपायुक्त कीर्तिश्री ने ली योजनाओं की समीक्षा

# पर्यटन, महिला सशक्तीकरण और कृषि के विकास पर दिया विशेष जोर

विनोद यादव। चतरा

चतरा जिले की उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री जी ने गुरुवार को इटखोरी प्रखंड का व्यापक दौरा कर विभिन्न सरकारी योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण और तय समय सीमा में पूरे किए जाएं, ताकि आमजन को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके.

**बक्सा डैम क्षेत्र का निरीक्षण और पर्यटन विकास पर बल :** दौरे की शुरुआत उपायुक्त ने बक्सा डैम क्षेत्र के निरीक्षण से की. उन्होंने सिंचाई विभाग के विश्रामगृह और आस-पास की व्यवस्था का अवलोकन किया. उन्होंने पर्यटन विभाग को निर्देशित किया कि डैम क्षेत्र का सौंदर्यीकरण, पार्किंग सुविधा और रेस्ट हाउस जैसे आवश्यक ढांचागत विकास कार्य तेजी से किए जाएं. उपायुक्त ने कहा कि बक्सा डैम की प्राकृतिक सुंदरता और धार्मिक महत्व को देखते हुए इसे पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करना जरूरी है.

**महिला स्व-सहायता समूहों की सराहना :** इटखोरी पहुंचने पर धनखेरी आजीविका महिला संकुल संगठन की महिलाओं ने पारंपरिक स्वागत किया. श्रीमती कीर्तिश्री ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं की कला और आत्मनिर्भरता की भावना की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में सहायक है. उन्होंने अधिकारियों से कहा कि समूहों को प्रशिक्षण, विपणन और योजनाओं से जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जाए.



**कृषि फार्म का निरीक्षण और आधुनिक तकनीकों पर जोर :** उपायुक्त ने इटखोरी स्थित लगभग 25 एकड़ के कृषि फार्म का निरीक्षण किया. उन्होंने अजोला उत्पादन यूनिट, डैम एवं पशु शेड का अवलोकन करते हुए इनके विस्तार और सुदृढ़ीकरण पर बल दिया. उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीकों और वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है. इसके लिए किसानों को प्रशिक्षण और समय पर तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए.

**पोषण योजना की समीक्षा और अनियमितता पर नाराजगी :** निरीक्षण के दौरान उपायुक्त माधोपुर आंगनवाड़ी केंद्र भी पहुंचीं. उन्होंने पोषाहार पंजी का निरीक्षण किया, जो संतोषजनक नहीं पाया गया. इस पर उन्होंने संबंधित पदाधिकारी से स्पष्टीकरण की मांग की और भविष्य में सुधार लाने का निर्देश दिया.

**डेयरी यूनिट और खाद्यान्न गोदाम का निरीक्षण :** उपायुक्त ने प्रेमबुक डेयरी यूनिट का भी दौरा किया और वहां की कार्यप्रणाली की जानकारी ली. इसके साथ ही प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थित खाद्यान्न गोदाम का निरीक्षण कर भंडारण व्यवस्था और वितरण प्रणाली की समीक्षा की. उन्होंने जिला आपूर्ति पदाधिकारी नीतू सिंह को खाद्यान्न की पारदर्शी और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.

**निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष निर्देश :** प्रखंड परिसर में डीएमएफटी मद से बन रहे प्रशिक्षण हॉल और बैठक कक्ष के निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया गया. उपायुक्त ने निर्माण एजेंसी को गुणवत्तापूर्ण कार्य और निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया.

**जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों से संवाद:** दौरे के अंतिम चरण में श्रीमती कीर्तिश्री ने प्रखंड सभागार में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से सीधा संवाद किया. उन्होंने क्षेत्र की समस्याएं और सुझाव सुने और आश्वासन दिया कि प्राथमिकताओं के अनुसार योजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा.

**पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा, बढ़ेंगे रोजगार :** पत्रकारों से बात करते हुए उपायुक्त ने कहा कि मां भद्रकाली मंदिर और बक्सा डैम का सर्वांगीण विकास जिला प्रशासन की प्राथमिकता में है. प्रशासनिक स्तर पर इसकी कार्ययोजना तैयार की जा रही है जिससे पर्यटन का विस्तार होगा और स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे.

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम, जिला सहकारिता पदाधिकारी लोकनाथ महतो, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा, बीडीओ सोमनाथ बांकिरा, अंचल अधिकारी सविता सिंह समेत कई वरीय अधिकारी उपस्थित थे.

### चार दिन पूर्व नदी में बहे युवक का शव बरामद


**हंटरगंज(चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड के वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के करमा पंचायत अंतर्गत मंझगांवा गांव निवासी जोगिंदर भारती का पुत्र पप्पू कुमार का शव गुरुवार को कर्मा एवं कनगुरुवा गांव स्थित लिलाजन नदी से स्थानीय थाना पुलिस ने शव बरामद किया है . इस संबंध में बताया गया कि बीते सोमवार की देर शाम से मृतक अमझरीया नदी में डूब गया था. जिसे परिजनों के द्वारा काफी खोजबीन किया जा रहा था . सुबह नदी में पानी का जलस्तर कम होने के बाद ग्रामीणों को दिखाई पड़ा. इसके बाद ग्रामीणों ने स्थानीय थाना को जानकारी दी . जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया. इस घटना से मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है. वहीं गांव में मातम पसरा हुआ है.

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक सम्पन्न

**रामगढ़।** गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में समिति के समक्ष चार अनुकंपा मामलों को प्रस्तुत किया गया. सभी मामलों में प्राप्त आवेदनों व दस्तावेजों की गहन समीक्षा कर आवश्यक निर्णय लिए गए. बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, स्थापना उप समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी और नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

## एक नजर

### गुरु तेग बहादुर सिंह की पालकी जागृति यात्रा पहुंची हजारीबाग, हुआ जोरदार स्वागत



**हजारीबाग।** सिखों के नौवें गुरु गुरु तेग बहादुर सिंह जी की पालकी और उनके अस्त्र-शस्त्र को लेकर निकली जागृति यात्रा गुरुवार को असम से चलकर हजारीबाग पहुंची. यह यात्रा विभिन्न जिलों से होती हुई पंजाब तक जाएगी. दोपहर में डेमोटांड़ पहुंचने पर खालसा यूथ विंग ने यात्रा का स्वागत कर नगर प्रवेश कराया. यात्रा बस स्टैंड, बुढ़वा महादेव, आनंदा चौक होते हुए स्थानीय गुरुद्वारा पहुंची, जहां कीर्तन और अटूट लंगर का आयोजन हुआ. रांची से पहुंचे 20 बुलेट राइडर्स भी आकर्षण का केंद्र बने. फेडरेशन चैंबर ऑफ कॉमर्स, दिगंबर जैन पंचायत, सहित कई सामाजिक संगठनों ने यात्रा का स्वागत किया.

### सांसद मनीष ने की प्रतिनिधियों की घोषणा

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के प्रमुख प्रतिनिधियों के नामों के घोषणा के साथ ही हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधियों की वैधानिक रूप से बुधवार को घोषणा कर दी. इससे पहले ही उन्होंने रामगढ़ , बड़कागांव और मांडू विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधियों के नामों की घोषणा कर चुके हैं. अब सिर्फ बरही विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधियों का घोषणा होना बाकी है. सांसद प्रतिनिधियों में सत्यनारायण सिंह, विनोद झुनझुनवाला, रंजन चौधरी, अजय साहु, इंद्र नारायण कुशवाहा, जीवन मेहता, किशोर राणा, विशाल वाल्मीकि, रेणुका साहू ,अनूप ठाकुर, दीपू, लब्बू गुप्ता, बीरेंद्र, प्रेमचंद प्रसाद, मिथिलेश यादव, कृष्णा मेहता को विभिन्न विभागों एवं क्षेत्रों में नियुक्त किया जिससे संबंधित क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के साथ सामंजस्य स्थापित कर सेवा की एक कड़ी बनाई जाए.

### आरोग्यम अस्पताल में दवा का निःशुल्क वितरण हुआ

**हजारीबाग।** हजारीबाग में एच.जेड.बी. आरोग्यम सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल ने एस.बी.एम.सी.एच. के सहयोग से फाइलेरिया (हाथी पैर) रोग की रोकथाम और उपचार हेतु निःशुल्क दवा वितरण शिविर का आयोजन किया. इस शिविर का उद्देश्य आमजन को फाइलेरिया रोग से बचाव, समय पर उपचार और इसके बारे में जागरूक करना था. फाइलेरिया एक संक्रामक रोग है, जो संक्रमित मच्छरों के काटने से फैलता है और शरीर के अंगों को प्रभावित करता है. यदि समय पर उपचार न मिले तो यह रोग असाध्य हो सकता है. अस्पताल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने बताया कि प्रारंभिक अवस्था में उचित दवा और परामर्श से फाइलेरिया पूरी तरह ठीक किया जा सकता है.

### पीएन सिंह की 12वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई

**हजारीबाग।** वरिष्ठ कांग्रेसी पीएन सिंह की 12वीं पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित और माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने की. उन्होंने कहा कि पीएन सिंह ने बिहार-झारखंड में कांग्रेस के कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया. इस अवसर पर प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा, प्रदेश सचिव अवधेश कुमार सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी सहित कई नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे.



### ई-रिक्शा चालकों ने किया विरोध प्रदर्शन

**हजारीबाग.** शहर के ई-रिक्शा चालकों ने गुरुवार को मटवारी गांधी मैदान में अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया. उनका कहना था कि बेरोजगारी दूर करने के लिए उन्होंने ई-रिक्शा खरीदा था, लेकिन अब इसके परिचालन से परिवार चलाना और बच्चों का पालन-पोषण करना मुश्किल हो गया है. चालकों का आरोप है कि सड़कों पर ई-रिक्शा को चेकिंग के बहाने जप्त कर लिया जाता है या ड्राइविंग लाइसेंस न होने पर भारी चालान लगाया जाता है. नगर निगम और ट्रैफिक थाना के अधिकारी बताते हैं कि ई-रिक्शा के कारण शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या बढ़ रही है, इसलिए चालकों को दोषी ठहराया जा रहा है.

### हत्या-मारपीट के तीन फरार आरोपी हुए गिरफ्तार

लावालौंग थाना पुलिस ने बुधवार को हत्या और मारपीट के मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. पुलिस अधीक्षक चतरा के निर्देश पर चलाए गए विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई. थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापामारी में राजू भुइयां (ग्राम कोची), सुरेंद्र गंझू और उमेश गंझू (ग्राम अनगड़ा) को गिरफ्तार किया गया. सभी पर हत्या व मारपीट के गंभीर आरोप थे. इस अभियान में पुलिस अधिकारी व सशस्त्र बल शामिल थे.

# तिलैया में कोटपा एक्ट के तहत छापामारी किया गया



शुभम संदेश।कोडरमा

पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देशानुसार पुनि-सह-थाना प्रभारी, तिलैया द्वारा नगर परिषद के सहयोग से तिलैया थाना क्षेत्र में सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 एक्ट के तहत विशेष छापामारी अभियान चलाया गया. छापेमारी अभियान के दौरान सीएच स्कूल, तिलैया के पास गुमटी/दुकान में छापामारी की गयी, जिसमें दो गुमटी/दुकान से तंबाकू, गुटका एवं सिगरेट को जप्त करते हुए दोनों दुकानदारों को 5000-5000 रूपये का चालान काटा गया. इस क्रम में आम लोगों को अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी गई और यह बताया गया कि सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करना तथा तंबाकू उत्पादों की बिक्री करना दंडनीय अपराध है. वहीं पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि इस प्रकार के अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे ताकि कानून का कड़ाई से पालन सुनिश्चित हो सके. साथ ही आमजन को तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों से बचाया जा सके.

# एक हफ्ते में 7 लोगों और 6 मवेशियों की मौत, जिम्मेदार कौन?

**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं. बीते एक सप्ताह में सात लोगों और छह मवेशियों की मौत अलग-अलग घटनाओं में हो चुकी है, जिससे क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल है. 24 अगस्त की रात बिगहा में सड़क पर गड्ढे और मवेशी के कारण बाइक और ट्रेलर की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है. मंगलवार को दनुआ घाटी और सेल्हारा नावाडीह रोड में दो चालकों की जान गई. गुरुवार को अकुरबां बेला में युवक की सड़क हादसे में मौके पर मौत हो गई. बुधवार रात चौपारण-चतरा रोड पर खड़े चार मवेशियों को ट्रक ने कुचल दिया. दो अन्य मवेशी अन्य हादसों में मारे गए. झापा पंचायत के परसावां में दो मौतों के बाद मामला गरमा गया. जब्त ट्रेलर की चोरी और थाना प्रभारी पर वाहन बदलने के आरोप के बाद ग्रामीणों ने चतरा मोड़ जाम कर दिया. हालांकि पुलिस ने ट्रेलर बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया. ग्रामीणों ने प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और गौ रक्षा संगठनों की चुप्पी पर सवाल उठाया है. लोगों ने सड़क मरम्मत, ओवरस्पीड पर रोक और मवेशियों की निगरानी की मांग की है. अब सवाल यह है कि इन मौतों का जिम्मेदार कौन है – खराब सड़कें, लापरवाह ड्राइविंग या प्रशासनिक उदासीनता?

### सत्यानन्द भोगता ने किया फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

**लावालौंग (चतरा)।** पूर्व मंत्री सत्यानन्द भोगता ने अपने एक दिवसीय दौरे पर लावालौंग प्रखंड के ग्राम कल्याणपुर स्थित खेल मैदान में आयोजित स्व. रामदेव सिंह भोक्ता मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ फीता काटकर व किक मारकर किया. उद्घाटन मैच हजारीबाग बनाम चतरा के बीच खेला गया। मैच समाप्ति के बाद श्री भोगता ने विजेता व उपविजेता टीम को मेडल, शील्ड और पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया.

# मजहब की दीवार तोड़ गजाला ने रचाई हिंदू रीति-रिवाज से शादी, बनी काजल



**कोडरमा।** झुमरी तिलैया के माइका नेट (गुमो) की रहने वाली गजाला ने अपने प्यार को मजहब से ऊपर रखते हुए हिंदू युवक सन्नी कुमार से हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार शादी रचाई. सन्नी अड्डी बंगला रोड का निवासी है. बताया गया कि इस शादी में दोनों के परिवारों की रजामंदी भी शामिल रही.

शादी कोडरमा स्टेशन परिसर स्थित शिव मंदिर में संपन्न हुई, जहां सन्नी ने गजाला की मांग में सिंदूर भरकर उसे जीवनसाथी बना लिया. इसके बाद वर-वधू ने एक-दूसरे को वरमाला पहनाई और गजाला का नाम बदलकर काजल रखा गया. सूत्रों के अनुसार काजल एक रेडीमेड गारमेंट्स दुकान में काम करती थी, वहीं सन्नी की चाय दुकान के पास से उसका आना-जाना होता था. इसी दौरान दोनों की नजरें मिलीं और धीरे-धीरे यह मुलाकात प्यार में बदल गई.अंततः दोनों ने समाज की बंदिशों को दरकिनार कर मंदिर में सात फेरे लिए और एक-दूसरे के साथ जीवन बिताने का संकल्प लिया. यह प्रेम विवाह क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है.

**रखी मांगें** पटना में पूर्व मध्य रेल की बैठक में सांसद मनीष जायसवाल हुए शामिल

# रेलवे की लंबित योजनाओं को शीघ्र पूरा किया जाए

शुभम संदेश। हजारीबाग

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने बिहार की राजधानी पटना में आयोजित पूर्व मध्य रेल की क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (जेडआरयूसी) की बैठक में भाग लेकर हजारीबाग एवं आस-पास के क्षेत्रों से जुड़े कई महत्वपूर्ण रेल मुद्दों को प्रमुखता से उठाया. उन्होंने क्षेत्र की जनता की सुविधा के लिए कई नई मांगें रखीं और लंबित परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने का आग्रह किया.

सांसद मनीष जायसवाल ने बैठक में बरही और पदमा के बीच कोडरमा में नए हॉल्ट के निर्माण के साथ-साथ गारुकुरहा में भी एक हॉल्ट बनाए जाने की मांग की. उन्होंने बरही में वंदे भारत एक्सप्रेस, गया से लोकमान्य तिलक टर्मिनल जाने वाली ट्रेन और आसनसोल से रांची जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की ताकि इस व्यापारिक और शैक्षिक केंद्र के लोगों को बेहतर सुविधा मिल सके. जायसवाल ने रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस को पुनः बरकाकाना होकर चलाने और हाल ही में हटाई गई बरकाकाना रूट की ट्रेनों को वापस इसी मार्ग पर लाने की भी मांग की. उन्होंने कोडरमा-बरकाकाना पैसेंजर ट्रेन का विस्तार हटिया तक करने और बोगियों की संख्या बढ़ाने का सुझाव दिया. इसके अतिरिक्त, उन्होंने कोडरमा-हजारीबाग शहर-बरकाकाना रेल लाइन के दोहरीकरण और हजारीबाग शहर रेलवे स्टेशन में बन रहे कोचिंग डिपो के कार्य शीघ्र पूरा करने की मांग की.



सांसद ने पारसनाथ से हजारीबाग-बरकाकाना तक नई रेल लाइन के निर्माण का प्रस्ताव भी रखा. साथ ही मतकमा चौक से चिकोर मार्ग पर अंडरपास के स्थान पर ओवरब्रिज, रांची रोड स्टेशन के पास मरार में फुट ओवरब्रिज तथा सेवटा-बरकाकाना मार्ग पर भी फुट ओवरब्रिज निर्माण की मांग की.

मनीष जायसवाल ने उम्मीद जताई कि रेल मंत्रालय जल्द ही इन जनहित के मुद्दों पर सकारात्मक कदम उठाएगा, जिससे हजारीबाग क्षेत्र के रेलवे नेटवर्क में सुधार होगा और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी.

मानसून सत्र में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने उठाई

# झील, बिजली और शिक्षा की प्रमुख समस्याएं

शुभम संदेश। हजारीबाग

मानसून सत्र के दौरान हजारीबाग सदर के विधायक प्रदीप प्रसाद ने हजारीबाग क्षेत्र की कई गंभीर समस्याओं को विधानसभा में मजबूती से उठाया. उन्होंने हजारीबाग झील की दुर्दशा, बिजली संकट और शिक्षा व्यवस्था में सुधार जैसे मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगा और त्वरित तथा ठोस कार्रवाई की मांग की. विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि हजारीबाग झील लगभग 25 एकड़ क्षेत्र में फैली है और यह जिले की पहचान तथा शहर की जीवनरेखा है. लेकिन झील में जलकुंभी का अत्यधिक बढ़ना और गाद जमाव की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, जिससे इसकी जल संचय क्षमता लगातार घट रही है. उन्होंने सरकार से पूछा कि झील की स्थायी सफाई और संरक्षण के लिए अब तक कोई ठोस पहल क्यों नहीं की गई.



बिजली संकट को लेकर उन्होंने बताया कि हजारीबाग के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रोजाना बिजली कटौती होती रहती है. जबकि जिले के निकट ही दामोदर घाटी निगम का बड़ा बिजली उत्पादन केंद्र मौजूद है, बावजूद इसके लोगों को 24 घंटे बिजली उपलब्ध नहीं हो पा रही है. उन्होंने सरकार से इस समस्या का तत्काल समाधान करने का आग्रह किया.

शिक्षा व्यवस्था में सुधार पर विधायक ने जोर देते हुए कहा कि बी.एड. पाठ्यक्रम में आधुनिक विषयों जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता और कंप्यूटर विज्ञान को शामिल करना आवश्यक है. नई शिक्षा नीति के तहत तकनीकी और नवाचार आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना जरूरी है, ताकि भविष्य के शिक्षक आधुनिक शिक्षा दे सकें. सरकार ने जवाब में बताया कि झील की नियमित साफ-सफाई के लिए वीड हार्वेस्टर मशीन का इस्तेमाल हो रहा है और 13.97 करोड़ रुपये की योजना स्वीकृत की गई है, जिसका क्रियान्वयन नगर निगम करेगा. बिजली आपूर्ति डीवीसी ग्रिड से की जा रही है, जहां लोड शेडिंग नीति के कारण कटौती होती है. अतिरिक्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के प्रयास जारी हैं. उच्च शिक्षा विभाग ने कहा कि बी.एड. पाठ्यक्रम में सुधार के लिए नियमों में संशोधन पर विचार हो रहा है.

## टैंसेरा में करमा मिलन समारोह 31 अगस्त को

**गुमला ।** के टैंसेरा स्थित द हेरिजेट फाउंडेशन के क्षेत्रीय कार्यालय में आगामी 31 अगस्त दिन रविवार को पूर्वाह्न 11 बजे से करम मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा. समारोह का आयोजन नागपुरी साहित्य संस्कृति मंच, द एशियन हेरिटेज फाउंडेशन और नागपुरी लोक अखरा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई है. यह जानकारी द हेरिटेज फाउंडेशन के ट्रस्टी प्रभु साहु ने दी. उन्होंने बताया कि करम मिलन समारोह में नागपुरी विभाग रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डा. उमेश नंद तिवारी बतौर मुख्य अतिथि एवं चिकित्सा पदाधिकारी सिमडेगा पालकोट राज परिवार के सदस्य डा. आनंद शाहदेव, सेवानिवृत्त प्रधान न्यायाधीश लक्ष्मीकांत शर्मा, जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी को बतौर विशिष्ट अतिथि आमंत्रित किया गया है. कार्यक्रम में फाउंडेशन के जोनल कोर्डिनेटर मिनाक्षी सिंह, नागपुरी साहित्य सांस्कृतिक मंच के सचिव डा.शकुंतला मिश्र, जिला अध्यक्ष अवध मणि पाठक आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे.

### सिसई और भरनो में कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन, नेताओं ने संगठन को लेकर दिया संकल्प

# वोट चोरी रोकने के लिए कांग्रेस ने बूथ स्तर पर दिया संदेश

**शुभम संदेश । गुमला**



झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने गुमला जिले के सिसई और भरनो प्रखंडों में आयोजित कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन में पार्टी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने का आह्वान किया.

उन्होंने कहा कि बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) ही चुनावी लड़ाई की असली ताकत हैं, जिन्हें सजग, प्रशिक्षित और सक्रिय रखने की ज़रूरत है. सिसई के भदौली रावण दहन मैदान और भरनो के तुरीअंबा में हुए इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए. के. राजू ने कहा कि "अगर हम अपने बूथ एजेंट को मजबूत नहीं करेंगे, तो इसका लाभ बीजेपी को मिलेगा. पिछली बार भी कांग्रेस की जीत हुई थी, लेकिन वोट की चोरी कर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बना दिया गया."

उन्होंने दावा किया कि बिहार में हुए मतदाता पुनरीक्षण अभियान में 65 लाख मतदाताओं के नाम काट दिए गए, जिसका असर आने वाले चुनावों पर पड़ सकता है.

उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर नए मतदाताओं को जोड़ें और फर्जीवाड़ा रोकने में सक्रिय भूमिका निभाएं. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो ने भी बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर बल दिया. उन्होंने कहा कि बूथ एजेंटों को मतदाता सूची में अनियमितताओं पर नजर रखनी चाहिए और पार्टी की जड़ें गांव-पंचायत तक मजबूत करनी होंगी.कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने वर्ष 2029 के आम चुनाव को लक्ष्य बनाकर अभी से संगठन निर्माण पर काम करने की अपील की. उन्होंने कहा, "कार्यकर्ताओं को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी. पार्टी को केवल नारेबाज़ कार्यकर्ताओं की नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर काम करने वालों की ज़रूरत है."

सम्मेलन के दौरान हालांकि कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया, लेकिन बूथ कमेटी के पदाधिकारियों की अनुपस्थिति पर नेताओं ने चिंता जताई. कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष चैतु उरांव, प्रवक्ता आरिफ हुसैन अख्तर, आफताब आलम लाड़ले, मोहम्मद मुख्तार, सैयद खालिद, गुलाम सरवर, बिंदेश्वर साहु, राजनील तिग्गा, संगीता जायसवाल, आज़ाद खान समेत कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे. कार्यक्रम के अंत में झारखंड आंदोलन के प्रणेता व पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई.

## झारखंड–बिहार में लुब्रिकेंट आपूर्ति होगी और बेहतर

**रांची (नामकुम) ।** कोरोनल्यूब्स इंडिया प्रा. लि. और दक्ष एंटरप्राइजेज के संयुक्त तत्वावधान में नामकुम के साहू कॉम्प्लेक्स, सपाही पुल के पास नया वेयरहाउस गुरुवार को शुरू हुआ. उद्घाटन में कंपनी के CEO अनिल शर्मा, एडवोकेट पतीनाथ पंकज, राज्य प्रमुख मृत्युंजय सिंह और अन्य अधिकारी मौजूद रहे. दक्ष एंटरप्राइजेज की प्रोप्राइटर प्रियंका कुमारी व टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई. यह वेयरहाउस झारखंड–बिहार में बढ़ती लुब्रिकेंट मांग की पूर्ति के लिए बनाया गया है, जो गुणवत्तापूर्ण सेवा, समय पर आपूर्ति और स्थानीय व्यापार में बढ़ावा देगा.

## पिपरवार के बचरा में क्षेत्रीय कल्याण समिति की हुई बैठक



**पिपरवार ।** सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन की ओर से गुरुवार को बचरा संगम विहार क्लब में क्षेत्रीय कल्याण समिति की बैठक आयोजित हुई. बैठक की अध्यक्षता महाप्रबंधक संजीव कुमार और संचालन अधिकारी नागेश कुमार गोपाल ने की. इसमें विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधि शामिल हुए. बैठक में पिछले 28 महीनों के निर्णयों की समीक्षा करते हुए आवासीय कॉलोनियों की सफाई, क्वार्टर मरम्मत, विद्युत आपूर्ति, शुद्ध पेयजल, चिकित्सा सेवा, सड़क, पुल, नाला जैसे विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई. श्रमिक संगठनों ने क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया और समाधान की मांग की. संजीव कुमार ने कहा कि प्रबंधन श्रमिकों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रयासरत है और पारदर्शिता से कल्याण कार्य करता है. उन्होंने नियमित बैठक कर समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिया. बैठक में कई अधिकारी एवं श्रमिक प्रतिनिधि मौजूद थे.

## पिपरवार बचरा साइडिंग के असंगठित मजदूरों ने की बैठक

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा रेलवे साइडिंग में कार्यरत असंगठित मजदूरों की बचरा बस्ती में महत्वपूर्ण बैठक हुई. इसमें मजदूरों ने अपनी ज्वलंत समस्याओं और पिछले आंदोलन की समीक्षा की. मुख्य मांग टीसीपीएल ट्रांसपोर्ट कंपनी द्वारा काटी गई सीएमपीएफ राशि के भुगतान की थी. वक्ताओं ने बताया कि जब तक कंपनी का टेंडर बचरा साइडिंग में था, मजदूरों के वेतन से सीएमपीएफ राशि काटी जाती रही, लेकिन टेंडर खत्म होने के बाद भी अब तक यह राशि वापस नहीं मिली है, जिससे मजदूर परेशान हैं. बैठक में मजदूरों ने सीसीएल प्रबंधन और टीसीपीएल कंपनी को ज्ञापन देकर शीघ्र भुगतान की मांग की.

## जर्जर सड़क को ले एसोसिएशन ने डीसी को ज्ञापन सौंपा

**किस्को/लोहरदगा।** लोहरदगा जिले के अति सुदूरवर्ती एवं उग्रवाद प्रभावित पाखर पठारी क्षेत्र की जर्जर सड़क की समस्या को लेकर पाखर लोहरदगा ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष आरिफ हुसैन उर्फ बबलू के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को डीसी से मुलाकात कर लिखित ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में बताया गया कि किस्को प्रखंड के पाखर पंचायत अंतर्गत पाखर उपर पाठ यात्री शेड से हिंडाल्को कंपनी के कांटा घर तक की सड़क बेहद खराब हालत में है. इस सड़क से रोजाना सैकड़ों ट्रक का परिचालन होता है, साथ ही यह मार्ग छात्रों और दुर्गम क्षेत्र में रहने वाले आदिम जनजाति के निवासियों के लिए भी मुख्य आवागमन मार्ग है.

### बैठक में एमएसएमई ऋण, सड़क निर्माण व स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर जताई चिंता, दिए निर्देश

# खनन क्षेत्र में पेयजल, शिक्षा व स्वास्थ्य की स्थिति सुधारें : सांसद

**शुभम संदेश । लोहरदगा**



जिला विकास समन्वय और अनुश्रवण समिति (दिशा) की समीक्षात्मक बैठक गुरुवार को सांसद सुखदेव भगत की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में संपन्न हुई. बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा के साथ-साथ लंबित मामलों पर गहन चर्चा की गई और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए. सांसद सुखदेव भगत ने हिण्डाल्को इंडस्ट्रीज को स्पष्ट निर्देश दिया कि पाखर खनन क्षेत्र के मुख्य पथ में बने गड्ढों को शीघ्र भरा जाए और पीसीसी पथ का निर्माण कराया जाए. उन्होंने खनन प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की आवश्यकता पर बल दिया. उन्होंने कहा कि विकास कार्यों का असर सीधे आम जनता तक पहुँचना चाहिए, इसलिए हर कार्य गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध हो.

**पर्यटन, खेल और एमएसएमई पर विशेष ज़ोर**

खेल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि जिले के पर्यटन स्थलों को इको-फ्रेंडली बनाया जाए ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ पर्यटन को भी बढ़ावा मिले. सांसद ने अग्रणी बैंक प्रबंधक को अनुसूचित जनजाति के युवाओं को एमएसएमई क्षेत्र में सरल प्रक्रिया के तहत ऋ्रण देने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. इसके अलावा, उन्होंने बैंक अधिकारियों को ग्राहकों के साथ बेहतर व्यवहार सुनिश्चित करने हेतु कार्यशाला आयोजित करने को कहा.

**शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क निर्माण पर निर्देश :** शिक्षा विभाग को विद्यालयों में शिक्षक व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति 100% सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. वहीं, स्वास्थ्य विभाग को देवदरिया में स्वास्थ्य भवन की स्थापना, सदर अस्पताल में दंत चिकित्सक की बहाली और रात के समय दवाई की दुकानों को खुले रखने की व्यवस्था करने को कहा गया.

राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल को अजय उद्यान से एचडीएफसी बैंक तक क्षतिग्रस्त मुख्य पथ की दशहरा 2025 से पहले मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए. कुडू-घाघरा पथ और चरहू-मेरले पथ निर्माण कार्यों में हो रही देरी पर नाराज़गी जताते हुए सांसद ने ग्रामीण कार्य विभाग को तुरंत कार्य शुरू करने के आदेश दिए.

स्थानीय मुद्दों पर गंभीरता से लिया गया संज्ञान बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने सलगी लालू टोला में एएनएम की अनुपस्थिति, लावागाईं में दक्षिणी कोयल नदी पर चेकडैम की आवश्यकता और जीमा स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों के साथ दुर्व्यवहार की शिकायतें रखीं, जिन पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए. विधायक प्रतिनिधि ने किस्को-खरकी-कोचा पथ में गार्डवाल निर्माण और चंदलासो के कोकर में हाथियों से ग्रामीणों को हो रही परेशानी की जानकारी दी. सांसद ने मनरेगा के तहत पेशरार में चल रही नाशपाती योजना की जांच कराने और भूमि संरक्षण विभाग से उपकरणों की गुणवत्ता पर मिली शिकायतों को गंभीरता से लेने को कहा. साथ ही, लघु सिंचाई विभाग को चेकडैम की मरम्मत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए.

**अन्य मुद्दों पर भी हुई चर्चा :** बैठक में भौंरा क्षेत्र में जर्जर पथ, पलमी में स्कूल संचालन में हो रही गड़बड़ी, बाल श्रम के खिलाफ अभियान चलाने और सेन्हा में बिजली व्यवस्था सुधारने की मांगों पर भी चर्चा की गई. कृषि विभाग को बीज वितरण और उर्वरक की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि किसानों को समय पर लाभ मिल सके. बैठक के प्रारंभ में उपायुक्त डॉ. ताराचंद, पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिवजी, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत और वन प्रमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार द्वारा सांसद सुखदेव भगत का स्वागत किया गया.

**बैठक में प्रमुख लोग रहे उपस्थित :** बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद, निजी सचिव आलोक साहू, सदस्य जफर उल्लाह खान, सलीम अंसारी, डॉ. सिस्टर आईलीन, मनोज सोन तिर्की, फुलदेव उरांव, रामचरण राम, सभी प्रखंड प्रमुख, पंचायत प्रतिनिधि और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे. सांसद ने सभी विभागों को जनता की समस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता और तत्परता दिखाने का संदेश दिया.

## बचरा सड़क दुर्घटना में घायल युवक गोलू की मौत

**पिपरवार ।** बचरा चार नंबर चौक के पास 25 अगस्त की रात बोलेरो और बाइक की टक्कर में गंभीर रूप से घायल सन्नी राम उर्फ गोलू राम (22) की इलाज के दौरान रांची के पारस अस्पताल में 27 अगस्त को मौत हो गई. वहीं, हादसे में घायल मुन्ना नायक की हालत अब भी नाजुक बनी हुई है. गोलू का शव बुधवार रात बचरा लाया गया, जहां अम्बेडकर नगर में शोक का माहौल छा गया. गुरुवार सुबह सपही नदी श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया.

## चैनपुर में यूरिया खाद की कालाबाजारी से किसान परेशान, प्रशासन पर सवाल

**शुभम संदेश । चैनपुर**



चैनपुर प्रखंड में यूरिया खाद की कालाबाजारी ने किसानों को बुरी तरह प्रभावित किया है. सरकारी निर्धारित कीमत 266 प्रति बोरी के बावजूद, सोहन चौक के रघुवीर बीज भंडार समेत कई दुकानों पर यह खाद 500 तक में बेची जा रही है. किसानों को मजबूरन महंगी कीमत पर खाद खरीदनी पड़ रही है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो रही है. प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि गुमला उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने पहले ही दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी थी, लेकिन प्रखंड स्तर पर निगरानी में लापरवाही दिखाई दे रही है. जनप्रतिनिधि और समाजसेवी इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं. जिला परिषद सदस्य ने इसे "बेहद शर्मनाक" बताया और दुकानदारों पर जुर्माना लगाने व उनका लाइसेंस रद्द करने की मांग की. समाजसेवी अनूप संजय टोप्पो ने कहा कि प्रशासन और दुकानदार मिलकर किसानों का शोषण कर रहे हैं, जिससे किसान आत्महत्या के कगार पर हैं. जेएमएम जिला उपाध्यक्ष सुशील दीपक मिंस ने भी मिलीभगत की पुष्टि की और तत्काल कानूनी कार्रवाई की मांग की. इस कालाबाजारी ने किसानों की परेशानियां बढ़ा दी हैं, और वे प्रशासन से जल्द प्रभावी कदम उठाने की उम्मीद कर रहे हैं.

## बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में निःशुल्क टीकाकरण

**पिपरवार ।** बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में गुरुवार को टंडवा उप स्वास्थ्य केंद्र एवं चतरा सदर अस्पताल के सौजन्य से निःशुल्क टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में शून्य से पांच वर्ष तक के 50 से अधिक बच्चों को बीसीजी, डीटीपी, पोलियो, खसरा, हेपेटाइटिस सहित कई जरूरी टीके लगाए गए. यह शिविर प्रत्येक माह के चौथे गुरुवार को आयोजित होता है. टीकाकरण को लेकर अभिभावकों में काफी उत्साह देखा गया.

**प्रतियोगिता**

### खेलो झारखंड 2025-26 के द्वितीय चरण की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का लोहरदगा में आयोजन

# खो-खो, कुश्ती और वुशु में 38 टीमों की भागीदारी, हुआ चयन

**शुभम संदेश । लोहरदगा**



झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देश पर ₹खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2025-26 के अंतर्गत द्वितीय चरण की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन सीएम उत्कृष्ट विद्यालय, नदिया हिन्दू, लोहरदगा में किया गया. इस प्रतियोगिता का आयोजन झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा के तत्वावधान में हुआ. प्रतियोगिता का शुभारंभ एडीपीओ मोनीदीपा बनर्जी, प्रभाग प्रभारी आकाश कुमार सहित शारीरिक शिक्षकों और खिलाड़ियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं परिचय समारोह के साथ किया गया. प्रतियोगिता में अंडर-14, 17 और 19 आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाओं के खो-खो मुकाबले आयोजित हुए. जिले के सातों प्रखंडों से सरकारी मध्य, उच्च, केजीबीवी और एकलव्य विद्यालयों की 38 टीमों ने भाग लिया. इसके साथ ही कुश्ती में ओपन ट्रायल प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें चयनित प्रतिभागी राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे. वुशु मुकाबले भी खेलों का हिस्सा रहे. 29 अगस्त को बैंड प्रतियोगिता का आयोजन केजीबीवी सीएम एसओई कुजरा में और एथलेटिक्स स्पर्धाएं डाइट चिरी परिसर के मैदान में संपन्न होंगी.

प्रतियोगिता के संचालन में शिक्षा विभाग के जीतेन्द्र मित्तल, सुनील तिर्की, पंकज कुमार, उर्सला कुजूर, समेत कई कर्मियों ने सक्रिय योगदान दिया. चिकित्सा विभाग, लोहरदगा द्वारा स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित की गईं. सभी खेल मुकाबले पंजीकृत रेफरी एवं प्रशिक्षित शारीरिक शिक्षकों के निर्देशन में कराए जा रहे हैं.

यह आयोजन जिले के प्रतिभाशाली छात्रों को राज्य स्तर तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.

## एक नजर

### महानगरों से रेस्क्यू हुईं गुमला जिले की पांच नाबालिग की पांच किशोरियां, परिवार को सुपुर्द

**गुमला ।** गुमला जिले की पांच नाबालिग किशोरियों को जिला बाल संरक्षण इकाई की पहल पर दिल्ली, छत्तीसगढ़, जयपुर और पश्चिम मिदिनीपुर से रेस्क्यू कर सुरक्षित गुमला वापस लाया गया. ये बच्चियां बसिया, रायडीह, जारी, बिशुनपुर एवं कामडारा प्रखंड की हैं. जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अमर कुमार ने बताया कि ये सभी बाल श्रम और बाल तस्करी की शिकार थीं. स्थानीय प्रशासन के सहयोग से इन्हें सुरक्षित बचाकर लाया गया. रेस्क्यू के बाद सभी बच्चों को बाल कल्याण समिति के सामने प्रस्तुत किया गया और प्रक्रिया पूरी होने पर इन्हें उनके परिवार के हवाले कर दिया गया.

### तमाड़ में पिकअप वैन की चपेट में महिला की मौत, गुस्साए ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**रांची ।** टाटा मार्ग के जोजोडीह के समीप एक पीकोप वैन की चपेट में आने से सावना महतो की पत्नी उज्जैला देवी की दर्दनाक मौत हो गई. वह खेत से घर लौट रही थी जब वाहन का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे खड़ी महिला से टकरा गई. घटना की खबर फैलते ही ग्रामीण सड़क जाम कर मुआवजे की मांग करने लगे. तमाड़ पुलिस ने स्थिति संभालकर जाम हटाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया. हादसे ने इलाके में शोक और तनाव फैलाया है.

### झखड़ाटांड़ में 25 वर्षों से जारी है दुर्गा पूजा रावण दहन बना विशेष आकर्षण का केंद्र

**रातू ।** प्रखंड के झखड़ाटांड ग्राम स्थित श्री शिव शक्ति वैष्णो देवी धाम में पिछले 25 वर्षों से भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन हो रहा है. बीते 15 वर्षों से यहां 50 फीट ऊंचे रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले का दहन किया जाता है, जिसे देखने दूर-दराज से लोग जुटते हैं. मंदिर समिति के अध्यक्ष दिलबोधन साहू, सचिव मोहन केशरी और पुजारी संजय पाठक ने बताया कि 1999 में यहां मां वैष्णो देवी की प्रतिमा स्थापित कर महायज्ञ हुआ था. मान्यता है कि यहां मां भगवती सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं. ग्रामीणों के सहयोग से यह आयोजन वर्ष दर वर्ष और भव्य रूप लेता जा रहा है.

### पिपरवार कोलांचल में गणेश पूजा महोत्सव का उल्लास

**पिपरवार ।** सीसीएल पिपरवार कोलांचल क्षेत्र व आसपास के ग्रामीण इलाकों में गणेश पूजा महोत्सव के दूसरे दिन भी भक्तिमय वातावरण बना रहा. बचरा बसंत विहार स्थित टीएच कॉलोनी में आयोजित तीन दिवसीय महोत्सव के तहत गुरुवार को भक्ति जागरण कार्यक्रम हुआ, जिसमें कलाकारों ने सुंदर भजन प्रस्तुत किए. बचरा बाजारटांड़ स्थित पूजा पंडाल में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी. लोग श्रद्धा के साथ गणेश भगवान के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं. वहीं बेंती पंचायत सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी गणेश पूजा उत्साहपूर्वक मनाई जा रही है. पूरे कोलांचल क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिल रहा है. शुक्रवार को पिपरवार क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों में स्थापित गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा. प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं.

### नाबालिग के साथ पिता ने किया दुष्कर्म, गया जेल

**गुमला ।** घाघरा थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्ते को शर्मसार करने वाला घटना सामने आया है. एक नाबालिग बेटी के साथ एक साल से उसके ही पिता द्वारा दुष्कर्म किया जा रहा था. जब बात का खुलासा हुआ तब नाबालिग बेटी की मां ने घाघरा थाना में अपने पति (पीड़िता नाबालिग बेटी का पिता ) के विरुद्ध लिखित शिकायत की. थाना प्रभारी ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर बुधवार की शाम जेल भेज दिया. पीड़िता का सदर अस्पताल में मेडिकल जांच कराया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी की दो बेटी है. पिता एक साल से अपनी बेटी के साथ गलत काम कर रहा था. बेटी ने लोक लज्जा और डर से किसी को कुछ नहीं बता रही थी. इधर तीन चार दिन पूर्व बेटी अपने मामा के घर मेहमान गई थी, जहां अपनी मौसी को पूरी घटना की जानकारी दी. बताया जाता है कि आरोपी पिता अपने पिता की हत्या के मामले में जेल जा चुका है और चार वर्षों की सजा काटकर बाहर निकला है.

### तेली समाज की बैठक 31 अगस्त को

**गुमला ।** छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज जिला कार्यकारिणी की बैठक 31 अगस्त 2025 दिन रविवार को 12.30 बजे अपराह्न कार्तिक उरांव कालेज के पीछे तेली छात्रावास में होगी. यह जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष कलिंदर साहु ने कहा कि बैठक में युवा कमेटी का विस्तार किया जाएगा एवं अन्य सामाजिक मुद्दों पर विचार विमर्श किया जाएगा.

### दुकान के कर्मचारी ही निकला चोर, पुलिस कर रही पूछताछ

**गुमला ।** गुमला के मधुबाला गली स्थित जूता दुकान में बुधवार रात 45 हजार रुपये चोरी होने के मामले में पुलिस ने दुकान के ही कर्मचारी समीर को हिरासत में लेकर पूछताछ की है. गहन पूछताछ में समीर ने चोरी स्वीकार करते हुए बताया कि वह अपने मामा के साथ 35 हजार रुपये चोरी किए थे. इसमें से एक हजार रुपये मामा ने ले लिए और बाकी खर्च कर दिए. दुकान मालिक सउद जफर ने शक के आधार पर समीर के खिलाफ गुमला थाना में शिकायत दर्ज कराई थी. पुलिस ने अनुसंधान कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.

### बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में निःशुल्क टीकाकरण

**पिपरवार ।** बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में गुरुवार को टंडवा उप स्वास्थ्य केंद्र एवं चतरा सदर अस्पताल के सौजन्य से निःशुल्क टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में शून्य से पांच वर्ष तक के 50 से अधिक बच्चों को बीसीजी, डीटीपी, पोलियो, खसरा, हेपेटाइटिस सहित कई जरूरी टीके लगाए गए. यह शिविर प्रत्येक माह के चौथे गुरुवार को आयोजित होता है. टीकाकरण को लेकर अभिभावकों में काफी उत्साह देखा गया. मौके पर एएनएम फुल कुमारी, नलिता देवी, ललिता देवी, सहिया यशोदा देवी व आशा देवी मौजूद थीं.

### बुंडू में केसीसी ऋण वितरण समारोह का आयोजन

**बुंडू ।** झारखंड राज्य सहकारी बैंक बुंडू शाखा के आयोजन में बुंडू लैंपस परिसर में गुरुवार को बुंडू एवं सोनहातू प्रखंड के 28 किसानों को केसीसी ऋ्रण वितरण किया गया. समारोह की मुख्य अतिथि, झारखंड राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड की अध्यक्ष श्रीमती विभा सिंह ने कहा कि सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय सुविधाएं मिलने से नए रोजगार और व्यवसाय सृजित होंगे, जिससे पलायन को रोका जा सकेगा. किसानों को बैंक आकर सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी गई. सहकारिता विभाग के पूर्व संयुक्त निबंधक जयदेव प्रसाद सिंह ने भी केसीसी ऋ्रण की जानकारी दी.

### नवोदय विद्यालय के कैंटीन का खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

# पौष्टिक आहार देने व भोजन बर्बाद नहीं करने की दी नसीहत

**शुभम संदेश। गुमला**



जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी ने गुरुवार को जवाहर नवोदय विद्यालय मसरिया घाघरा का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान विद्यालय कैंटीन में उपलब्ध खाद्य पदार्थों का भौतिक निरीक्षण किया गया. मैन्युफैक्चरिंग एवं एक्सपायरी डेट, लाइसेंस आदि की जांच की. उन्होंने समय-समय पर पानी गुणवत्ता की जांच कराते रहने, पेस्ट कंट्रोल व्यवस्था, एप्रोन, हेडगियर और ग्लब्स के प्रयोग को अनिवार्य करने के सुझाव दिए. खाद्य सामग्री के भंडारण, रसोई व परोसने तक की व्यवस्था का अवलोकन किया.

स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया. बच्चों को परोसे जाने वाले भोजन में पौष्टिक तत्वों को पर्याप्त मात्रा में शामिल करने और भोजन की बर्बादी रोकने पर भी बल दिया गया. इस अवसर पर इट राइट इंडिया अभियान के तहत इट राइट स्कूल कार्यक्रम की चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को संतुलित आहार, भोजन में पोषक तत्वों के महत्व तथा स्वच्छ एवं सुरक्षित खानपान के बारे में जानकारी दी गई. उन्होंने बच्चों को तेल चीनी और नमक के प्रयोग को आज से कम करने और भोजन को बर्बाद नहीं करने की नसीहत दी. निरीक्षण के दौरान विद्यालय के अधिकारी भी शामिल थे.

## मंथन

# अदालती न्याय, राजनीति और समाज की कसौटी

धनबाद के बहुचर्चित नीरज सिंह हत्याकांड पर आए एमपी-एमएलए कोर्ट के फैसले ने एक बार फिर न्याय और राजनीति के गहरे रिश्ते पर बहस छेड़ दी है. सात वर्ष पुराने इस सनसनीखेज मामले में पूर्व विधायक संजीव सिंह समेत सभी 10 आरोपियों को बरी कर दिया गया. अदालत का स्पष्ट मत है कि अभियोजन पक्ष अपराध साबित करने में विफल रहा. यह टिप्पणी केवल इस केस तक ही सीमित नहीं है, बल्कि हमारे न्यायिक तंत्र की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़ा करती है-क्या राजनीतिक दबाव, गवाहों का पलटना और सबूतों की कमजोर कड़ी सच्चाई तक पहुंचने में बाधा बने? धनबाद की सियासत में वर्चस्व की लड़ाई का यह प्रकरण शुरू से ही भावनाओं और शक्ति-प्रदर्शन से जुड़ा रहा है. नीरज सिंह और संजीव सिंह, दोनों ही प्रभावशाली राजनीतिक परिवार से थे. उनके बीच का संघर्ष केवल निजी नहीं, बल्कि कोयलांचल की राजनीति के समीकरणों को भी प्रभावित करता था. इसलिए इस फैसले का असर अदालत कक्ष से निकल कर सड़क तक दिखा-एक ओर खुशी की लहर, दूसरी ओर निराशा. न्यायपालिका पर भरोसा लोकतंत्र की बुनियाद है. लेकिन जब इतने बड़े मामले में अदालत अपराध सिद्ध न कर पाए, तो यह केवल सत्य की जीत या असत्य की हार का प्रश्न नहीं रह जाता, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया की मजबूती और अभियोजन की निष्पक्षता पर भी गहन विमर्श की मांग करता है. लोकतंत्र में आवश्यक है कि न केवल न्याय हो, बल्कि न्याय होते हुए दिखे भी. कोयलांचल की राजनीति को अब इस कटु अध्याय से आगे बढ़ते हुए जनता के विश्वास और विकास की ओर लौटना होगा-यही सच्ची जीत होगी.

## नजरिया

# लोकतंत्र में बढ़ता आक्रोश और व्यवस्था की चुनौती

बिहार में चुनावी माहौल के बीच हाल की घटनाएं यह संकेत देती हैं कि जनता का धैर्य और व्यवस्था पर विश्वास डगमगाने लगा है. नालंदा के हिलसा में सड़क हादसे में मारे गए नौ लोगों के परिजनों से मिलने पहुंचे मंत्री श्रवण कुमार और विधायक कृष्ण मुरारी पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया. काफिले को एक किलोमीटर तक दौड़ाया और स्थिति इतनी बिगड़ी कि मंत्री-विधायक को जान बचाकर भागना पड़ा. जब पीड़ित परिवारों को राहत और मुआवजे की ठोस उम्मीद नहीं मिलती, तो उनका गुस्सा ऐसे उग्र रूप ले लेता है. इसी तरह पटना के गर्दनीबाग में छात्रा द्वारा आत्मदाह प्रयास की घटना ने भी लोगों की संवेदनाओं को झकझोर दिया. जब पुलिस जांच के लिए पहुंची, तो भीड़ ने न केवल विरोध किया, बल्कि एसएचओ तक की पिटाई कर दी. यह स्थिति खतरनाक है, क्योंकि इससे लोकतांत्रिक संस्थाओं और कानून व्यवस्था पर सीधा हमला होता है. जनता का गुस्सा व निराशा व्यवस्था की असफलताओं का प्रतिबिंब है. नेताओं और प्रशासन को यह समझना होगा कि संवेदनशील मुद्दों पर केवल औपचारिकता निभाने से काम नहीं चलेगा. पीड़ितों की वास्तविक मदद, कार्रवाई और पारदर्शी जांच ही विश्वास बहाल कर सकती है. बिहार में जनता का गुस्सा चुनावी समीकरणों को भी प्रभावित करेगा. इस लिए सत्ता पक्ष को जनसमस्याओं के समाधान पर गंभीरता से काम करना होगा-वरना लोकतंत्र में जनता का यह आक्रोश और भी असंतुलित रूप ले सकता है.

# खेलों में विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत

अरविंद जयतिलक

**29 अगस्तः मेजर ध्यानचंद का जन्मदिन व विश्व खेल दिवस पर विशेष आलेख**



आज खेल दिवस है. पद्मभूषण से सम्मानित मेजर ध्यानचंद का जन्मदिन है. खेल में उनके महत्वपूर्ण योगदान के सम्मान में उनके जन्मदिन को भारत में खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है. मेजर ध्यानचंद विश्व हॉकी में शुमार महानतम खिलाड़ियों में से एक अद्भुत खिलाड़ी रहे हैं जिन्होंने अपनी प्रतिभा व लगन से देश का मस्तक गौरान्वित किया. अभी पिछले वर्ष ही संपन्न पेरिस 2024 ओलंपिक में भारत ने छह पदक जीते थे. इसमें एक रजत और पांच कांस्य पदक शामिल है. कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत अपने खिलाड़ियों के श्रेष्ठ प्रदर्शन से गौरान्वित हो चुका है. तब भारत ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में पदकों की झड़ी लगाते हुए कुल 61 मेडल हासिल किए थे. इसमें 22 गोल्ड, 16 सिल्वर और 23 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं. इस शानदार प्रदर्शन से भारत ने चौथा स्थान हासिल किया जिससे देश का मस्तक स्वाभिमान से दमक उठा. कॉमनवेल्थ गेम्स की तरह ही टोक्यो ओलंपिक में भी भारतीय खिलाड़ियों ने अपने खेल का शानदार प्रदर्शन किया. भारत के खाते में एक गोल्ड, दो सिल्वर और चार ब्रॉन्ज समेत कुल सात पदक आए थे.

पेरिस और टोक्यो ओलंपिक पर नजर दौड़ाएं तो नीरज चोपड़ा, मनु भाकर, सरबजोत सिंह, कुसाले, अमन सहरावत, विनेश फोगाट, मीराबाई चानू, रवि दहिया, पीवी सिंधु, बजरंग पुनिया समेत भारतीय पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ी अपना जलवा बिखेरते देखे गए. उम्मीद की जानी चाहिए कि अगले कॉमनवेल्थ गेम्स व ओलंपिक में भारत एक नया कीर्तिमान रचेगा. यह समझना होगा कि किसी भी राष्ट्र की प्रतिभा खेलों में उसकी उत्कृष्टता और हासिल होने वाले पदकों से जुड़ा होता है. अच्छा प्रदर्शन केवल पदक जीतने तक ही सीमित नहीं होता बल्कि राष्ट्र के स्वास्थ्य, मानसिक अवस्था एवं लक्ष्य के प्रति सतर्कता व जागरूकता को भी रेखांकित करता है. दो राय नहीं कि कॉमनवेल्थ और पेरिस ओलंपिक में मिली उपलब्लियों ने देश को गौरवान्वित किया है. लेकिन एक सच यह भी है कि 140 करोड़ की आबादी वाले देश को इससे बड़ी उपलब्धि की दरकार है. एक आंकड़े के मुताबिक देश में सिर्फ 15% लोग ही खेलों में अभिरुचि रखते हैं. यह आंकड़ा निराश करने वाला है. विचार करें तो इसके लिए भारतीय समाज का नजरिया और सरकार की नीतियां दोनों जिम्मेदार हैं. समाज में यह धारणा है कि खेलकूद के जरिए नौकरी या रोजी-रोजगार हासिल नहीं किया जा सकता. नतीजा सामने है. बच्चों में खेल के प्रति लगन और उत्सुकता में कमी है. चिंता की बात यह भी कि सरकारें भी खेल के विकास का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने के बजाए राष्ट्रीय खेल अकादमियों का अध्यक्ष व सदस्य कौन होगा उस पर ज्यादा फोकस करती देखी जाती हैं.

भला ऐसे माहौल में खेल का विकास कैसे होगा? खेलों के विकास के लिए आवश्यक है कि सरकार की खेलनीति स्पष्ट व ईमानदार हो. स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों व खेल अकादमियों में बुनियादी ढांचे के विकास की गति तेज हो. बेहतर होगा कि सरकारें स्कूल स्तर से ही खेल को बढ़ावा देने का मिशन चलाए. ऐसा करने से उनकी प्रतिभा का सार्थक इस्तेमाल होगा और खेल को बढ़ावा मिलेगा. लेकिन देखें तो स्कूलों में खेल के प्रति घोर उदासीनता है. इसका मूल कारण खेल संबंधी संसाधनों की भारी कमी और खेल से जुड़े योग्य शिक्षकों-प्रशिक्षकों का अभाव है.

अगर प्राथमिक स्कूलों से इतर माध्यमिक विद्यालयों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की बात करें तो यहां भी स्थिति कमोवेश वैसी ही है. यहां संसाधन तो हैं लेकिन इच्छाशक्ति और प्रशिक्षण के अभाव में खेलों के प्रति रुझान नहीं बढ़ रहा है. उचित होगा कि केंद्र व राज्य सरकारें खेलों में सुधार के लिए पटियाला में स्थापित खेल संस्थान की तरह देश के अन्य हिस्सों में भी इस तरह के संस्थान खोलें. ऐसा इसलिए कि उचित प्रशिक्षण के जरिए ही देश में खेलों का स्तर ऊंचा उठाया जा सकता है. यहां यह भी समझना होगा कि जब तक खेलों को रोजगार से नहीं जोड़ा जाएगा तब तक खेल प्रतिभागियों में स्पर्धा का वातावरण निर्मित नहीं होगा. अगर खेलों में नौजवानों को अपना भविष्य सुनिश्चित नजर नहीं आएगा तो स्वाभिवक है कि वे वे खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा नहीं लेंगे. खेलों में भविष्य सुरक्षित न होने के कारण ही नौजवानों में उदासीनता है और खेल के क्षेत्र में भारत फिसड्डी देशों में शामिल है.

**आज भी देश में एक कहावत खूब प्रचलित है कि पढ़ोगे-लिखोगे बनोगे नवाब, खेलोगे-कूदोगे होगे खराब. स्कूलों में भी गुरुजनों द्वारा अक्सर बच्चों से कहते सुना जाता है कि दिन भर खेलोगे तो पढ़ोगे कब. इस तरह की प्रवृत्ति ठीक नहीं है.**

यहां यह भी ध्यान रखना होगा कि खेलों में खराब स्थिति के लिए एकमात्र सरकार की उदासीनता ही जिम्मेदार नहीं है. बल्कि खेल से विमुखता के लिए काफी हद तक समाज का नजरिया भी जिम्मेदार है. आज भी देश में एक कहावत खूब प्रचलित है कि 'पढ़ोगे-लिखोगे बनोगे नवाब, खेलोगे-कूदोगे होगे खराब'. स्कूलों में भी गुरुजनों द्वारा अकसर बच्चों से कहते सुना जाता है कि दिन भर खेलोगे तो पढ़ोगे कब. इस तरह की प्रवृत्ति ठीक नहीं है. खेल के प्रति उत्साहजनक वातावरण निर्मित न होने के कारण ही आज देश अंतर्राष्ट्रीय खेल पदकों की फेहरिस्त में निचले पायदान पर है.

हां, यह सही है कि अब पहले के मुकाबले कॉमनवेल्थ, ओलंपिक और एशियाड खेलों में भारत के खिलाड़ी उत्तम प्रदर्शन कर रहे हैं. वे पदक जीतकर देश का मान बढ़ा रहे हैं. भारत को गांवों से लेकर नगरों तक के खेल की बुनियादी ढांचे में आमुलचूल परिवर्तन करना होगा. उसे खेल प्रशिक्षण की आधुनिक अकादमियों की स्थापना के साथ-साथ समुचित प्रशिक्षण, खेल धनराशि में वृद्धि तथा प्रतियोगिताओं का आयोजन करना होगा. उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को सम्मानित करना होगा. अच्छी बात है कि भारत की मौजूदा सरकार इस दिशा में ठोस पहल कर रही है. खेल मंत्रालय खिलाड़ियों के लिए बेहतर सुविधाओं के साथ विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर रहा है. उचित यह भी होगा कि केंद्र व राज्य सरकारें खेल के विकास के लिए ईमानदार और स्पष्ट नीति को लागू कर उसका क्रियान्वयन और अनुपालन कराए.

## आज का इतिहास

1842: ब्रिटेन-चीन में नानकिंग की संधि पर हस्ताक्षर के साथ ही अफीम युद्ध खत्म.
1887: गांधीजी के डॉक्टर रहे और गुजरात के पहले सीएम जीवराज मेहता का जन्म.
1905: भारत के प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी पद्म भूषण मेजर ध्यानचंद का जन्म.
1931: नगा आंदोलन की बुनियाद रखने वाले आध्यात्मिक गुरु जदोनांग का निधन.
1949: शीर्ष वैज्ञानिक के. राधाकृष्णन का जन्म. उनके नेतृत्व में ही भारत पहले ही प्रयास में मंगल पर मंगलयान को पहुंचाया.
1956: महिंद्रा ऐंड मोहम्मद के संस्थापकों में से एक मलिक गुलाम मोहम्मद का निधन.
1976: बांग्ला विद्रोही कवि, संगीतज्ञ व दार्शनिक काजी नजरुल इस्लाम का निधन.
1998: क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित.
2014: फिल्म गांधी के लिए ऑस्कर जीतने वाले निर्देशक रिचर्ड एटनबरो का निधन.

# इंसान की पहचान पहनावे से नहीं उसके गुण से करिए

**चिंतन**

एक शिष्य अपने गुरु के पास पहुंचा और बोला, गुरु जी एक बात समझ नहीं आती, आपके वस्त्रों को देख लगता ही नहीं कि आप ज्ञानी व्यक्ति हैं जो सैकड़ों शिष्यों को शिक्षित करता है. गुरु ने अपनी ऊंगली से एक अंगूठी निकाली और शिष्य को देते हुए बोले, मैं तुम्हारी जिज्ञासा शांत करूंगा लेकिन पहले तुम मेरा काम कर दो. इस अंगूठी को किसी दुकानदार को बेच दो. बस ध्यान रहे कि इसके बदले कम से कम सोने की एक अशर्फी ज़रूर लाना. शिष्य उस अंगूठी को लेकर बाज़ार गया पर थोड़ी देर में वापस लौट आया. क्या हुआ, तुम इसे लेकर क्यों लौट आए?, गुरु जी ने पूछा, गुरु जी, मैंने इसे सब्जी वाले, किराना वाले और अन्य दुकानदारों को बेचने का प्रयास किया पर कोई भी इसके बदले सोने की एक अशर्फी देने को तैयार नहीं हुआ. गुरु जी बोले, कोई बात नहीं अब तुम इसे लेकर जौहरी के पास जाओ और इसे बेचने की कोशिश करो. शिष्य फिर अंगूठी लेकर गया, लेकिन कुछ ही देर में वापस आ गया. क्या हुआ, इस बार भी कोई इसके बदले 1 अशर्फी भी देने को तैयार नहीं हुआ? गुरुजी ने पुछा. शिष्य वो घबराते हुए बोला, अरे नहीं गुरु जी, इस बार मैं जिस जौहरी के पास गया सभी ने ये कहते हुए मुझे लौटा दिया कि यहां के सारे जौहरी मिलकर भी इस अनमोल हीरे को नहीं खरीद सकते इसके लिए तो लाखों अशर्फियां भी कम हैं.

यही तुम्हारे प्रश्न का उत्तर है. गुरु जी बोले, जैसे ऊपर से देखने पर इस अनमोल अंगूठी की कीमत का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता उसी प्रकार किसी को वस्त्रों से आंका नहीं जा सकता.व्यक्ति की विशेषता जानने के लिए उसे भीतर से देखना चाहिए. शिष्य की जिज्ञासा शांत हो चुकी थी. वह समझ चुका था कि बाहरी वेश-भूषा से व्यक्ति की सही पहचान नहीं हो सकती, जो बात मायने रखती है वो ये कि व्यक्ति भीतर से कैसा है!

दोस्तों, आप क्या पहनते हैं कैसे दिखते हैं इसकी अपनी महत्ता है, और कई जगहों पर तो इसका कुछ ज्यादा ही महत्त्व है. पर ये भी सच है कि सिर्फ पहनावे से इंसान को आंका नहीं जा सकता. इस लिए किसी को सिर्फ इसलिए छोटा नहीं समझना चाहिए क्योंकि उसने अच्छे कपड़े नहीं पहने. इंसान का असली गुण तो उसके भीतर होता है और वही उसे अच्छा या बुरा बनाता है.

## इंडिया पर ट्रेंडिंग



1. ऋषि पंचमी
2. #11YearsOfJanDhan
3. #JusticeForBapuji
4. Critical Health
5. Human Rights Violation
6. Innocent Sant
7. #RishiPanchami
8. #NuakhaiJuhar
9. #PMJDY
10. जानकी मंदिर


# बहुरंग




# विवेक रंजन अग्निहोत्री की 'द बंगाल फाइल्स' का पहला गाना 'किचुदिन मोने मोने' रिलीज

फिल्म मेकर विवेक रंजन अग्निहोत्री की बहुचर्चित फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' 16 अगस्त, 1946 को कलकत्ता में हुए डायरेक्ट एक्शन डे की भयावह पृष्ठभूमि पर आधारित है. यह फिल्म उनकी सच को सामने लाने वाली ट्रायलॉजी, 'द ताशकंद फाइल्स' और 'द कश्मीर फाइल्स' के बाद का अंतिम अध्याय है. पहले टीज़र ने ही पूरे देश को हिलाकर रख दिया था और अब ट्रेलर ने उस काली सच्चाई की झलक दिखाते हुए दर्शकों को गहराई तक झकझोर दिया. अब फिल्म का पहला गाना 'किचुदिन मोने मोने' रिलीज़ कर दिया गया है. यह गीत उस भयावह दिन की पीड़ा और भावनाओं को और गहराई से महसूस कराता है. पार्वती बाउल द्वारा गाया और कंपोज किया गया यह गीत पारंपरिक बंगाली संगीत की धुनों पर आधारित है, जो सीधे दिल को छू जाता है. इसकी मार्मिकता फिल्म के दर्दनाक विषय को और सशक्त बनाती है तथा हिंदू नरसंहार की त्रासदीपूर्ण घटनाओं को जीवंत कर देती है. 'द बंगाल फाइल्स' को खुद विवेक रंजन अग्निहोत्री ने लिखा और डायरेक्ट किया है. फिल्म के प्रोड्यूसर अभिषेक अग्रवाल, पल्लवी जोशी और विवेक अग्निहोत्री हैं. इसमें मिथुन चक्रवर्ती, पल्लवी जोशी, अनुपम खेर और दर्शन कुमार जैसे दिग्गज कलाकार नजर आएंगे. इसे तेज नारायण अग्रवाल और आई एम बुद्धा प्रोडक्शंस प्रस्तुत कर रहे हैं. यह फिल्म 'फाइल्स ट्रायलॉजी' का समापन है और 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

## अक्षय ओबेरॉय बोले-विवेक ओबेरॉय से बहुत करीब नहीं हैं



बॉलीवुड एक्टर विवेक ओबेरॉय के बारे में तो सब जानते हैं, लेकिन बहुत कम लोगों को यह जानकारी है कि उनके भाई अक्षय ओबेरॉय भी फिल्म इंडस्ट्री में अभिनेता हैं. हाल ही में अक्षय ने एक इंटरव्यू के दौरान विवेक के साथ अपने रिश्ते पर चुप्पी तोड़ी और ऐसा बयान दिया, जिसने सभी को हैरान कर दिया. अक्षय ने साफ कहा कि भले ही विवेक उनके चचेरे भाई हैं, लेकिन दोनों के बीच कभी खास नजदीकियां नहीं रहीं. उन्होंने कहा, विवेक ओबेरॉय मेरे कज़िन हैं, लेकिन हम करीब नहीं हैं. हमारे बीच अच्छे रिश्ते नहीं हैं. इंडस्ट्री में बहुत कम लोग जानते हैं कि हम भाई हैं. मैंने कभी अपने करियर में विवेक के नाम का इस्तेमाल नहीं किया, क्योंकि हमारे बीच ऐसा कोई रिश्ता नहीं था जिसका मैं फायदा उठा पाता. इस दूरी पर अक्षय ने अफसोस जताते हुए कहा, मुझे दुख है कि हम भाई होते हुए भी एक-दूसरे के इतने करीब नहीं हो पाए. हालांकि मुझे इस परिवार का हिस्सा होने पर गर्व है, लेकिन अफसोस है कि मुझे विवेक के साथ कभी काम करने का मौका नहीं मिला. अक्षय ओबेरॉय 'ब्लैकमेल', 'पिज्जा' जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हैं और हाल ही में उन्होंने ऋतिक रोशन की फिल्म 'फाइटर' में भी अहम भूमिका निभाई थी. विवेक ओबेरॉय ने 'साथिया', 'कंपनी', और 'शूटआउट एट लोखंडवाला' जैसी हिट फिल्मों के जरिए बॉलीवुड में अपनी मजबूत पहचान बनाई है.

# सोनू सूद ने मुंबई के महालक्ष्मी इलाके में बेचा अपना आलीशान अपार्टमेंट



बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद अपनी दमदार फिल्मों के साथ-साथ अपनी शानदार लाइफस्टाइल को लेकर भी हमेशा सुर्खियों में रहते हैं. अब खबर है कि सोनू ने मुंबई के महालक्ष्मी इलाके में स्थित अपना आलीशान अपार्टमेंट बेच दिया है. यह लग्जरी अपार्टमेंट 1,247 वर्ग फुट में फैला हुआ है और इसमें 2 पार्किंग स्लॉट भी शामिल हैं. सोनू का यह घर मिनर्वा नाम की गगनचुंबी इमारत में स्थित था, जो अपनी आलीशान सुविधाओं और हाई-प्रोफाइल लोकेशन के लिए मशहूर है. रिपोर्ट्स के अनुसार इस प्रॉपर्टी का सौदा इसी महीने फाइनल हुआ. डील के दौरान लगभग 48.60 लाख रुपये स्टांप ड्यूटी और 30 हजार रुपये रजिस्ट्रेशन शुल्क के रूप में अदा किए गए. सोनू ने यह अपार्टमेंट करीब 8.10 करोड़ रुपये में बेचा है. दिलचस्प बात यह है कि अभिनेता ने यह संपत्ति वर्ष 2012 में 2.94 करोड़ रुपये में खरीदी थी. यानी करीब 13 साल बाद सोनू ने इस घर को बेचकर मोटा मुनाफा कमाया है. काम की बात करें, तो सोनू सूद पिछली बार फिल्म 'फतेह' में नजर आए थे. इस फिल्म के जरिए उन्होंने बतौर निर्देशक और लेखक भी अपना पहला कदम रखा था. हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास प्रदर्शन नहीं कर पाई, लेकिन सोनू के काम को दर्शकों और समीक्षकों ने सराहा.

# बॉक्स ऑफिस पर डेली कलेक्शन में भारी गिरावट झेल रही फिल्म 'वॉर-2'

अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी 'वॉर-2' रिलीज के समय से ही चर्चा में रही थी और दर्शकों व निर्माताओं को इस फिल्म से बड़ी उम्मीदें थीं. ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी जैसे दमदार सितारों की मौजूदगी के बावजूद फिल्म सिनेमाघरों में दर्शकों को खींचने के लिए संघर्ष कर रही है. रिलीज के पहले हफ्ते में जहां फिल्म ने ठीक-ठाक कमाई की, लेकिन दूसरे हफ्ते में इसके कलेक्शन में गिरावट दर्ज की जा रही है. नवीनतम रिपोर्ट्स के मुताबिक 'वॉर-2' ने रिलीज के 14वें दिन महज 2.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया. इसी के साथ फिल्म का भारत में कुल कलेक्शन 229.75 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है. हालांकि, 400 करोड़ रुपये की भारी-भरकम लागत में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में अब तक 350 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है. फिल्म में आशुतोष राणा ने भी अपनी दमदार अदाकारी से अलग ही छाप छोड़ी है. बॉक्स ऑफिस पर 'वॉर-2' की राह आसान नहीं है. इसका सीधा मुकाबला सुपरस्टार रजनीकांत की 'कुली' और एनिमेटेड फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' से हो रहा है. जहां 'महावतार नरसिम्हा' अपने पहले दिन से ही दर्शकों के बीच जबरदस्त क्रेज बनाए हुए है, वहीं रजनीकांत की 'कुली' की स्थिति धीरे-धीरे कमजोर पड़ती जा रही है. इसी बीच बॉक्स ऑफिस पर एक और नई चुनौती आने वाली है.




आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर
8210075897

**मेष :** व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. नौकरी में पदोन्नति की संभावना है. शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें. संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी. पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी. नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा. कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी. शुभांक-2-4-6

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें. रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी. कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे. स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा. शुभांक-3-5-7

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. यात्रा शुभ रहेगी. काम को प्राथमिकता से करें. कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी. शुभांक-2-4-6

**कर्क :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्घ होंगे. कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं. कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. मान-सम्मान बढ़ेगा. धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. पारिवारिक विवाद टालें. अच्छे समय का इन्तजार करें. शुभांक-1-5-6

**सिंह :** लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी. रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है. व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है. कामकाज की अधिकता रहेगी. लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा. व्यवसायिक अभ्युदय व प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी. सुख-सुविधा में वृद्घि होगी. शुभांक-3-5-7

**कन्या :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी. लाभमार्ग प्रशस्त होगा. नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी. कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा. शुभांक-3-4-7

**तुला :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी.अपनों का सहयोग प्राप्त होगा. पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी. शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है. शुभांक-3-5-6

**वृश्चिक :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी. शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे. संतोष रखने से सफलता मिलेगी. नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी. जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा. कर्ज लेने से बचें. शुभांक-3-5-7

**धनु :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा. कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे. सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी. आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी. यात्रा शुभ रहेगी. अपने काम पर पैनी नजर रखिए. विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा. शुभांक-2-4-6

**मकर :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा. कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी. लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे. परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. शुभांक-1-5-8

**कुंभ :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा. यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी. महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. शुभांक-3-5-7

**मीन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे. भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा. किसी पर बहुत भरोसा करना नुकसानदायक हो सकता है. शुभांक-1-3-5



# इंजीनियरिंग के बाद सिर्फ एमबीए नहीं, ये कोर्सेस भी कर सकते हैं आप

**हर व्यक्ति के लिए करियर इंपोर्टेंट होता है। हर फील्ड में कई सारे ऑप्शन होते हैं। करियर ग्रोथ के लिए आप इंजीनियरिंग के बाद एमबीए के अलावा अगर कुछ करना चाहती हैं तो हम आपको बताएंगे कुछ ऐसे कोर्स जो आप सेलेक्ट कर सकती हैं और अपना करियर बना सकती हैं।**



## स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग

यह एक पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स होता है और यह 2 साल का कोर्स है। यह इंजीनियरिंग कोर्स आपको कंसीडरेशन और डिजाइन का एनालिसिस, स्ट्रक्चरल स्टेबिलिटी, जनरल सेफ्टी, कंस्ट्रक्शन रिलायबिलिटी, विद स्टैंडिंग सिस्मिक फोर्सेस और बिल्डिंग फेलियर को समझने और विश्लेषण करने में मदद करता है। कई टॉप कॉलेज इस कोर्स के लिए एंट्रेंस एग्जाम भी करवाते हैं।

## रोबोटिक कोर्स

यह कोर्स आप भारत के अलावा किसी अन्य देश से भी कर सकती हैं। यह एक लॉन्गटर्म रिसर्च ओरिएंटेड कोर्स है और आप इस क्षेत्र से जुड़ने के बाद कुछ शॉर्ट टर्म कोर्स कर सकते हैं जैसे आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, एडवांस रोबोटिक्स सिस्टम जैसे क्षेत्र में शानदार करियर बना सकती हैं। इस कोर्स को कंप्लीट करने के लिए 4 साल का समय लगता है।

## प्रोडक्ट डिजाइनर

प्रोडक्ट डिजाइनर वह होता है जो डिजाइनिंग पर वर्क करता है। जो लोग रोजमर्रा के उपयोग में आने वाले उत्पादों के डिजाइन करने और विकसित करने का काम करते हैं वह प्रोडक्ट डिजाइनर होता है। किसी भी प्रोडक्ट को ग्राहक की पसंद के अनुसार बेहतर बनाने के लिए प्रोडक्ट डिजाइनर सबसे बड़ी भूमिका निभाते हैं और किसी भी प्रकार के प्रोडक्ट्स को डिजाइन करना एक लर्निंग टास्क भी होता है। एक प्रोडक्ट डिजाइनर कोर्स करने में 1 से 4 साल भी लग सकते हैं। यह कोर्स करके आप मार्केटिंग कंपनी में भी जॉब कर सकती हैं।



# क्वांटम इंजीनियरिंग से विभिन्न क्षेत्रों में मिलेगा अवसर

**आधुनिक समय में क्वांटम तकनीक उभरता हुआ क्षेत्र है। यह क्षेत्र युवाओं को नौकरी के नए अवसर प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, जिस वजह से युवाओं का भी इस क्षेत्र की ओर रुझान बढ़ रहा है।**

इंजीनियरिंग में करियर को आगे बढ़ाने के लिए क्वांटम कंप्यूटिंग भी कमाल की विधा है, यह आने वाले भविष्य की एक रोमांचक तकनीक है, और इस क्षेत्र में कौशल वाले पेशेवरों की भारी मांग है। अगर आप क्वांटम कंप्यूटिंग जॉब्स और करियर बनाने में रुचि रखते हैं, तो यहां आपके लिए कुछ दिलचस्प टिप्स दिए गए हैं -
दरअसल, क्वांटम तकनीक वह शाखा है, जो खास तौर पर क्वांटम मैकेनिक्स का इस्तेमाल करके नई तकनीकों को विकसित करती है। यह क्वांटम बिट्स का (क्यूबिट्स) इस्तेमाल करके तेज, अद्भुत गणना और सुरक्षित संचार साधने की कोशिश करती है, जिससे कंप्यूटिंग और संचार क्षेत्रों में युवाओं के लिए नए स्तर की संभावनाएं उत्पन्न हो रही हैं।
आधुनिक समय में क्वांटम तकनीक उभरता हुआ क्षेत्र माना जा रहा है। यह क्षेत्र युवाओं को नौकरी के नए अवसर प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, जिस वजह से युवाओं का भी इस क्षेत्र की ओर रुझान बढ़ रहा है।

## यहां से करें क्वांटम तकनीक में कोर्स

अगर आप क्वांटम तकनीक के क्षेत्र में अपना भविष्य संवारना चाहते हैं, तो आप भारतीय प्रबंधन संस्थान, भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान और दिल्ली विश्वविद्यालय समेत अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों से क्वांटम तकनीक के क्षेत्र में शैक्षणिक योग्यता को पूरा कर सकते हैं। कई विश्वविद्यालयों और संस्थानों में क्वांटम साइंस और टेक्नोलॉजी के लिए विशेष पाठ्यक्रम तैयार किए गए हैं, जो छात्रों को क्वांटम तकनीक के क्षेत्र में मार्गदर्शन कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त बीएससी एवं एमएससी के छात्रों के लिए भी इस क्षेत्र में विकल्प मौजूद है।
क्वांटम कंप्यूटिंग के मूल सिद्धांतों को समझना, जैसे कि सुपरपोजिशन, उलझाव और क्वांटम सर्किट। ऑनलाइन कोर्स, किताबें और ब्लॉग पोस्ट आपके ज्ञान को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।

## क्वांटम तकनीक की स्पेस एवं डिफेंस में भी है संभावनाएं


स्पेस एवं डिफेंस के क्षेत्र में सुरक्षा के लिहाज से क्वांटम तकनीक बेहद कारगर है। क्वांटम तकनीक के क्षेत्र में शैक्षणिक योग्यताओं को पूरा करने के पश्चात आप नासा, डीआरडीओ और इसरो जैसे संस्थानों से अपने करियर की शुरुआत कर सकते हैं। इन संगठनों में तकनीकी और अनुसंधान से संबंधित जानकारी के साथ-साथ आपको क्वांटम तकनीक का भी ज्ञान होना जरूरी है।
क्वांटम तकनीक के क्षेत्र में जानकारी के साथ आपको स्पेस क्षेत्र में कुछ नया करने का अवसर मिल सकता है।
क्वांटम कंप्यूटिंग के कई एप्लिकेशन के बारे में जानें, जैसे कि मशीन लर्निंग, सिमुलेशन, क्रिप्टोग्राफी और सामग्री विज्ञान। अपने पसंद के क्षेत्र में गहन ज्ञान विकसित करना आपको अलग दिखाएगा।

## क्वांटम तकनीक के क्षेत्र में शैक्षणिक योग्यता

- क्वांटम साइंस और टेक्नोलॉजी में एमएससी
- क्वांटम कंप्यूटिंग में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा
- क्वांटम इंजीनियरिंग में बीटेक एमटेक
- क्वांटम सूचना और कंप्यूटिंग में शॉर्ट-टर्म कोर्स
- क्वांटम तकनीक में डॉक्टरेट

## क्वांटम तकनीक से विभिन्न क्षेत्रों में मिलेगा अवसर

आपने क्वांटम तकनीक से संबंधित सभी पात्रताओं को पूरा कर लिया है, तो आप निजी क्षेत्र में भी अवसरों की तलाश कर सकते हैं। आप इस क्षेत्र में निजी कंपनियों और स्टार्टअप्स में नौकरी, अनुसंधान और उत्पादों को विकसित करने में अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं। सुपर कंप्यूटिंग, साइबर सुरक्षा और नैनो-तकनीकों जैसे क्षेत्रों में क्वांटम तकनीक का इस्तेमाल तेजी से हो रहा है, जिससे निजी कंपनियां संचार को सुरक्षित रखने के लिए नए उत्पादों और सेवाओं का निर्माण कर रही हैं। इसके अलावा युवाओं को कुशल बनाने के लिए भारत सरकार इस क्षेत्र में स्टार्टअप को बढ़ावा दे रही है।





# जर्नलिज्म की फील्ड में करियर बनाना चाहते हैं तो....

**आज के समय में अधिकतर यंगस्टर जर्नलिज्म की फील्ड में अपना करियर बनाना चाहते हैं। इसे लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। जर्नलिज्म करने के बाद आप अलग-अलग मीडिया और कम्युनिकेशन इंडस्ट्री के साथ जुड़ सकते हैं और अपना एक बेहतरीन करियर देख सकते हैं।**

आमतौर पर, लोग यह सोचते हैं कि जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन कोर्स करने के बाद आप केवल एंकर या न्यूज रीडर ही बन सकते हैं। जबकि ऐसा नहीं है। यह एक बहुत बड़ा क्षेत्र है और इसमें आपके पास करियर ऑप्शन की कोई कमी नहीं नहीं है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही करियर ऑप्शन के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आप जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन कोर्स करने के बाद चुन सकते हैं-

## बनें जर्नलिस्ट

जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन कोर्स करने के बाद बतौर जर्नलिस्ट अपना करियर देख सकते हैं। आप किसी न्यूज पोर्टल, अखबार या चैनल के साथ जुड़ सकते हैं और किसी एक फील्ड में काम कर सकते हैं। इस तरह आप पुख्ता जानकारी के साथ सच्ची घटनाओं को जनता के सामने पेश कर पाएंगे।

## करें कंटेंट राइटिंग

जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन कोर्स करने के बाद कंटेंट राइटिंग करना यकीनन एक अच्छा विचार है। अगर आपमें लेखन का कौशल पहले से ही है तो जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन कोर्स आपके इस स्किल्स को और भी अधिक निखारने में मदद करेगा। आप अलग-अलग मीडिया हाउस से लेकर डिजिटल मार्केटिंग एजेंसियों, विज्ञापन एजेंसियों और अन्य प्रमुख संगठनों के साथ जुड़कर उनके लिए कंटेंट राइटिंग कर सकते हैं। आज के समय में कंपनियां अच्छे कंटेंट राइटर की तलाश में रहती हैं, जो उनके लिए इफेक्टिव कंटेंट लिख सकें और अधिक से अधिक बिजनेस ला सकें।

## रेडियो जॉकी


अगर आपकी आवाज में दम है और आपको ऐसा लगता है कि लोग आपको सुनना पसंद करेंगे तो आप बतौर रेडियो जॉकी भी अपना करियर देख सकते हैं। जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन कोर्स करने के बाद आप बतौर आरजे अपने करियर को शेप दे सकते हैं। एक सफल रेडियो जॉकी बनने के लिए सिर्फ अच्छी आवाज होना ही काफी नहीं है, बल्कि आप उतने ही क्रिएटिव भी हों और लीक से हटकर कुछ नया करने की क्षमता रखते हों।

## पब्लिक रिलेशन प्रोफेशनल्स

अगर आपने जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन कोर्स किया है और आप न्यूज की दुनिया में कदम नहीं रखना चाहते हैं तो ऐसे में आप बतौर पब्लिक रिलेशन प्रोफेशनल्स भी अपना करियर देख सकते हैं। आप किसी व्यक्ति, आर्गेनाइजेशन या कंपनी के लिए पीआर का काम संभाल सकते हैं। दुनिया भर में कंपनियां हमेशा ऐसे कुशल लोगों की तलाश में रहती हैं जो सफलतापूर्वक उनके ब्रांड को रिप्रेजेंट कर सकें और एक बेहतरीन नेटवर्क और रिलेशन बना सकें। इस फील्ड में करियर बनाने के लिए आपके कम्युनिकेशन स्किल्स बेहतरीन होने चाहिए।

## संभालें डिजिटल मीडिया

आज का जमाना ऑनलाइन का है। ऐसे में अगर आप चाहें तो टीवी या न्यूजपेपर के अलावा ऑनलाइन की दुनिया में भी अपने लिए अवसरों की तलाश कर सकते हैं। मसलन, आप सोशल मीडिया अकाउंट्स पर नजर रखें और उनके लिए कंटेंट लिखें। आप ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के लिए आर्टिकल से लेकर वीडियो आदि तैयार कर सकते हैं।




**गौतम का फिजिक्स में इंजीनियरिंग करने का सपना था। जब वह अपने इस सपने को पूरा करने के लिए निकले तो कभी नहीं सोचा था कि इसकी वजह से वह अलग-अलग सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के लोगों से मिल सकेंगे और खुले विचारों वाला बन सकेंगे। उन्होंने हॉन्ग कॉन्ग में पढ़ने के विकल्प को चुना, अलग-अलग परिस्थिति में अलग-अलग तरह के लोग क्या सोचते हैं यह सीखा, विविधता के अनुकूल खुद को ढाला और उन्होंने खुद को पूरी तौर पर बदल लिया।**

# उच्चतर शिक्षा का उभरता हुआ बड़ा केंद्र है हॉन्ग कॉन्ग

हॉन्ग कॉन्ग एक उभरता हुआ मेट्रोपोलिस है और उच्चतर शिक्षा का बड़ा केंद्र है। अमेरिका और इंग्लैंड की कई यूनिवर्सिटियों के मुकाबले यहां ट्यूशन फीस कम है और वीजा पॉलिसी भी काफी आसान है। नीचे कुछ कारण दिए गए हैं जो हॉन्ग कॉन्ग को भारतीय छात्रों के लिए उच्चतर शिक्षा का बेहतर स्थान बनाते हैं।

## वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त संस्थान से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

हॉन्ग कॉन्ग एक प्रतिष्ठित शिक्षा केंद्र है। क्यूएस सर्वश्रेष्ठ छात्र शहर रैंकिंग में इसको 14वां स्थान मिला है। इसने यूनिवर्सिटी रैंकिंग इंडिकेटर में खासतौर पर अच्छा प्रदर्शन किया है। इसका कारण है कि यहां अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग प्राप्त कई यूनिवर्सिटी हैं। एशिया की टॉप 10 यूनिवर्सिटी में से 4 और दुनिया की टॉप 100 यूनिवर्सिटी में से 5 यहां हैं। हॉन्ग कॉन्ग पॉलिटेक्निक यूनिवर्सिटी जैसे संस्थान उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मजबूत रिसर्च नेटवर्क मुहैया कराते हैं।

## संस्कृति और व्यापार के मिश्रण का अनोखा गढ़

इस चमक-दमक भरे शहर में दुनिया भर के लोग रहते और काम करते हैं। इससे संस्कृति और धरोहर का अनोखा मिश्रण तैयार हुआ है जहां पूरब की संस्कृति का मिलन पश्चिम की संस्कृति से होता है। ऐसा कहीं और नहीं है। इसके अलावा आकर्षक टैक्स स्ट्रक्चर, आधुनिक आधारभूत ढांचे और चीन एवं अन्य एशियाई बाजार के करीब होने के कारण हॉन्ग कॉन्ग कॉर्पोरेशंस और स्टार्ट अप्स के लिए आकर्षक स्थान है। इसलिए हॉन्ग कॉन्ग में पढ़ने से मजबूत सामाजिक और पेशेवर संबंध बनता है जो अवसरों के इस गढ़ में किसी को करियर की शुरुआत करने में अहम साबित हो सकते हैं।

## यूनिवर्सिटी का चुनाव?

अगर आप विदेश से अंडरग्रेजुएट डिग्री करना चाहते हैं तो हॉन्ग कॉन्ग की पॉलिटेक्निक यूनिवर्सिटी आपकी बेस्ट चॉइस हो सकती है। इसकी प्रोफेशनल एजुकेशन में मजबूत पकड़ है और हॉन्ग कॉन्ग के बिजनेस एवं इंडस्ट्रियल लीडर्स से पार्टनरशिप है। यह यूनिवर्सिटी देश के अंदर और बाहर अपने लिंक के लिए भी जानी जाती है जिससे आपको चीन की सीमा के बाहर जाकर भी रोजगार खोजने में आसानी होगी।

## बाहरी ग्रैजुएट्स के लिए इमिग्रेशन

बाहरी ग्रैजुएट जिन्होंने हॉन्ग कॉन्ग में फुल टाइम और स्थानीय तौर पर मान्यता प्राप्त प्रोग्राम में अंडरग्रेजुएट या हायर क्वॉलिफिकेशन हासिल किया है और रोजगार के लिए एचकेएसएआर में प्रवेश करना /रहना चाहते हैं, वे आईएएनजी के लिए प्रोफेशनल के तौर पर आवेदन कर सकते हैं। उनको 12 महीने की अवधि तक रहने की अनुमति मिल जाएगी बशर्ते कि उन्होंने इमिग्रेशन से जुड़ी आम जरूरतों को पूरा किया हो।

## हॉन्ग कॉन्ग में पढ़ने के कुछ और फायदे निम्नलिखित हैं...

- मेरिट आधारित पॉलीयू एंट्री स्कॉलरशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके तहत 1,90,000 हॉन्ग कॉन्ग डॉलर यानी करीब 17 लाख 36 हजार रुपये मिलता है। इसको शैक्षिक उपलब्धि के आधार पर रिन्यू किया जा सकता है।
- पॉलीयू में बाहरी छात्रों के लिए दो सालों तक यूनिवर्सिटी की ओर से रहने का प्रबंध किया जाता है।
- इंटर्नशिप की गारंटी। (स्थानीय या विदेशी)
- किसी विदेशी यूनिवर्सिटी के कैंपस से स्टडी के अवसर की गारंटी

# दलीप ट्रॉफी : श्रेयस-तिलक और यशस्वी-शमी पर रहेंगी नजरें

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**



युवा और महत्वाकांक्षी खिलाड़ी दलीप ट्रॉफी के मंच पर अपना दबदबा बनाने की कोशिश करेंगे जब लाल गेंद की इस प्रतियोगिता की अपने पारंपरिक क्षेत्रीय प्रारूप में वापसी होगी और इसके साथ ही भारत के घरेलू क्रिकेट सत्र की शुरुआत होगी. छह क्षेत्रीय टीम 1960 के दशक में शुरू की गई इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। पिछले सत्र में जब यह प्रतियोगिता अव्यवस्थित ढंग से तैयार भारत ए, बी, सी और डी टीमों के बीच खेली गई थी तो हितधारक खुश नहीं थे और फिर उम्मीद के मुताबिक प्रतियोगिता की पुराने प्रारूप में वापसी हुई है.

**पश्चिम क्षेत्र की टीम में कई स्टार :** इस टूर्नामेंट ने पहले अधिक सुर्खियां नहीं बटोरी थी, लेकिन बीसीसीआई द्वारा अपने स्टार खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय टीम में नहीं होने या चोटिल नहीं होने पर घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लेना अनिवार्य करने के बाद यह फिर से प्रासंगिक हो गया है. इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल शार्दुल ठाकुर पश्चिम क्षेत्र की टीम की कप्तानी करेंगे जिसमें श्रेयस अय्यर, सरफराज खान और यशस्वी जायसवाल शामिल हैं.

**एशिया कप टीम में नहीं चुने गए यशस्वी :** भारत की टेस्ट टीम में अपनी जगह गंवा चुके अय्यर ढेरों रन बनाना चाहेंगे, जबकि सरफराज के साथ भी यही स्थिति है जिन्हें हाल ही में इंग्लैंड दौरे के लिए नजरअंदाज किया गया था. एशिया कप टी20 के लिए नहीं चुना जाना अय्यर के लिए प्रेरणा का एक अतिरिक्त स्रोत होगा जिनके बाहर होने पर राय विभाजित हैं. जायसवाल को भी उनकी कोई गलती नहीं होने के बावजूद एशिया कप टीम से बाहर कर दिया गया था.

**तिलक भी दिखाएंगे दमखम :** घरेलू और विदेशी दोनों ही जगहों पर भारत के लिए लाल गेंद से उनका प्रदर्शन विशेष रहा है और वह अपने सत्र की शुरुआत अच्छी पारियों से करना चाहेंगे. तिलक वर्मा की अगुआई वाली दक्षिण क्षेत्र की टीम में सभी की नजरें आर साई किशोर पर होंगी जो हाथ की चोट के कारण बुची बाबू टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे. लोकेश राहुल और साई सुदर्शन जैसे खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रहे हैं.

**ईशान चोट की वजह से हुए बाहर :** देवदत्त पडिक्कल चोट से उबरकर वापसी कर रहे हैं और प्रभावशाली प्रदर्शन उन्हें फिर से राष्ट्रीय टीम में जगह दिला सकता है. उन्होंने पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ डेब्यू किया था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह गंवा बैठे थे. पूरे इंग्लैंड दौरे के दौरान मौके का इंतजार करते रहे अभिमन्यु ईश्वरन चोटिल ईशान किशन की अनुपस्थिति में पूर्वी क्षेत्र की टीम की कप्तानी करेंगे.

**ईश्वरन भी खुद को साबित करना चाहेंगे :** जाहिर है कि इंग्लैंड में लंबे समय तक मैदान से बाहर रहने के बाद ईश्वरन मैदान पर आकर रन बनाने के लिए बेताब होंगे. कई मौकों पर भारतीय टीम का हिस्सा होने के बावजूद ईश्वरन अभी तक पदार्पण नहीं कर पाए हैं और उन्हें घरेलू क्रिकेट में रन बनाते रहना होगा. गेंदबाजी विभाग में मोहम्मद शमी की लाल गेंद की फिटनेस का आकलन किया जाएगा क्योंकि चोट के कारण उन्होंने टेस्ट टीम में अपनी जगह खो दी है.

**अर्शदीप-राणा एक मैच खेल पाएंगे :** दलीप ट्रॉफी में भारत के नए टेस्ट कप्तान की मौजूदगी से टूर्नामेंट में और भी अधिक दिलचस्पी पैदा होती, लेकिन वह फिलहाल उपलब्ध नहीं हैं. एशिया कप टीम में शामिल अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा संभवतः केवल शुरुआती मैच में ही खेलेंगे और फिर यूएई जाने वाली टी20 टीम से जुड़ जाएंगे. अर्शदीप इंग्लैंड में सभी पांच टेस्ट मैच से बाहर रहे जबकि अंशुल कंबोज जैसा खिलाड़ी टीम में देर से शामिल होने के बावजूद पदार्पण करने में सफल रहा.

**राणा चयन को सही साबित करना चाहेंगे :** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए बेताब है और इसके लिए उन्हें लाल गेंद की घरेलू प्रतियोगिताओं में मौका मिलने पर अच्छा प्रदर्शन करना होगा. राणा लंबे प्रारूप में फिलहाल राष्ट्रीय चयनकर्ताओं की योजना का हिस्सा नहीं हैं और इसलिए उत्तर क्षेत्र के लिए अपने शुरुआती मैच में खुद को पूरी तरह झोंकने के उनके पास पर्याप्त कारण हैं.

**जुरेल और पाटीदार पर भी नजरें :** ध्रुव जुरेल और रजत पाटीदार मध्य क्षेत्र की टीम में उल्लेखनीय नाम हैं. टूर्नामेंट में जुरेल के नेतृत्व कौशल का आकलन किया जाएगा, जबकि पाटीदार पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद टीम से अपनी जगह गंवाने के बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी करने की कोशिश करेंगे. पूर्वोत्तर क्षेत्र की टीम के लिए खेल के दिग्गजों का सामना करना एक बड़ी चुनौती होगी और इस संदर्भ में एक उत्कृष्ट प्रदर्शन तुरंत ध्यान आकर्षित करेगा.

### टीम इस प्रकार हैं

- **दक्षिण क्षेत्र :** तिलक वर्मा, मोहम्मद अजहरुद्दीन, तन्मय अग्रवाल, देवदत्त पडिक्कल, मोहित काले, सलमान निजार, नारायण जगदीशन, त्रिपुराना विजय, आर साई किशोर, तन्य त्यागराजन, विजयकुमार विशाक, निधीश एमडी, रिकी भुई, बासिल एनपी, गुरजपनीत सिंह और स्नेहल कौथंकर.
- **पूर्व क्षेत्र :** अभिमन्यु ईश्वरन, संदीप पटनायक, विराट सिंह, डेनिश दास, श्रीदम पॉल, शरणदीप सिंह, कुमार कुशाग्र, रियान पराग, उत्कर्ष सिंह, मनीषी, सूरज सिंधू जायसवाल, मुकेश कुमार, आकाश दीप और मोहम्मद शमी.
- **पश्चिम क्षेत्र :** शार्दुल ठाकुर, यशस्वी जायसवाल, आर्या देसाई, हार्विक देसाई, श्रेयस अय्यर, सरफराज खान, ऋतुराज गायकवाड़, जयमीत पटेल, मनन हिंगराजिया, सौरभ नवाले, शम्स मुलानी, तनुष कोटियन, धर्मेंद्रसिंह जडेजा, तुषार देशपांडे और अर्जन नागवासवाला.
- **उत्तर क्षेत्र :** शुभमन (पहला मैच नहीं खेलेंगे), शुभम खजूरिया, अंकित कुमार, आयुष बडोनी, यश धुल, अंकित कलसी, निशांत संधू, साहिल लोत्रा, मयंक डागर, युद्धवीर सिंह चरक, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, आकिब नबी और कन्हैया वधावन.
- **मध्य क्षेत्र :** ध्रुव जुरेल, रजत पाटीदार, आर्यन जुयाल, दानिश मालेवार, संजीत देसाई, कुलदीप यादव, आदित्य ठाकरे, दीपक चाहर, सारांश जैन, आयुष पांडे, शुभम शर्मा, यश राठौड़, हर्ष दुबे, मानव सुतार और खलील अहमद.
- **पूर्वोत्तर क्षेत्र :** जोनाथन रोंगसेन, आकाश कुमार चौधरी, तेची डोरिया, युमनुम कर्णजीत, सेडेझाली रूपेरो, आशीष थापा, हेम बहादुर छेत्री, जेहू एंडरसन, अर्पित सुभाष भटेवरा, फिरोजम जोतिन सिंह, पालजोर तमांग, अंकुर मलिक, बिश्वोरजीत सिंह कोंथौजम, आर्यन बोरा और लामाबम अजय सिंह.

## राज्य लीगें प्रतियोगी नहीं, प्रतिभा की नर्सरी हैं : डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**



दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली ने देशभर में बढ़ रही टी20 लीगों की सराहना करते हुए कहा है कि ये टूर्नामेंट एक-दूसरे के प्रतिद्वंदी नहीं, बल्कि नई प्रतिभाओं को सामने लाने और निखारने का बेहतरीन मंच हैं. उन्होंने कहा कि इस तरह की पहलें भारतीय क्रिकेट के ढांचे को और मजबूत करती हैं तथा खेल के समग्र विकास में योगदान देती हैं. जेटली ने कहा, "राज्य लीगें एक-दूसरे की प्रतियोगी नहीं बल्कि अपने-अपने इकोसिस्टम की फीडर हैं. हर राज्य की अपनी प्रतिभा और संरचना है. अधिक लीगों का मतलब है खिलाड़ियों के लिए अधिक मौके और यह भारतीय क्रिकेट के लिए शुभ संकेत है." दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे संस्करण पर बात करते हुए उन्होंने बताया कि पहली सीजन की तुलना में प्रतियोगिता का पैमाना, संगठन और गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ है. उन्होंने कहा कि लीग ने न केवल खेल के स्तर को ऊंचा किया है बल्कि पुरुष और महिला क्रिकेट दोनों के लिए राजधानी में एक मजबूत आधार तैयार करने की दिशा में अहम कदम उठाए हैं. उन्होंने कहा कि प्रशासक के तौर पर हमेशा कोशिश रहती है कि पिछले सीजन से बेहतर आयोजन हो—बेहतर तैयारी, बेहतर क्रियान्वयन. इस बार की लीग अधिक पेशेवर और संरचित है. टीमें ज्यादा संगठित हैं, प्रबंधन और मजबूत है और संपूर्ण इकोसिस्टम भी विकसित हुआ है. हर साल रिकॉर्ड टूटे यह ज़रूरी नहीं, लेकिन निरंतरता और प्रतियोगिता का पैमाना अहम है. उन्होंने यह भी कहा कि खिलाड़ियों का फिटनेस स्तर बढ़ा है और वे घरेलू सीजन से पहले बेहतर तैयारी के साथ मैदान में उतर रहे हैं. इस सीजन डीपीएल में दो नई टीमों को शामिल किया गया. डीडीसीए अध्यक्ष ने नए टीम मालिकों के पेशेवर दृष्टिकोण की सराहना की और कहा कि उनके आने से टूर्नामेंट में नई ऊर्जा का संचार हुआ है. उन्होंने कहा कि नए टीम मालिकों ने खुद को इकोसिस्टम में बहुत अच्छे से ढाल लिया है. उनका दृष्टिकोण पेशेवर है और पुरानी टीमों ने भी सहयोग दिया है. इससे अधिक खिलाड़ियों को अवसर मिल रहे हैं, जो लीग को और मजबूत बनाता है. डीपीएल के लाइव प्रसारण पर बोलते हुए उन्होंने कहा, "स्टार स्पोर्ट्स पर प्रसारण हमारे लिए बड़ा बदलाव है. जहां कई टूर्नामेंट सिर्फ डिजिटल तक सीमित रहते हैं, वहीं टीवी पर प्रसारण हमें बेजोड़ पहुंच और दृश्यता देता है.

### पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर की भविष्यवाणी ने सभी को चौंकाया, कहा

# पाकिस्तान एशिया कप के फाइनल में नहीं पहुंचेगा

**भविष्यवाणी**

**एजेंसियां। इस्लामाबाद**

क्रिकेट एशिया कप में कुल 8 टीमें खेलेंगी, जिन्हें 2 ग्रुप (4-4) में बांटा गया है. टूर्नामेंट शुरू होने में अब करीब 10 दिन का समय बचा है, ऐसे में सभी इसको लेकर प्रेडिक्शन कर रहे हैं. एशिया कप के फाइनल में कौन सी टीम पहुंचेगी? इसको लेकर पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर ने भविष्यवाणी की लेकिन उनके अनुसार पाकिस्तान फाइनल में नहीं पहुंचेगी. उन्होंने बताया कि टीम इंडिया के साथ दूसरी फाइनलिस्ट टीम कौन सी होगी.

एशिया कप में भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में शामिल हैं, पूरी संभावना है कि इस ग्रुप से यही दोनों टीमें सुपर 4 में जाएंगी. ग्रुप स्टेज में भारत बनाम पाकिस्तान मैच 14 सितंबर को है, अगर दोनों सुपर-4 में पहुंची तो दूसरा मैच इन दोनों टीमों के बीच 21 सितंबर को होगा.

सुपर 4 की टॉप 2 टीमों के बीच एशिया कप का फाइनल मैच खेला जाएगा. इसको लेकर सभी भविष्यवाणी कर रहे हैं. कोई बता रहा है कि टॉप 4 टीमें कौन होंगी तो कोई बता रहा है कि फाइनल में कौन सी टीम पहुंचेगी. पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर दानिश कनेरिया को नहीं लगता कि इस बार पाकिस्तान फाइनल तक पहुंचेगी.



**एशिया कप 2025 की फाइनलिस्ट टीम कौन सी होंगी**

अपने यूट्यूब चैनल पर भारत और पाकिस्तान के स्क्वाड पर चर्चा करते हुए दानिश कनेरिया ने ये बड़ा बयान दिया. उनके अनुसार इस बार टीम इंडिया और अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के बीच एशिया कप का फाइनल मैच हो सकता है. यही नहीं बासित अली भी पाकिस्तान टीम और कप्तान की आलोचन कर चुके हैं. दानिश कनेरिया ने कहा, ₹टीम इंडिया मजबूत है और वह एक बार फिर खिताब जीतने की प्रबल दावेदार है. लेकिन इस बार अफगानिस्तान ऐसी टीम होगी, जो मजबूत टक्कर देगी. मुझे लगता है कि इस बार एशिया कप का फाइनल भारत और अफगानिस्तान के बीच हो सकता है. मैं समझता हूं कि पाकिस्तान टीम को अफगानिस्तान से संभलकर रहना होगा, अफगानिस्तान एक बड़ी चुनौती होगी.

**भारतीय टीम पाकिस्तान को आसानी से हरा देगी** : दानिश कनेरिया ने 14 सितंबर को होने वाले भारत बनाम पाकिस्तान मैच की भी भविष्यवाणी की. उन्होंने भारतीय टीम की तारीफ़ करते हुए कहा कि बड़ा मैच होगा लेकिन पूरा यकीन है कि इस मैच में टीम इंडिया पाकिस्तान को आसानी से हरा देगी. टीम इंडिया के स्क्वाड में काफी मजबूत प्लेयर्स हैं और वह खिताब जीतने की भी मजबूत दावेदार है.

## आईपीएल से संन्यास के बाद विदेशी लीग में खेलते नजर आ सकते हैं अश्विन

**एजेंसियां। चेन्नई**



पूर्व भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल से संन्यास का एलान कर सभी को चौंका दिया. अब खबर आ रही है कि दिग्गज खिलाड़ी को इंग्लैंड की फ्रेंचाइजी लीग द हंड्रेड में खेलते देखा जा सकता है. बता दें कि, अश्विन आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते थे. आईपीएल 2025 की नीलामी में फ्रेंचाइजी ने उन्हें 9.75 करोड़ रुपये में खरीदा था. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के नियमों के अनुसार, कोई भी सक्रिय भारतीय घरेलू खिलाड़ी विदेशी टी20 लीग में हिस्सा नहीं ले सकता. लेकिन आईपीएल से हटने के बाद खिलाड़ियों के लिए रास्ता खुल जाता है. हाल ही में दिनेश कार्तिक ने भी आईपीएल से संन्यास लेने के बाद दक्षिण अफ्रीका की एसए20 लीग में खेला था. टेलीग्राफ स्पोर्ट के अनुसार, अश्विन द हंड्रेड में खेलते नजर आ सकते हैं.

**अश्विन ने सोशल मीडिया पर दी संन्यास की जानकारी :** अश्विन ने ट्वीट में लिखा, 'आज एक खास दिन है और इसलिए एक खास शुरुआत भी. कहा जाता है कि हर अंत एक नई शुरुआत लेकर आता है. मेरा समय बतौर आईपीएल क्रिकेटर आज समाप्त हो रहा है, लेकिन दुनिया भर की अलग-अलग लीगों में खेल के नए अनुभवों का मेरा सफर आज से शुरू हो रहा है. मैं सभी फ्रेंचाइजियों का धन्यवाद करना चाहता हूं जिन्होंने मुझे बेहतरीन यादें और रिश्ते दिए. सबसे अहम तौर पर मैं आईपीएल और बीसीसीआई का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने अब तक मुझे इतना कुछ दिया. आगे आने वाले समय का पूरा आनंद लेने और उसका सबसे अच्छा उपयोग करने के लिए उत्साहित हूं.

**अश्विन का आईपीएल करियर :** अश्विन आईपीएल में सीएसके के अलावा राइजिंग पुणे सुपरजाएंट्स, पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स की टीम का हिस्सा रहे. वह पंजाब टीम की कमान भी संभाल चुके हैं. अश्विन ने आईपीएल में 220 मैचों में 187 विकेट लिए. उनका इकोनॉमी रेट 7.2 का रहा. 34 रन देकर चार विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा. इसके अलावा उन्होंने 118.16 के स्ट्राइक रेट से 833 रन भी बनाए. इनमें एक अर्धशतक शामिल है. इसी लीग के जरिये अश्विन दुनिया भर में छाए थे और भारतीय टीम में जगह बनाई थी. अश्विन ने आईपीएल में 18 में से 16 सीजन में हिस्सा लिया.

## एशिया कप से पहले बीमार हुए शुभमन गिल दलीप ट्रॉफी से हुए बाहर, बदला गया कप्तान

**एजेंसियां। मुंबई**



एशिया कप 2025 से पहले भारतीय क्रिकेट टीम के उपकप्तान शुभमन गिल की तबियत अचानक खराब हो गई, उन्हें वायरल बुखार हो गया है. एशिया कप 9 सितंबर से 28 सितंबर के बीच यूएई में खेला जाएगा, भारत का पहला मैच 10 सितंबर को यूएई के साथ है. इसके बाद 14 सितंबर को भारत की भिड़ंत पाकिस्तान के साथ होनी है. हालांकि गिल एशिया कप से पहले रिकवर कर लेंगे. वायरल बुखार होने के बाद शुभमन गिल दलीप ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं. बता दें कि गिल दलीप ट्रॉफी में नार्थ जॉन टीम के कप्तान चुने गए थे. लेकिन बुखार होने के बाद उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा और अब बतौर कप्तान उनकी जगह अंकित कुमार लेंगे. टाइम्स ऑफ़ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार गिल अब ठीक हो रहे हैं और जल्द ही अभ्यास शुरू कर देंगे. उनकी ब्लड रिपोर्ट में भी कोई बड़ी समस्या नहीं आई है. उम्मीद है कि वह जल्द ही पूरी तरह से स्वस्थ हो जाएंगे. शुभमन गिल के दलीप ट्रॉफी से बाहर होने के बाद नार्थ जाने टीम की कप्तानी हरियाणा के अनकूट कुमार संभालेंगे, वह पहले टीम के उपकप्तान थे. नार्थ जाने का मैच आज से ईस्ट जाने के खिलाफ शुरू होगा. अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा दलीप ट्रॉफी का पहला मैच खेल सकते हैं, दोनों एशिया कप स्क्वाड में भी शामिल हैं.

**एशिया कप में उपकप्तान हैं शुभमन गिल :** गिल जल्द ही पूरी तरह ठीक होकर अभ्यास शुरू करेंगे, वह एशिया कप में भारतीय टीम के उपकप्तान चुने गए हैं. एशिया कप टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा और माना जा रहा है कि बीसीसीआई गिल को भविष्य में टी20 की कप्तानी भी सौंप सकती है. अभी सूर्यकुमार यादव टीम के कप्तान हैं. ऋषभ पंत चोटिल होने के कारण एशिया कप में नहीं खेल रहे हैं.

## लियोनेल मेसी इंटर मियामी लीग्स कप 2025 के फाइनल में

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**



इंटर मियामी ने लीग्स कप 2025 के फाइनल में जगह बना ली है. गुरुवार (भारतीय समयानुसार) को चेस स्टेडियम में खेले गए सेमीफाइनल में टीम ने फ्लोरिडा डर्बी प्रतिद्वंद्वी ऑरलैंडो सिटी को 3-1 से हराया. लियोनेल मेसी की दमदार वापसी और दूसरे हाफ में किए गए दो गोलों ने मियामी की जीत सुनिश्चित की. वहीं, टेलास्को सेगोविया ने इंजरी टाइम में गोल कर मुकाबले पर पूरी तरह से मुहर लगा दी. इस जीत के साथ मियामी ने 31 अगस्त को होने वाले फाइनल में एलए गैलेक्सी या सिएटल साउंडर्स का सामना करने का अधिकार हासिल कर लिया है. साथ ही टीम ने 2026 कॉनकाकाफ चैंपियंस कप में भी अपनी जगह पक्की कर ली है. ऑरलैंडो सिटी ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में मार्को पासालिच के गोल से बढ़त बनाई थी. लेकिन दूसरे हाफ में खेल पूरी तरह पलट गया. 77वें मिनट में डेविड ब्रेकालो के रेड कार्ड के बाद मिले पेनल्टी को मेसी ने गोल में बदलकर स्कोर 1-1 कर दिया.

### पूर्व चयनकर्ता श्रीकांत ने कर दिया चौंकाने वाला दावा, कहा

## भारत कभी नहीं जीतेगा टी20 वर्ल्ड कप

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**



पूर्व भारतीय मुख्य चयनकर्ता कृष्णमाचारी श्रीकांत ने टी20 विश्व कप 2026 में भारतीय टीम को लेकर बड़ा बयान दिया है. उन्होंने एशिया कप से पहले भारतीय टीम की चयन नीति पर सवाल खड़े किए हैं. उनका मानना है कि मौजूदा टीम एशिया कप तो जीत सकती है, लेकिन इसी स्क्वॉड के साथ भारत का 2026 टी20 विश्व कप जीतना मुश्किल है. एशिया कप की शुरुआत नौ सितंबर से होगी जबकि फाइनल मैच 28 सितंबर को खेला जाएगा. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में 15 सदस्यीय टीम का एलान किया था. सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में यह टीम इस टूर्नामेंट में उतरेगी. वहीं, शुभमन गिल भी यह टूर्नामेंट खेलते दिखेंगे. उन्हें उपकप्तान बनाया गया है. भारतीय टीम में चार विशेषज्ञ बल्लेबाज हैं, जबकि चार ऑलराउंडर्स हैं.


जितेश और सैमसन के रूप में दो विकेटकीपर बल्लेबाज हैं, जबकि तीन विशेषज्ञ पेसर और दो विशेषज्ञ स्पिनर्स हैं. अगले साल टी20 विश्व कप होना है. उससे पहले टीम इंडिया लगभग 20 टी20 मैच खेलेगी. श्रीकांत ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'हम एशिया कप इस टीम के साथ जीत सकते हैं, लेकिन विश्व कप? कोई चांस नहीं. क्या आप इसी टीम को वर्ल्ड कप में ले जाना चाहते हैं? विश्व कप के लिए तैयारी कहां है, जबकि टूर्नामेंट सिर्फ छह महीने दूर है.'

**बड़ी खबर**

### चार जून की घटना ने सबकुछ बदल दिया और अब हम आ गए हैं

# तीन महीने बाद बड़े ऐलान के साथ लौटी आरसीबी की टीम

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**




विराट कोहली और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का 18 सालों से चला आ रहा इंतजार इस साल खत्म हुआ, जब रजत पाटीदार की कप्तानी में टीम ने पंजाब किंग्स को फाइनल में हराकर ट्रॉफी जीती. इसकी ख़ुशी में अगले ही दिन यानी 4 जून को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में कार्यक्रम आयोजित कर दिया लेकिन काफी भीड़ आ जाने से यहां भगदड़ मच गई और कई लोगों की जान चली गई. आरसीबी ने तब सोशल मीडिया पर दुख व्यक्त किया था और फिर उनके सोशल मीडिया से कोई पोस्ट नहीं किया गया. लगभग 3 महीने बाद 28 अगस्त को आरसीबी ने पहला पोस्ट किया और एक एलान किया. 4 जून को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुई भगदड़ में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए आरसीबी ने एक पोस्ट शेयर किया था. उसके बाद विराट कोहली समेत सभी प्लेयर्स ने भी ऐसा किया था. लेकिन तब से फ्रेंचाइजी का सोशल मीडिया एक्टिव नहीं था. अब 3 महीने बाद पोस्ट करते हुए फ्रेंचाइजी ने आरसीबी केयर्स राहतकोष की घोषणा की है.

**ख़राब मैनेजमेंट की वजह से हुआ था हादसा :** आईपीएल के पहले सीजन से विराट कोहली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेल रहे हैं, लेकिन इससे पहले फ्रेंचाइजी कभी भी आईपीएल ट्रॉफी नहीं जीत पाई थी. 18 साल बाद विराट कोहली और आरसीबी फैंस का सपना पूरा हुआ, इसकी ख़ुशी देशभर में मनाई गई. लेकिन अगले ही दिन ये ख़ुशी मातम में बदल गई, जब एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ में कई लोगों की जान चली गई. इसके पीछे की बड़ी वजह जल्दबाजी में कार्यक्रम आयोजित करना था, जिसमें मैनेजमेंट खराब था.

**आरसीबी केयर्स के साथ लौटी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु**

आरसीबी की तरफ से शेयर किए गए पोस्ट में कहा गया, डिअर 12वां मैन आर्मी, ये पत्र आपके लिए है. 3 महीने होने वाले हैं जब हमने यहां अपना आखिरी पोस्ट किया था. ये चुप्पी हमारी अनुपस्थिति नहीं थी बल्कि ये शोक था. पत्र में आगे लिखा, यह जगह पहले काफी एनर्जी, यादों और उन पलों से भरी हुई थी जिनका आपने सबसे ज्यादा आनंद लिया. लेकिन 4 जून ने सबकुछ बदलकर रख दिया. उस दिन ने हम सभी का दिल तोड़ दिया. तब से यही खामोशी ने इस जगह को ले लिया. उस खामोशी में हम शोक मना रहे हैं. सुन रहे हैं, सीख रहे हैं. और सिर्फ एक प्रतिक्रिया से बढ़कर कुछ बनाना शुरू कर दिया जिस पर हम सचमुच विश्वास करते हैं. आरसीबी के नोट में आगे लिखा, इस तरह आरसीबी केयर्स अस्तित्व में आया है यह सम्मान देने, मरहम लगाने और अपने प्रशंसकों के साथ खड़े होने की ज़रूरत से बना है. हमारी कम्युनिटी और प्रशंसकों द्वारा गढ़ा गया सार्थक कार्रवाई का एक मंच. हम आज इस जगह पर वापस आ रहे हैं, जश्न मनाने के लिए नहीं, बल्कि देखभाल के साथ. आपके साथ शेयर करने के लिए. आपके साथ खड़े होने के लिए. साथ मिलकर आगे बढ़ने के लिए. कर्नाटक का गौरव बने रहने के लिए.₹

### एशिया कप में भारत-पाक मैच पर शमी का बड़ा बयान, कहा

## जज्बातों से नहीं खेला जाता क्रिकेट

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**



एशिया कप 2025 का आयोजन 9 सितंबर से शुरू होगा, जो 28 सितंबर तक चलेगा. भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में शामिल किए जाने से काफी लोग नाराज हैं, क्योंकि इससे दोनों के बीच एक मैच तय हो गया जो 14 सितंबर को होना है. इसके बाद सुपर-4 में भी दोनों के बीच भिड़ंत हो सकती है और अगर दोनों फाइनल में पहुंची तो इसकी संख्या 3 हो जाएगी. अब तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने इस मैच को लेकर बड़ा बयान दिया है.

भारत बनाम पाकिस्तान मैच को लेकर बवाल के पीछे की वजह पहलगाम हमला है, जो 22 अप्रैल को हुआ था. पाकिस्तान से आए आतंकवादियों ने 26 भारतीय नागरिकों को मार दिया था, इसके जवाब में भारतीय सेना ने भी पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी. तब तनाव काफी ज्यादा बढ़ गया था, अभी स्थिति बेहतर है. मोहम्मद शमी एशिया कप के स्क्वाड में शामिल नहीं है, लेकिन उनसे एक इंटरव्यू में इसको लेकर पूछा गया तो उन्होंने इस पर अपनी राय दी.

**भारत बनाम पाकिस्तान मैच पर क्या बोले मोहम्मद शमी :** एक इंटरव्यू में मोहम्मद शमी से पूछा गया कि क्या भारतीय टीम को पाकिस्तान के साथ खेलना चाहिए? इसके जवाब में शमी ने कहा,

क्रिकेट बोर्ड और भारतीय सरकार जो कहे, वैसा ही करना चाहिए. जज्बातों से नहीं खेला जाता है, इसमें बहुत सी चीजें देखी जाती हैं. जब सब तैयार होते हैं तो खेलना होता है और खेलना भी चाहिए.₹ जब भारत और पाकिस्तान की क्रिकेट टीम आपस में खेलती हैं तो दोनों टीमों के खिलाड़ियों पर अन्य किसी भी मैच के मुकाबले ज्यादा दबाव होता है. इसको लेकर मोहम्मद शमी ने कहा, ₹मुझे तो ये अन्य मैचों की तरह ही लगता है, लेकिन फैंस में ही अलग तरह का जज्बा होता है और इस वजह से एक अलग ही माहौल बनता है. इसके कारण ही प्लेयर्स भी ज्यादा रोमांचित होते हैं तो मजा आता है.

## नवादा : यात्री वाहन से 93.75 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त, धंधेबाज गिरफ्तार

**नवादा ।** नवादा जिले के रजौली में उत्पाद विभाग की टीम ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 93.75 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त कर एक कारोबारी को गिरफ्तार किया. कार्रवाई रजौली थानाक्षेत्र के चितरकोली जांच चौकी के पास की गई. बताया जाता है कि भोजपुर क्लासिक नामक यात्री बस झारखंड से बिहार के हाजीपुर जा रही थी.इसी दौरान चितरकोली स्थित समेकित जाँच चौकी पर नियमित जांच के क्रम में उत्पाद पुलिस ने बस को रोककर गहन तलाशी शुरू की. इस दौरान एक यात्री के बैग में रखे 375 एमएल की 250 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुई. जिसकी कुल मात्रा 93.75 लीटर पाई गई. कार्रवाई जांच चौकी प्रभारी सह इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता के निर्देश पर एसआई प्रवीण कुमार के नेतृत्व में की गई. मौके पर शराब लेकर जा रहे कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया गया. उसकी पहचान वैशाली जिले के सदर थाना क्षेत्र के दिघी खुर्द निवासी नरेश सिंह के पुत्र 22 वर्षीय रौशन कुमार के रूप में हुई. उत्पाद विभाग की इस कार्रवाई से शराब तस्करों में हड़कंप मच गया है. बताया जा रहा है कि शराब झारखंड से लाकर हाजीपुर में खपाने की तैयारी थी. फिलहाल गिरफ्तार कारोबारी से पूछताछ की जा रही है. पुलिस ने मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है.

## वाहन जांच के दौरान रिश्वत लेने के आरोप में दारोगा गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण ।** जिले के संग्रामपुर थाना में पिछले नौ माह से पदस्थापित दारोगा मशरूर आलम को वाहन जांच के दौरान रिश्वत लेने के आरोप में बुधवार की देर रात गिरफ्तार कर लिया गया. दरअसल दारोगा मशरुर आलम का वाहन जांच के दौरान रिश्वत लेने का एक वीडियो वायरल था,लिहाजा एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर अरेराज डीएसपी रवि कुमार ने उक्त वीडियो की जांच की,और सही पाया लिहाजा डीएसपी के जांच प्रतिवेदन के आधार पर संग्रामपुर थानाध्यक्ष धीरज कुमार सिंह ने रिश्वत लेने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराया है,वही प्राथमिकी दर्ज होने के बाद एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर भष्ट्र दारोगा को गिरफ्तार कर लिया गया. फिलहाल दारोगा मशरुर आलम को संग्रामपुर थाना के हाजत मे रखा गया है.

### विधानसभा चुनाव से पहले महागठबंधन में दरार

# माले विधायक ने कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी पर उठाए सवाल

**संवाददाता । रोहतास**



बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी समर जारी है. ऐसे में दोनों गठबंधनों को दरार और फूट की बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है. महागठबंधन में दरार को लेकर एक खबर जोर पकड़ रही है. दरअसल, सासाराम क्षेत्र के रोहतास जिले में कांग्रेस कमेटी द्वारा विभिन्न विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों से आवेदन लिए जाने को लेकर महागठबंधन के घटक दलों के बीच नया विवाद खड़ा हो गया है. जिले की काराकाट विधानसभा सीट से भाकपा माले के विधायक अरुण सिंह ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई है. गौरतलब है कि कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी की सदस्य एवं महाराष्ट्र की सांसद प्रीणीति शिंदे इन दिनों रोहतास समेत बिहार के अलग-अलग जिलों में जाकर कांग्रेस उम्मीदवारों से आवेदन ले रही हैं.

**कांग्रेस का व्यवहार गठबंधन धर्म के खिलाफ :** विधायक अरुण सिंह ने कहा कि कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी को महागठबंधन के अन्य घटक दलों वाली सीटों पर उम्मीदवारों के आवेदन नहीं लेने चाहिए. यह पूरी तरह से गठबंधन धर्म के खिलाफ है. कांग्रेस सिर्फ उन्हीं सीटों पर आवेदन लेने की हकदार है, जो उसके खाते में पहले से हैं. जिन विधानसभा सीटों पर पहले से ही राष्ट्रीय जनता दल या भाकपा माले के विधायक हैं, उन पर कांग्रेस अगर उम्मीदवारों से आवेदन ले रही है या चयन प्रक्रिया शुरू कर रही है तो यह बिल्कुल गलत है. कांग्रेस को ऐसा नहीं करना चाहिए.

**भाकपा माले को कम से कम 40 सीटें चाहिए :** अरुण सिंह ने कहा कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में भाकपा माले को गठबंधन में कम से कम 40 सीटें मिलनी चाहिए. पिछले विधानसभा चुनाव में 19 सीटों में से 12 पर जीत और लोकसभा चुनाव में 3 सीटों में से 2 सीटों पर जीत दर्ज की गई थी. इस आधार पर माले का स्ट्राइक रेट सबसे बेहतर रहा है. उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस को समझना चाहिए कि माले किसी भी हाल में अपनी जीती हुई सीट नहीं छोड़ेगी और हर जिले में माले को कम से कम एक-एक विधानसभा सीट मिलनी ही चाहिए.

**गठबंधन को होगा फायदा :** माले विधायक ने कहा कि बिहार में गरीबों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों का वोट हमेशा माले के साथ रहा है. माले की जितनी अधिक हिस्सेदारी होगी, गठबंधन को उतना अधिक फायदा होगा. उन्होंने दोहराया कि कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी को राजद और माले विधायक वाली सीटों पर उम्मीदवार चयन की प्रक्रिया रोकनी चाहिए. कांग्रेस को पिछली बार जिले में करगहर और चेनारी सुरक्षित सीट मिली थी, इसलिए उन्हें केवल इन्हीं सीटों के लिए उम्मीदवार चयन की प्रक्रिया अपनानी चाहिए.

## राजधानी पटना में डेंगू का प्रकोप, 24 घंटे में 10 नए मामले आए सामने

**संवाददाता । पटना**

राजधानी पटना में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है. अब तक लगभग पिछले एक सप्ताह में लगभग 72 डेंगू से पीड़ित हो चुके हैं और विगत 24 घंटे में 10 नए मामले सामने आए मिले हैं. अगस्त में 158 मरीज मिले हैं. 24 घंटे में जो 10 मरीज मिले हैं. उनमें तीन मुसल्लहपुर, दो-दो छज्जूबाज और बाजार समिति, एक-एक बाइपास, संदलपुर और गुलजारबाग का बताया जा रहा है. डेंगू के हॉट स्पॉट में कंकड़बाग का पोस्टल पार्क और योगीपुर, पटना सिटी, बोरिंग कैनाल रोड, जक्कनपुर, कॉलोनी, दीघा, गोला रोड, जगनपुरा, पाटलिपुत्र, फुलवारीशरीफ और दानापुर इलाके है. इस संबंध में एनएमसीएच के उपाधीक्षक डॉ. राजीव रंजन सिन्हा ने बताया कि मेडिसिन विभाग में डेंगू दो मरीज भर्ती हैं. इसको लेकर 40 बेड रिजर्व रखे गए हैं. मरीजों की संख्या बढ़ने के पर बेड़ों की संख्या बढ़ाई जाएगी. मेडिकेटेड मच्छरदानी भी उपलब्ध कराई गई है. ओपीडी में इलाज कराने आने वाले मरीजों में लक्षण मिलने पर जांच कराई जा रही है. उन्होंने इसे रोकने के लिए घर और आसपास पानी जमा नहीं होने देने की सलाह दी है. इसके साथ ही कूलर, गमलों, बाल्टी, पुराने टायरों और अन्य बर्तनों का पानी खाली करने की सलाह दी है. दिन में भी सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करने की सलाह दी.

# मतदाता सूची में जिंदा शख्स को मृत घोषित कर दिया



- वैशाली जिलाधिकारी के पास पहुंचा मामला, की जा रही जांच

**संवाददाता । वैशाली**

बिहार में लगातार मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ विरोधी दल के नेताओं के द्वारा 'वोट अधिकार यात्रा' की जा रही है. केंद्र सरकार चुनाव आयोग को विरोधी दल के नेता लगातार निशाना भी बना रहे हैं. वहीं, हाजीपुर से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां पर जीवित मतदाता का नाम सूची से काट दिया गया है. यह मामला हाजीपुर विधानसभा क्षेत्र 123 बूथ नंबर 317 के मतदाता सुनील कुमार सिंह से जुड़ा है. सुनील का नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया है. बताया गया है कि सुनील एक सफल बिजनेसमैन हैं और यह टैक्स भी भरते हैं. इनका एपिक नंबर एमएनक्यू 5523220 है.

**डोर-टू-डोर सत्यापन नहीं करने का आरोप :** वहीं, सुनील कुमार ने बताया कि हमारे पिता छत्रपति सिंह का नाम 2003 के मतदाता सूची में दर्ज है. लेकिन मेरा नाम काट दिया गया है. सुनील ने बताया कि उन्होंने ऑनलाइन सर्च करने पर पाया कि उनका नाम मृत घोषित कर दिया गया है. बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ ने नियमों का उल्लंघन करते हुए डोर-टू-डोर सत्यापन नहीं किया. चुनाव आयोग के स्पष्ट निर्देश थे कि बीएलओ को घर-घर जाकर मतदाता पुनरीक्षण करना था.

**डीएम ने लिया संज्ञान :** सुनील के अनुसार, बीएलओ ने न तो उनके घर और न ही अन्य मतदाताओं के घर जाकर सत्यापन किया. सुनील ने वैशाली जिलाधिकारी से इस मामले की शिकायत की है. उन्होंने बताया कि वह नियमित रूप से सरकार को टैक्स का भुगतान कर रहे हैं. बीएलओ ने न तो ड्राफ्ट मतदाता सूची से हटाए गए योग्य मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए कैंप लगाया और न ही नए मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया की. डीएम ने मामले पर संज्ञान लिया है.

## नाबालिग किशोरी का पेड़ से लटका मिला शव, सनसनी

**संवाददाता । पटना**

पटना में एक नाबालिग लड़की का पेड़ से लटका शव मिला है. शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फ़ैल गई. स्थानीय लोगों ने शव मिलने की सूचना पुलिस को दी. सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच में जुट गई. घटना मनेर थाना क्षेत्र अंतर्गत महिनावा स्थित सोन बांध के समीप की है. घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि नाबालिग छात्रा के पिता हैदराबाद में मजदूरी करते हैं और मां की बिमारी से कुछ दिन पहले ही मौत हो गई है. नाबालिग छात्रा मनेर नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत आजाद नगर, बरैया टोला में रहती है. वह दो दिन पहले अपने घर से कुछ दूर महिनावा सोन बांध के समीप बगीचा से जलावन के लिए लकड़ी लाने गई थी. लेकिन फिर वह वापस नहीं लौटी. तब गांव मोहल्ले के लोग अचानक गायब हुए किशोरी की तलाश में जुट गये. इस बीच बुधवार की सुबह किसी ने किशोरी का शव बगीचे में आम के पेड़ पर लटका हुआ देखा. इसके बाद लोगों ने हो हल्ला किया. इसकी सूचना ग्रामीणों ने मनेर पुलिस को दी. सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले में एफएसएल की टीम को सूचना दी है. घटना की जानकारी मिलते ही काफी संख्या में ग्रामीणों के भीड़ मौके पर जुट गई.

## बिहार में नेपाल सीमा से घुसे जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकी, हाईअलर्ट जारी

**संवाददाता । पटना**



बिहार पुलिस मुख्यालय ने गुरुवार को राज्य में पाकिस्तान स्थित संगठनों के आतंकवादियों के प्रवेश की खुफिया रिपोर्ट मिलने के बाद राज्यव्यापी हाई अलर्ट जारी कर दिया. वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, आतंकी समूह जैश-ए-मोहम्मद के तीन संदिग्ध सदस्य नेपाल सीमा पार करके बिहार में घुसे हैं. बिहार पुलिस की तरफ से साझा की गई जानकारी के अनुसार, संदिग्धों की पहचान रावलपिंडी के हसनैन अली, उमरकोट के आदिल हुसैन और बहावलपुर के मोहम्मद उस्मान के रूप में हुई है. खुफिया रिपोर्टों से पता चलता है कि वे अगस्त के दूसरे सप्ताह में काठमांडू पहुंचे थे और पिछले सप्ताह बिहार में प्रवेश किया था. बिहार पुलिस मुख्यालय ने सीमावर्ती जिलों की पुलिस के साथ संदिग्धों के पासपोर्ट संबंधी विवरण साझा किए हैं. सुरक्षा एजेंसियों को निगरानी बढ़ाने और खुफिया जानकारी इकट्ठा करने के निर्देश दिए गए हैं. जिला खुफिया इकाइयों को किसी भी संदिग्ध गतिविधि के आधार पर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया है. बिहार में ऑपरेशन सिंदूर और इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए मई में भारत-नेपाल सीमा और सीमांचल जिलों में सुरक्षा बढ़ा दी गई थी. बिहार में मधुबनी, सीतामढ़ी, सुपौल, अररिया, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण, किशनगंज जिलों सहित सीमावर्ती इलाकों में गश्त बढ़ा दी गई है. बिहार नेपाल के साथ लगभग 729 किलोमीटर लंबी खुली सीमा साझा करता है. लंबे समय से घुसपैठ और सीमा पार से आवाजाही का प्रमुख केंद्र बन गया है. राज्य के सात ज़िले इस खुली सीमा पर स्थित हैं, जो निरंतर निगरानी और सुरक्षा प्रवर्तन के लिए बड़ी चुनौतियां पेश करते हैं.

## मानव तस्कर के चुंगल से लड़की को कराया मुक्त

- नाबालिग लड़की को बुर्का पहनाकर नेपाल ले जाने की की जा रही थी कोशिश

**पूर्वी चंपारण ।** भारत-नेपाल सीमा स्थित रक्सौल के मैत्री पुल के समीप एसएसबी के मानव तस्करी रोधी इकाई व एनजीओ की टीम ने बुधवार की रात कार्रवाई करते हुए एक मुस्लिम युवक को गिरफ्तार किया है,जो एक नाबालिग हिन्दू लड़की को बुर्का पहनाकर नेपाल ले जाने की कोशिश कर रहा था. पकड़े गए युवक की पहचान पूर्वी चंपारण निवासी मोहम्मद जहांगीर आलम के रूप में हुई है. एसएसबी टीम ने युवक की संदिग्ध गतिविधि को देखने के बाद उसको रोक कर पूछताछ की,तो पता चला कि आरोपी युवक सीतामढ़ी निवासी एक नाबालिग लड़की सोनी कुमारी(काल्पनिक नाम) को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रेम जाल में फंसाया था. लड़की ने खुलासा किया कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक शोषण किया और 22 अगस्त को योजना बनाकर उसे घर से भगा लिया. इसके बाद चार पांच दिनों तक बेतिया में अपने रिश्तेदार के घर में रखा और फिर उसको नेपाल ले जा रहा था.लड़की की पहचान छिपाने के लिए आरोपी जहांगीर ने उसे बुर्का पहनाया, हालांकि बार-बार बुर्का संभालने के कारण संदेह के आधार एसएसबी ने मामला को पकड़ लिया.



## जन धन खाते के 11 वर्ष पूरे, 56 करोड़ खाते खुले जमा 2.68 लाख करोड़ हुए

**एजेंसी । नई दिल्ली**

देश में वित्तीय समावेशन के राष्ट्रीय मिशन के रूप में शुरू की गई प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) ने गुरुवार को अपने 11 वर्ष पूरे कर लिए हैं. इस अवधि में 56 करोड़ से ज्यादा जन-धन खाते खोले गए, जिसमें कुल 2.68 लाख करोड़ रुपये की राशि जमा है. दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहल के रूप में पीएमजेडीवाई लाखों वंचित नागरिकों के लिए बैंकिंग तक पहुंच को नए सिरे से परिभाषित कर रही है. प्रधानमंत्री मोदी ने 28 अगस्त, 2014 को पीएमजेडीवाई योजना की शुरूआत ने देशभर की थी. केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार लगभग 67 फीसदी खाते ग्रामीण या अर्ध-शहरी क्षेत्रों में हैं, जबकि 56 फीसदी महिलाओं के नाम हैं. इस पहल से दूरदराज के इलाकों में रहने वाले लोगों को औपचारिक वित्तीय प्रणाली में शामिल होने में मदद मिली है. वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि पीएमजेडीवाई योजना के तहत 38 करोड़ से ज्यादा निःशुल्क रुपे कार्ड भी जारी किए गए हैं.

### सरकार ने जारी किए नए नियम, हाउसिंग सोसाइटियों पर भी लागू होंगे ये नियम

# अब रिटेल स्टोर पर नहीं मांगा जाएगा मोबाइल नंबर

**एजेंसी । नई दिल्ली**



सरकार जल्द नए डेटा सुरक्षा नियम लागू करने जा रही है, जिसके बाद रिटेल स्टोर, हाउसिंग सोसायटी और विजिटर मैनेजमेंट सिस्टम ग्राहकों से जबरन मोबाइल नंबर नहीं ले सकेंगे. कंपनियों को नंबर लेने का कारण बताना और डेटा सुरक्षा की गारंटी देनी होगी. अक्सर ऐसा होता है की जब भी मॉल या बड़े रिटेल स्टोर पर जाकर खरीदारी की जाती हैं तो मोबाइल नंबर मांगा जाता है. पूछने पर यह कहा जाता है कि इसी पर आपका बिल भेज दिया जाएगा. साथ ही कई स्टोर लॉयल्टी प्रोग्राम में शामिल करने के लिए आपसे नंबर लेते हैं. दरअसल, इस तरह से लिए गए मोबाइल नंबर के लीक होने का खतरा बना रहता है. लेकिन सरकार कुछ ऐसा कर रही है कि रिटेल स्टोर आपसे जबरन मोबाइल नंबर नहीं ले सकेंगे.

**भारत में जल्द लागू होंगे नए डेटा सुरक्षा नियम :** भारत में जल्द ही डेटा सुरक्षा के नए नियम लागू हो सकते हैं. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इन नियमों के बाद बड़े रिटेल स्टोर से मोबाइल नंबर लेना आसान नहीं रहेगा. दरअसल, नए 'डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट' के तहत लोगों की प्राइवेसी को लेकर सख्ती बरती जाएगी. अभी तक कई बार स्टोर पर मोबाइल नंबर जोर से बोलना पड़ता है, जिससे जानकारी लीक होने का खतरा रहता है. कुछ लोग अपनी मर्जी से नंबर दे भी देते हैं, लेकिन अब कंपनियों को ग्राहकों का डेटा लेते समय सुरक्षा का पूरा ध्यान रखना होगा. अगर ऐसा नहीं किया गया तो इसे नियम का उल्लंघन माना जाएगा. इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी लॉ फर्म के एंड एस पार्टनर्स के एस चंद्रशेखर ने मीडिया को बताया कि मोबाइल नंबर जोर से बताने की बजाय कीपैड से एंट्री करने जैसे छोटे बदलावों से प्राइवेसी को बेहतर बनाया जा सकता है. उन्होंने बताया, कानून कहता है कि ग्राहकों को बताना होगा कि उनका डेटा क्यों लिया जा रहा है. इसे कब तक रखा जाएगा और कब डिलीट किया जाएगा. अब 'इंप्लाइड कंसेंट' नहीं चलेगा - हर कंसेंट 'एक्सप्लिसिट' होना चाहिए.

**विजिटर मैनेजमेंट सिस्टम पर सख्ती :** नए नियम लागू होने के बाद कंपनियां या बड़े रिटेल स्टोर ग्राहकों को मोबाइल नंबर नहीं देने पर सर्विस देने से मना नहीं कर सकती हैं. हालांकि, कुछ जरूरी मामले में आपको मोबाइल देना पड़ सकता है, जैसे- मोबाइल रिचार्ज, डिजी यात्रा वेरिफिकेशन के लिए. वहीं, अब रिटेलर्स को ग्राहकों को ईमेल से रसीद भेजने या प्रिंटेड कॉपी देने जैसे विकल्प देने होंगे. इसके अलावा, विजिटर मैनेजमेंट सिस्टम को अब यह साफ बताना होगा कि ग्राहक का मोबाइल नंबर किस उद्देश्य से लिया जा रहा है. साथ ही, यह गारंटी देनी होगी कि ग्राहक का डेटा न तो दोबारा इस्तेमाल किया जाएगा और न ही किसी थर्ड पार्टी को बेचा या शेयर किया जाएगा. इस नए नियम को सिर्फ बड़े रिटेल स्टोर्स पर नहीं लागू किया जाएगा, बल्कि विजिटर मैनेजमेंट सिस्टम और हाउसिंग सोसाइटियों पर भी लागू किया जाएगा. क्योंकि यहां पर भी ग्राहकों से मोबाइल नंबर मांगा जाता है. नए कानून के लागू होने के बाद उन्हें सिस्टम से चलने वाले तरीके अपनाने होंगे.

**जीएसटी रिफॉर्म**

## जीएसटी पर सरकार का रुख साफ होने का कर रहे इंतजार

**एजेंसी । नई दिल्ली**



भारत के बड़े ऑनलाइन रिटेलर अपनी धमाकेदार त्योहारी सेल से कुछ हफ़्ते पहले दुविधा में हैं. उनकी दुविधा ये है कि वे तय समय पर अपना त्योहारी सेल लॉन्च करें या 3-4 सितंबर को होने वाली जीएसटी काउंसिल की बैठक से इस मुद्दे पर आने वाली स्पष्टता का इंतज़ार करें. अप्लाएंसेज और फ़र्नीचर जैसी महंगी वस्तुओं के 28 फीसदी जीएसटी स्लैब में बदलाव की उम्मीद है. यह ऐसी कटेगरी हैं जिसमें त्योहारी सीज़न के दौरान सबसे ज्यादा खरीदारी की जाती है. वर्तमान में जीएसटी के चार स्लैब है. ये 5,12,18 और 28 प्रतिशत है. केंद्र सरकार ने 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत का हीं एक सरल दो दरीय प्रणाली का प्रस्ताव रखा है. इससे महंगी वस्तुओं की कीमतों में बड़ा बदलाव आ सकता है. फ्लिपकार्ट और अमेज़न जैसे प्लेटफॉर्म बिग बिलियन डेज़ और ग्रेट इंडियन फेस्टिवल जैसे त्योहार में ऑफर लेकर आते हैं. और इन कंपनियों की सालाना कमाई में लगभग एक चौथाई योगदान इसी सीजन में करते हैं. ये कंपनियां अब इस बात की समीक्षा कर रही हैं कि क्या सामानों पर जीएसटी दरों में बदलाव इस साल की इनकी योजनाओं को प्रभावित तो नहीं कर रही है. महत्वपूर्ण त्योहारी सीज़न के दौरान किसी परेशानी से बचने के लिए ( खासकर महंगी कटेगरी में ) कुछ प्लेटफार्म जीएसटी काउंसिल की बैठक से पहले ही सरकार से प्रस्तावित कटौती लागू करने की मांग कर रही हैं. कंपनियां यह जानना चाह रही हैं कि आगामी जीएसटी काउंसिल की बैठक में बदलावों पर विचार किया जाएगा और उन्हें कितनी जल्दी लागू किया जाएगा.

# अमेरिकी टैरिफ के झटके के बावजूद 2038 तक भारत बन जाएगा दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

**एजेंसी । नई दिल्ली**



इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस के साथ-साथ भारत को भी 'मरी हुई इकोनॉमी' कहा था. अनुमान है कि 2028 तक बाजार विनिमय दर के लिहाज से भारत जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा. रिपोर्ट में कहा गया है कि टैरिफ के दबाव और ग्लोबल मंदी जैसी अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की मजबूती, घरेलू मांग पर निर्भरता और आधुनिक तकनीकों की वजह से बढ़ती क्षमताओं की वजह से कायम है.

ईवाई की एक रिपोर्ट में बुधवार को कहा गया है कि भारत की अर्थव्यवस्था 2038 तक 34.2 ट्रिलियन डॉलर के जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) के साथ दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकती है और 2030 तक क्रय शक्ति समता के मामले में 20.7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकती है. इस रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि अगर 2030 के बाद भारत और अमेरिका 2028-2030 की अवधि (आईएमएफ के पूर्वानुमानों के अनुसार) के 6.5 फीसदी और 2.1 फीसदी की औसत विकास दर बनाए रखते हैं, तो भारत 2038 तक क्रय शक्ति समता के आधार पर अमेरिकी अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ सकता है.

इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस के साथ-साथ भारत को भी एक 'मरी हुई इकोनॉमी' कहा था. अनुमान है कि 2028 तक बाजार विनिमय दर के लिहाज से भारत जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा. रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अगर सही उपाय किए जाएं तो भारत अमेरिकी टैरिफ के असर को काफी काम कर सकता है. ईवाई इकोनॉमी वॉच के अगस्त 2025 अंक में कहा गया है कि भारत दुनिया की पांच सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में उभर रहा है, जिसमें उच्च बचत और निवेश दर, अनुकूल जनसांख्यिकी और एक स्थिर राजकोषीय स्थिति सहित तमाम मजबूत आर्थिक बुनियादी तत्व मौजूद हैं.

रिपोर्ट में कहा गया है कि टैरिफ के दबाव और ग्लोबल मंदी जैसी अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की मजबूती, घरेलू मांग पर निर्भरता और आधुनिक तकनीकों की वजह से बढ़ती क्षमताओं की वजह से कायम है. इस रिपोर्ट में अमेरिकी टैरिफ के जुड़ी अनिश्चितताओं और ग्लोबल इकोनॉमिक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए पांच सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का तुलनात्मक आर्थिक विश्लेषण किया गया है.

बता दें कि अमेरिका भेजे जाने वाले भारतीय सामानों पर 27 अगस्त से लागू 50 फीसदी का भारी शुल्क 48 अरब डॉलर से अधिक के निर्यात को प्रभावित करेगा. ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए हाई टैरिफ खामियाजा जिन क्षेत्रों को भुगतना पड़ेगा उनमें कपड़ा/वस्त्र, रत्न एवं आभूषण, झींगा, चमड़ा और जूते, पशु उत्पाद, रसायन, तथा विद्युत एवं यांत्रिक मशीनरी शामिल हैं.

फार्मा, ऊर्जा उत्पाद और इलेक्ट्रॉनिक सामान जैसे क्षेत्र इन व्यापक शुल्कों के दायरे से बाहर हैं. 2024-25 में भारत के 437.42 अरब डॉलर मूल्य के निर्यात में अमेरिका का लगभग 20% हिस्सा था. 2021-22 में अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा. 2024-25 में, वस्तुओं का द्विपक्षीय व्यापार 131.8 अरब डॉलर (86.5 अरब डॉलर निर्यात और 45.3 अरब डॉलर आयात) रहा.

### एसबीआई कार्ड और फ्लिपकार्ट ने साथ मिलकर महत्वपूर्ण साझेदारी की

# को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया

**शुभम संदेश । रांची**



भारत में क्रेडिट कार्ड जारी करने वाली सबसे बड़ी कंपनी, एसबीआई कार्ड ने भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस, फ्लिपकार्ट के साथ मिलकर 'फ्लिपकार्ट एसबीआई क्रेडिट कार्ड' के लॉन्च की घोषणा की. ये इस तरह का पहला और अनोखा को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड है, जिसे भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के अध्यक्ष, चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी और एसबीआई के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री अश्विनी कुमार तिवारी की मौजूदगी में लॉन्च किया गया. फ्लिपकार्ट एसबीआई कार्ड को बड़ी ही सावधानी से कैशबैक के फ़ायदों को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है, ताकि ग्राहकों को उनकी ज़्यादातर ख़रीदारी पर एक बेहतरीन अनुभव मिल सके.

इस लॉन्च से जाहिर होता है कि, एसबीआई कार्ड और फ्लिपकार्ट ग्राहकों को ज़्यादा फ़ायदा, सुविधा और क्रेडिट की सुविधा देकर उनके ख़रीदारी के सफर को और बेहतर बनाने की कोशिश में लगातार जुटे हैं. ग्राहक फ्लिपकार्ट ऐप और एसबीआई कार्ड स्प्रिंट के ज़रिए या फिर एसबीआई कार्ड की वेबसाइट एसबीआई कार्ड.कॉम पर जाकर डिजिटल तरीके से इस क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं. फ्लिपकार्ट एसबीआई कार्ड के ज़रिए मिंत्रा पर ख़रीदारी करने वाले ग्राहक 7.5% कैशबैक, जबकि फ्लिपकार्ट, शॉप्सी और क्लियरट्रिप पर ख़रीदारी करने वाले ग्राहक 5% कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं. ग्राहक इस आकर्षक प्रस्ताव का फ़ायदा उठाकर फ्लिपकार्ट पर कई तरह के प्रोडक्ट्स एवं सेवाओं की ख़रीदारी कर सकते हैं, जिसमें मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ग्रोसरी, फैशन, फ़र्नीचर, अप्लायंसेस, होम फ़र्निशिंग, और ट्रैवल बुकिंग के अलावा बहुत कुछ शामिल हैं. इतना ही नहीं, ग्राहकों को ज़ोमैटो, उबर, नेटमेड्स और पीवीआर जैसे चुनिंदा ब्रांड पर खर्च करने पर 4% का कैशबैक मिलेगा, जबकि कैशबैक के योग्य अन्य सभी खर्चों पर 1% का अनलिमिटेड कैशबैक दिया जाएगा.



• जम्मू में भारी बारिश के कारण तवी नदी के उफान पर आने के एक दिन बाद लोग नदी के किनारे क्षतिग्रस्त घरों के पास खड़े हैं.

## न्यूज अपडेट

### नए कोविड टीकों को एफडीआई से मंजूरी, फिलहाल सीमित इस्तेमाल

**वाशिंगटन ।** अमेरिकी दवा नियामक-एफडीआई ने नए कोविड टीकों को मंजूरी दी है. फिलहाल इसके सीमित इस्तेमाल की अनुमति होगी. अमेरिकी नियामकों ने नई वैक्सीन को मंजूरी देने के संबंध में कहा कि अपडेट किए गए कोविड-19 टीकों को मंजूरी दी गई है, लेकिन अब उनका उपयोग सीमित कर दिया गया है. नई शर्तों के मुताबिक फाइजर, मॉडर्ना और नोवावैक्स के नए टीके सभी वरिष्ठ नागरिक लगवा सकते हैं. बच्चों, किशोरों और वयस्कों को ये टीके केवल तभी लगाए जाएंगे जब उन्हें अस्थमा, मोटापा जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं या कोई उच्च जोखिम हो. एफडीए ने बताया, अब पांच साल से कम उम्र के बच्चों के लिए, फाइजर टीके का इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा.

### सूडान मानवीय संकट पर यूनिसेफ ने दी चेतावनी

**सूडान ।** सूडान के पश्चिमी छोर पर बसे शहर एल-फाशेर से जुड़े एक अनुमान के मुताबिक यहां लगभग 2.6 लाख लोग रहते हैं. इनमें आधे बच्चे हैं. भयानक मानवीय संकट का सामना कर रहे इस शहर के हालात पर संयुक्त राष्ट्र ने चिंता जताई है. शहर में 16 महीने से सहायता बंद होने के कारण लोग भूख, बीमारी और हिंसा से जूझ रहे हैं. यूनिसेफ ने चेतावनी दी है कि करीब 6,000 बच्चे गंभीर कुपोषण के कारण मौत की कगार पर हैं. एल-फाशेर दारफुर क्षेत्र में सेना का अंतिम गढ़ माना जाता है. अप्रैल 2024 से ही अर्धसैनिक बल (रैपिड सपोर्ट फोर्सेज-आरएसएफ) ने यहां की घेराबंदी कर रखी है. यूनिसेफ ने कहा कि मानवीय सहायता को रोकना बच्चों के अधिकारों का गंभीर उल्लंघन है. यूनिसेफ ने मदद के मार्ग तत्काल खोले जाने की मांग की है.

### फ्लोरिडा में एलीगेटर अल्काट्राज केंद्र कुछ दिनों बाद होगा खाली

**नयी दिल्ली ।** फ्लोरिडा के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि एवरग्लेड्स स्थित विवादित आव्रजन हिरासत केंद्र कुछ ही दिनों में खाली हो जाएगा. इस केंद्र को एलीगेटर अल्काट्राज भी कहते हैं. यह वही केंद्र है, जिसे फ्लोरिडा के रिपब्लिकन गवर्नर रॉन डेसेंटिस और संघीय सरकार बंद करने के न्यायाधीश के आदेश का विरोध कर रहे हैं. अदालत ने आदेश दिया था कि इस केंद्र को अक्तूबर के अंत तक पूरी तरह बंद करना होगा. 22 अगस्त को दक्षिण फ्लोरिडा के रब्बी मारियो रोजमैन को इस केंद्र में पादरी सेवाएं प्रदान करने से संबंधित एक संदेश में, फ्लोरिडा आपातकालीन प्रबंधन विभाग के कार्यकारी निदेशक केविन गुथरी ने कहा, 'संभवत: कुछ ही दिनों में हमारे पास केवल 0 व्यक्ति ही बचे रहेंगे.'

### इंडियाना के सांसदों ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से की मुलाकात

**नयी दिल्ली ।** इंडियाना के रिपब्लिकन सांसदों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से व्हाइट हाउस में निजी मुलाकात की. इस बैठक में उन्होंने पुनर्विरतण पर चर्चा की. हालांकि यह साफ नहीं है कि इंडियाना भी उन राज्यों में शामिल होगा या नहीं, जो अगले साल होने वाले मध्यावधि चुनावों से पहले कांग्रेस के चुनावी नक्शे बदलना चाहते हैं. कई इंडियाना सांसदों ने शुरू में ट्रंप की इस कोशिश पर झिझक दिखाई थी कि उनकी पार्टी को 2026 के चुनावों में फायदा मिले. उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी वॉशिंगटन आए इंडियाना नेताओं से इस विषय पर बातचीत की. इन बैठकों के बाद इंडियाना के कई सांसदों ने मध्य-चक्र नक्शा बदलने का समर्थन किया.

### पार्षद हत्या मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अरुण गवली को जमानत दी

**मुंबई ।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को गैंगस्टर से नेता बने अरुण गवली को जमानत दे दी. अरुण गवली मुंबई शिवसेना के कॉरपोरेटर कमलाकर जामसांडेकर की 2007 में हुई हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं. अदालत ने उनकी लंबी कैद को देखते हुए यह राहत दी. न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि गवली 17 साल तीन महीने से जेल में हैं और उनकी अपील अदालत के समक्ष लंबित है. पीठ ने यह भी उल्लेख किया कि गवली की उम्र 76 साल हो चुकी है. शीर्ष अदालत ने ट्रायल कोर्ट द्वारा तय शर्तों पर उन्हें जमानत दी है और मामले की अगली सुनवाई फरवरी 2026 के लिए तय की है. गवली ने बॉम्बे हाईकोर्ट के 9 दिसंबर 2019 के फैसले को चुनौती दी थी.

### रेलवे बोर्ड चेयरमैन सतीश कुमार का एक वर्ष बढ़ा कार्यकाल

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने रेलवे बोर्ड के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सतीश कुमार का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया है. कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के स्थापना अधिकारी कार्यालय द्वारा आज जारी आदेश के अनुसार मंत्रिमंडलीय नियुक्ति समिति ने भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवासे सेवानिवृत्त सतीश कुमार के कार्यकाल विस्तार को मंजूरी दी है. वह 01 सितम्बर 2025 से एक वर्ष तक अनुबंध के आधार पर, मौजूदा शर्तों और नियमों पर कार्यरत रहेंगे या फिर अगले आदेश तक पद पर बने रहेंगे. कुमार वर्तमान में रेलवे बोर्ड के चेयरमैन और सीईओ के रूप में कार्यभार संभाल रहे हैं. आदेश की प्रतियां प्रधानमंत्री कार्यालय सहित सभी जगह भेज दी गयी है.

## राज्य के 13 अधिनियमों के 99 फीसदी आपराधिक कानून होंगे समाप्त : सीएम

एजेंसी । लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के मंत्र के अनुरूप मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में औद्योगिक व श्रम सुधारों की दिशा में बड़े कदम उठाना शुरू कर दिए हैं. राज्य में उद्योग और व्यापार से जुड़े 13 राज्य अधिनियमों के लगभग 99 फीसदी आपराधिक प्रावधान समाप्त करने की तैयारी कर रही है. ऐसा होने पर उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बनने जा रहा है, जो व्यावहारिकता के दृष्टिकोण से इतने बड़े पैमाने पर आपराधिक प्रावधानों को गैर-आपराधिक श्रेणी में परिवर्तित करेगा. गुरुवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को और सशक्त बनाने के लिए नए कदम उठाना समय की मांग है. साथ ही यह भी उतना ही आवश्यक है कि औद्योगिक विकास के साथ श्रमिकों की सुरक्षा और सुविधा की गारंटी सुनिश्चित हो. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'श्रमेव जयते' के भाव को आत्मसात करते हुए हमें ऐसे सुधार करने होंगे, जो उद्यमियों और श्रमिकों; दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध हों. मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य सरकार शीघ्र ही 'सुगम्य व्यापार (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक, 2025' लाने जा रही है. इसके अंतर्गत आबकारी अधिनियम, शीरा अधिनियम, वृक्ष संरक्षण अधिनियम, राजस्व संहिता, गन्ना अधिनियम, भूगर्भ जल अधिनियम, नगर निगम अधिनियम, प्लास्टिक कचरा अधिनियम, सिनेमा अधिनियम तथा क्षेत्र व जिला पंचायत अधिनियम सहित कई कानूनों को अधिक व्यावहारिक स्वरूप दिया जाएगा.

### रूस ने यूक्रेन पर 629 मिसाइलों और ड्रोन से किया हमला

# ईयू की इमारत ध्वस्त, 14 की मौत

एजेंसी । नई दिल्ली



रूस और यूक्रेन ने गुरुवार तड़के एक-दूसरे के यहां ताबड़तोड़ हमले कर कहर बरपाया. यूक्रेन ने रूस के क्रास्नोडार क्षेत्र में स्थित अफिप्सकी तेल रिफाइनरी पर रणनीतिक हमला किया. इससे रिफाइनरी में आग लग गई. दूसरी ओर रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव के रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया. इस दौरान कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई.

कीव पोस्ट की खबर में यूक्रेनी सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ के हवाले से दावा किया गया है कि गुरुवार तड़के रक्षा बलों ने रूस में रणनीतिक ठिकानों और अस्थायी रूप से कब्जे वाले क्षेत्रों पर रुक-रुक कर कई हमले किए. यूक्रेनी बलों ने इस दौरान रूस के क्रास्नोडार क्षेत्र में स्थित अफिप्सकी तेल रिफाइनरी पर हमला किया. इससे रिफाइनरी में भीषण आग लग गई. यह रिफाइनरी रूसी सेना को ईंधन की आपूर्ति करती है. इसकी क्षमता प्रति वर्ष 60 लाख टन से अधिक तेल उत्पादन की है.

यूक्रेन के जनरल स्टाफ के अनुसार, इससे पहले रात को किए गए हमले में रूस के समारा क्षेत्र में स्थित कुइबिशेव तेल रिफाइनरी में विस्फोट के बाद आग लग गई. इसकी वार्षिक प्रसंस्करण क्षमता लगभग 70 लाख टन है. यह रिफाइनरी गैसोलीन के अलावा रूसी रक्षा क्षेत्र में इस्तेमाल होने वाले अन्य पेट्रोलियम उत्पादों का उत्पादन करती है. जनरल स्टाफ ने दावा किया कि इसके अलावा रूसी क्षेत्र और यूक्रेन के अस्थायी रूप से रूस के कब्जे वाले क्षेत्रों में दुश्मन के कई गोला-बारूद डिपो और रसद केंद्रों को नष्ट कर दिया गया.

कीव पोस्ट के अनुसार, रूस ने भी गुरुवार सुबह यूक्रेन की राजधानी कीव पर बैलिस्टिक क्रूज मिसाइलों, किंजल हाइपरसोनिक मिसाइलों और ईरान निर्मित शाहिद ड्रोनों से बमबारी की. अधिकारियों ने बताया कि इस हमले से पूरे शहर में आग लग गई. आवासीय इमारतों और बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा और कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई, जिनमें तीन बच्चे शामिल है. कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने इसकी पुष्टि की है.

द मॉस्को टाइम्स की खबर के अनुसार, रूस के हमले में कीव में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई. यूक्रेनी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पोस्ट में हमले की तस्वीरों को अपलोड कर तबाही दिखाई है. हमले में एक पांच मंजिला इमारत मलबे में तब्दील हो गई. एक अपार्टमेंट इमारत दो टुकड़ों में बंट गई. राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर कहा, "रूस बातचीत की मेज पर बैठने के बजाय बैलिस्टिक को चुनता है. कीव के सैन्य प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने कहा कि रूस रिहायशी इलाकों पर हमले कर रहा है. यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने कहा कि रूस के हमलों ने कीव में यूरोपीय संघ के राजनयिक मिशन को नुकसान पहुंचाया.

## चीन की स्वतंत्रता दिवस सैन्य परेड में 26 विदेशी नेता लेंगे हिस्सा

**नयी दिल्ली ।** चीन के स्वतंत्रता दिवस (विजय दिवस) की सैन्य परेड में 26 विदेशी नेता शामिल होंगे. राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर यह नेता स्वतंत्रता दिवस समारोह की शोभा बढ़ाएंगे. सहायक विदेश मंत्री होंग लेई ने गुरुवार को यह घोषणा की. उन्होंने कहा कि चीन इस अवसर पर जापानी आक्रमण के विरुद्ध चीनी जन प्रतिरोध युद्ध और विश्व फासीवाद-विरोधी युद्ध में विजय की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में विशाल सैन्य परेड का आयोजन करेगा. चीन की समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, आमंत्रित विदेशी नेताओं में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, कोरिया की वर्कर्स पार्टी के महासचिव और डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया के राज्य मामलों के अध्यक्ष किम जोंग उन, कंबोडियाई राजा नोरोदोम सिहामोनी, वियतनाम के राष्ट्रपति लुओंग कुओंग, लाओ पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी केंद्रीय समिति के महासचिव और लाओ राष्ट्रपति थोंगलून सिसोउलिथ, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो, मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम, मंगोलिया के राष्ट्रपति उखना खुरेलसुख, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ, नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, कजाख राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट तोकायेव, उज्बेक राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव, ताजिक राष्ट्रपति इमोमाली रहमोन, किर्गिज के राष्ट्रपति सदिर जापारोव, तुर्कमेन के राष्ट्रपति सर्दार बर्दीमुहामेदोव, बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको, अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव, अर्मेनियाई प्रधानमंत्री निकोल पाशिनयान, ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन, कांगो गणराज्य के राष्ट्रपति डेनिस सासौ न्गुएसो, जिम्बाब्वे के राष्ट्रपति एमर्सन मनांगाग्वा, सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक, स्लोवाक के पीएम रॉबर्ट फिको, क्यूबा की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के प्रथम सचिव और क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल और म्यांमार के कार्यवाहक राष्ट्रपति मिन आंग हलाइंग शामिल हैं.

### केरल के कलमस्सेरी में युवक की चाकू मारकर हत्या, तीन गिरफ्तार

एजेंसी । कोच्चि

केरल के कलमस्सेरी में गुरुवार तड़के एक युवक की उसके घर के सामने कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी गई. यह वारदात तीन लोगों के एक समूह ने की. सभी आरोपी मृतक के दोस्त थे. पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस के अनुसार, मृत युवक की पहचान विवेक (25 वर्षीय) के रूप में हुई है, जो कोच्चि के नजरक्कल इलाके का रहने वाला था और इन दिनों कलमस्सेरी के सुंदरगिरी में किराए के मकान में रह रहा था. एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सनोज, प्रसाद और जॉयल को गिरफ्तार किया गया है. ये सभी आरोपी कोच्चि के अलग-अलग इलाकों के रहने वाले हैं. उन्होंने बताया कि विवेक और आरोपी पहले से दोस्त थे और सनोज की गाड़ी किराए पर लेने को लेकर पैसों के लेन-देन को लेकर उनके बीच विवाद हुआ था. बुधवार शाम को सनोज और प्रसाद, विवेक के घर आए थे और कुछ देर बातचीत के बाद चले गए. लेकिन बाद में वे फिर लौटे और विवेक पर हमला कर दिया. प्राथमिकी के मुताबिक, आरोपियों ने विवेक के सीने के नीचे चाकू से हमला किया. जिससे वह गंभीर रूप से घायल हुआ और उसे तुरंत कलमस्सेरी के एर्नाकुल मेडिकल कॉलेज ले जाया गया. उपचार के दौरान विवेक की आईसीयू में मौत हो गई.

### आर-पार के मूड में सीएम ममता बनर्जी, बोलीं-

## 'जब तक मैं जिंदा हूं, किसी को लोगों का मताधिकार नहीं छीनने दूंगी'

एजेंसी । कोलकाता



बिहार के बाद अन्य राज्यों में गहन मतदाता पुनरीक्षण को लेकर सियासी विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है. विपक्ष इसे लेकर लगातार मोदी सरकार और चुनाव आयोग का विरोध कर रहा है. इस बीच, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने खुले शब्दों में चेतावनी दी है. उन्होंने कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस की छात्र शाखा की एक रैली को संबोधित करते कहा कि वह किसी को भी लोगों का मताधिकार नहीं छीनने देंगी. कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस की छात्र शाखा की रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा ने मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम हटाने के उद्देश्य से सर्वेक्षण करने के लिए देश भर से पश्चिम बंगाल में 500 से ज्यादा टीमें तैनात की हैं. रैली में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि अब आपको खुद जांच करनी होगी कि आपका नाम अभी भी मतदाता सूची में है या कट गया है. उन्होंने आगे कहा कि जब तक मैं जिंदा हूं, किसी को भी लोगों का मताधिकार नहीं छीनने दूंगी.

**चुनाव आयोग राज्य सरकार के अधिकारियों को धमका रहा :** सीएम बनर्जी ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग राज्य सरकार के अधिकारियों को धमका रहा है. उन्होंने दावा किया कि आयोग का अधिकार क्षेत्र केवल चुनाव के दौरान के तीन महीनों तक है, पूरे साल नहीं. आगे बोलते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा लोगों को स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान बंगालियों द्वारा निभाई गई भूमिका को भुलाने की कोशिश कर रही है. उन्होंने कहा कि अगर बंगाली भाषा ही नहीं है, तो राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत किस भाषा में लिखे गए हैं? वे चाहते हैं कि लोग स्वतंत्रता संग्राम में बंगालियों की ऐतिहासिक भूमिका को भूल जाएं. हम इस भाषाई आतंक को बर्दाश्त नहीं करेंगे

**वीर सावरकर का जिक्र कर घेरा :** इस दौरान सीएम ममता ने बिना नाम लिए वीर सावरकर पर भी गंभीर आरोप लगाए. उन्होंने सावरकर को अंग्रेजो का एजेंट बताते हुए कहा कि उन्होंने जेल से बाहर निकलने के लिए वचन दिए था.

**विकास के नाम पर भ्रष्टाचार में लिप्त है केंद्र सरकार :** ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जहां उनके प्रशासन ने कई सामाजिक कल्याणकारी पहल चलाईं हैं, वहीं केंद्र की भाजपा सरकार विकास के नाम पर भ्रष्टाचार में लिप्त है. ममता बनर्जी ने कहा कि हम महिलाओं के लिए 'लक्ष्मी भंडार' योजना लेकर आए हैं, जबकि भाजपा के पास 'भ्रष्टाचार भंडार' है. उन्होंने केंद्र पर भाई-भतीजावाद करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार देश को लूट रही है.

### पाकिस्तानी वायु सेना ने बलोचिस्तान में किया हवाई हमला

एजेंसी । नई दिल्ली

पाकिस्तानी वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने मंगलवार दोपहर बलोचिस्तान के बोलन क्षेत्र के माच के कुछ हिस्सों में हवाई हमले किए. आसपास के के निवासियों और सोशल मीडिया पर प्रसारित पोस्ट के अनुसार, बमबारी में गोनीपारा के पहाड़ी इलाकों के साथ-साथ उर्दू बाग और धादर के आसपास के इलाकों को निशाना बनाया गया. द बलोचिस्तान पोस्ट की खबर में यह जानकारी दी गई पर वह स्वतंत्र रूप से इन रिपोर्टों की पुष्टि नहीं कर सका. पाकिस्तान की सैन्य मीडिया शाखा आईएसपीआर या किसी भी बलोच सशस्त्र समूह ने कोई आधिकारिक बयान भी जारी नहीं किया. पाकिस्तानी अधिकारी लंबे समय से इस दावे को खारिज करते रहे हैं कि बलोचिस्तान में लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया जाता है. विश्लेषकों का कहना है कि यदि लड़ाकू विमानों के उपयोग की पुष्टि हो जाती है तो इससे यह संकेत मिलेगा कि इस्लामाबाद अब संघर्ष को एक पारंपरिक युद्ध के रूप में देखता है, भले ही वह इसे सार्वजनिक रूप से स्वीकार न करे.

## ईरान में आईआरजीसी 13 आतंकवादियों को मार डाला



एजेंसी । तेहरान

इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ग्राउंड फोर्स के कुद्स बेस को ईरान के दक्षिण-पूर्वी प्रांत सिस्तान और बलूचिस्तान में आतंकवादी समूहों के खिलाफ तीन अभियानों में बड़ी सफलता हाथ लगी है. खुफिया अधिकारियों के साथ मिलकर अंजाम दिए गए इन अभियानों में 13 आतंकी मारे गए. इनमें आतंकवादी समूह जैश अल-अदल के आठ लड़ाके शामिल हैं. ईरान की समाचार एजेंसी तस्नीम की खबर के अनुसार, इन अभियानों को बुधवार तड़के ईरानशहर, खाश और सरवन में अंजाम दिया गया. इस दौरान अनेक आतंकवादियों को गिरफ्तार भी किया गया. इस बीच, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान (फराजा) के कानून प्रवर्तन कमान के प्रवक्ता ने कहा कि दक्षिण-पूर्वी प्रांत के ईरानशहर में एक पुलिस अड्डे पर हाल ही में हुए घातक हमले में शामिल आतंकवादियों का का सफाया कर दिया गया है. जनरल सईद मोंताजरलमाहदी ने कहा कि उनके सहयोगियों ने बुधवार तड़के सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के साथ मिलकर एक सफल अभियान चलाया, जिसमें ईरानशहर के 'दमन' पुलिस स्टेशन पर हाल ही में हुए एक हमले में शामिल आठ आतंकवादियों को मार गिराया गया. इस हमले में पुलिस कर्मी शहीद हो गए थे. प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादियों के पास से हथियारों और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा जब्त किया गया है. 22 अगस्त को सशस्त्र हमलावरों ने सिस्तान और बलोचिस्तान प्रांत में खाश-ईरानशहर मार्ग पर दो पुलिस गश्ती टुकड़ियों पर घात लगाकर हमला किया था. इस हमले में पांच पुलिस अधिकारी मारे गए थे.

**पाकिस्तान** पंजाब प्रांत में मानसूनी बारिश से सभी प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रहे हैं

# सिखों का तीर्थस्थल करतारपुर डूबा, दो बांध तोड़े गए

एजेंसी । नई दिल्ली



पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मानसूनी बारिश से सभी प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं. समूचे प्रांत में बाढ़ से हाहाकार मच गया है. रावी, चिनाब और सतलुज नदियों में आई बाढ़ ने तबाही मचा दी है. सैकड़ों गांव जलमग्न हैं. फसलें नष्ट हो गईं और मवेशी बह गए. बाढ़ग्रस्त नारोवाल जिले का करतारपुर लगभग डूब गया है. करतारपुर कॉरिडोर पहले से ही जलमग्न है. दुनिया भर के सिख समुदाय का सबसे बड़ा तीर्थस्थल करतारपुर गुरुद्वारा दरबार साहिब परिसर पिछले 24 घंटे से डूबा हुआ है. प्रांत के आठ जिलों में सेना ने मोर्चा संभाल लिया है.

पाकिस्तान के उर्दू अखबार डेली जंग की आज की खबर के अनुसार, इस आपदा में गुजरांवाला संभाग में सात लोगों की मौत हो गई है. सियालकोट में मूसलाधार बारिश से आपात स्थिति पैदा हो गई है. प्रांत में अब तक 210,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है. ऊंचे स्थानों पर प्रभावित लोगों के रहने के लिए हजारों तंबू लगाए गए हैं. मस्जिदों से लगातार मदद की घोषणा की जा रही है. हेड कादिराबाद को बचाने के लिए चिनाब नदी पर बने दो बांध तोड़ दिए गए हैं. इनमें एक मंडी बहाउद्दीन और दूसरा गुजरांवाला जिले के अलीपुर चट्ठा का बांध है. बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित आठ जिलों में सेना ने जिला प्रशासन के साथ राहत और बचाव अभियान शुरू कर दिया है. बुजुर्ग कहते हैं कि 38 साल बाद रावी नदी का ऐसा रौद्र रूप दिखा है. प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) के डीजी इरफान अली काठिया के मुताबिक, अगले 48 घंटे रावी और चिनाब के लिए बेहद नाजुक हैं. कादिराबाद से पिंडी भट्टियां तक चिनाब नदी के किनारे रहने वाले निवासियों से यथाशीघ्र स्थान खाली करने का आग्रह किया गया है.

डेली जंग के अनुसार, नारोवाल में रावी नदी का पानी करतारपुर कॉरिडोर में घुस गया है. इससे सिखों के धार्मिक स्थल को भारी नुकसान पहुंचने की आशंका है. गुरुद्वारा साहिब जलमग्न नजर आ रहा है. नारोवाल रोड पर भी पानी भर गया है और शकरगढ़ हाइवे भी यातायात के लिए बंद है. रावी नदी के शकरगढ़ भेको चक में बांध में दरार आ गई है. शकरगढ़ गांव के जरमियां झंडा क्षेत्र में पानी में फंसे 21 लोगों को बचाया गया है. रावी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है. हालात को देखते हुए सिविल डिफेंस ने अलर्ट जारी कर सायरन बजाया है. दूसरी ओर, सतलुज नदी भी उफान पर है और गंडा सिंह हेड पर पानी का बहाव 245,000 क्यूसेक दर्ज किया गया है. करतारपुर कॉरिडोर पाकिस्तान में स्थित गुरुद्वारा दरबार साहिब तक भारतीय सिखों को पहुंचने की सुविधा प्रदान करता है. इसे गुरुनानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व से पहले नवंबर 2019 में खोला गया था. गुरुद्वारा दरबार साहिब करतारपुर सिख समुदाय के सबसे पवित्र तीर्थस्थलों में से एक है.

### सिक्योरिटी गार्ड को सीजीएसटी ने थमा दिया 3 करोड़ का नोटिस

**कानपुर ।** कानपुर के काकादेव क्षेत्र में स्थित एक कोचिंग सेंटर में सुरक्षा गार्ड की नौकरी करने वाले ओमजी शुक्ला को सीजीएसटी ने 3 करोड़ से अधिक का टैक्स नोटिस थमा दिया. ओमजी शुक्ला मासिक वेतन मात्र 10 हजार रुपये है. लेकिन विभागीय रिकार्ड में उनके नाम पर 17.47 करोड़ रुपये का कपड़ों का कारोबार दर्ज बताया गया है. पीड़ित ओमजी शुक्ला हंसपुरम, आवास विकास कॉलोनी के निवासी हैं. उन्हें लगभग दो सप्ताह पहले डाक के माध्यम से एक पेज का नोटिस प्राप्त हुआ था. पड़ोसियों को दिखाने पर उन्होंने इसे फर्जी बताया, लेकिन ओमजी ने एहतियातन उसे संभाल कर रख लिया. 21 अगस्त को फिर डाकिया आया और 32 पन्नों का विस्तृत नोटिस सौंप गया.

## प्रेमी से वीडियो को लेकर हुआ विवाद, काट दिया प्राइवेट पार्ट

• घटना के बाद युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

एजेंसी । हरदोई

उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. मल्लावां थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग को लेकर हुए विवाद के बाद एक युवती ने अपने प्रेमी पर धारदार हथियार से हमला कर उसका प्राइवेट पार्ट काट दिया. घटना के बाद युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

बताया जा रहा है कि प्रेमिका दूसरे धर्म से ताल्लुक रखती है. घायल युवक की पहचान राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के रहने वाले 29 वर्षीय जसवंत सिंह के रूप में हुई है. वह अपनी प्रेमिका से मिलने हरदोई आया था. दोनों के बीच पहले से ही नजदीकियां थीं और यह रिश्ता हरिद्वार में काम करने के दौरान शुरू हुआ था.

एक साल पहले युवती का परिवार हरिद्वार से हरदोई आ गया था. बताया जा रहा है कि युवक ने युवती का नहाते समय का एक वीडियो बना लिया था. जिसे लेकर वह उसे ब्लैकमेल कर रहा था. इसी बात को लेकर दोनों के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था. विवाद इतना बढ़ा कि युवती ने गुस्से में आकर धारदार हथियार से उसका गुप्तांग काट दिया. अचानक हुए हमले में युवक लहूलुहान होकर गिर पड़ा.

स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार**).
आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर,थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.